हरिभूमि

जबलपुर

सोमवार 11 मई 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

तमिलनाडु में नए राजनीतिक युग की शुरुआत

तमिलनाडु में पहली बार बनी गैर-द्रविड़ पार्टी की सरकार, डीएमके और एआईएडीएमके का दशकों पुराना दबदबा खत्म, विजय युग हो गया शुरू

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में रविवार को एक नया युग की शुरुआत हो गई है। 'तमिलगा वेत्री कड़गम' के संस्थापक जोसेफ विजय ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। यह राज्य में पहली बार है जब किसी गैर-द्रविड़ पार्टी ने सरकार बनाई है। नई सरकार के गठन के साथ ही डीएमके और एआईएडीएमके का दशकों पुराना दबदबा खत्म हो गया है। विजय के साथ में 9 और मंत्रियों ने सपथ ली है। अब विजय को 13 मई तक विधानसभा में अपना बहुमत साबित करना होगा।

'तमिलगा वेत्री कड़गम' का दबदबा

विजय के साथ ही 9 मंत्रियों ने भी ली शपथ

शपथ लेने के बाद आधिकारिक हस्ताक्षर करते मुख्यमंत्री विजय

इन 9 मंत्रियों ने ली शपथ

एन आनंद, आधव अर्जुना राजमोहन अरुमुगम राजमोहन अरुमुगमके जी अरुणराज केए, सेंगोट्टैयन, कीर्तना एस, पी वेंकटरमण और केटी प्रभु।

समारोह में पहले वंदे मातरम गाने परसीपीआई ने उठाए सवाल

सीपीआई केराज्य सचिव एम. वीरपांडियन ने रविवार को कहा कि सरकारी समारोहों में प्रोटोकॉल में 'तमिल थाई वाजथु' (तमिलनाडु का राज्य गीत) को सबसे पहला स्थान दिया जाना चाहिए। विजय के शपथ ग्रहण समारोह के बाद जारी एक पत्र में वीरपांडियन ने समारोह के दौरान गीतों के बजाए जाने के क्रम पर आपत्ति जताई।

विजय के शपथ ग्रहण में दो बार गाया गया पूरा राष्ट्र गीत

विजय के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। विजय के शपथ ग्रहण के दौरान दो बार वंदे मातरम गाया गया, जिसने लोगों के दिल को जीत लिया है। सोशल मीडिया पर लोग विजय की तारीफ कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह पहला तमिलनाडु है। विजय के शपथ ग्रहण की शुरुआत और समापन में पूरा राष्ट्र गीत वंदे मातरम गाया गया। आइए जानते हैं कि सोशल मीडिया पर लोगों की क्या प्रतिक्रियाएं हैं।

विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्वी सीट से दिया इस्तीफा

तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को हुए चुनाव में दो सीट से जीत दर्ज करने वाले मुख्यमंत्री विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्वी सीट से इस्तीफा दिया। उन्होंने पेरम्बूर सीट बरकरार रखी है।

स्टालिन ने साधा निशाना

यह मत कहने लगना पैसे नहीं है

वतमिलनाडु के 9वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इसके बाद पहले ही दिन विजय के धुर विरोधी पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने उन पर तंज कसना शुरू कर दिया है। शपथ के बाद विजय को लिखे बधाई संदेश में स्टालिन ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए उन्हें हार्दिक बधाई, लेकिन तुरंत यह कहना शुरू मत करना कि सरकार के पास पैसे नहीं हैं।

कीर्तना बनीं तमिलनाडु की सबसे युवा मंत्री और एकमात्र महिला

कीर्तना सबसे युवा मंत्री बनीं

एस कीर्तना तमिलनाडु की सबसे युवा मंत्रियों में से एक बन गई हैं। मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की पहली कैबिनेट में वह एकमात्र महिला मंत्री हैं। वह 29 साल की हैं। कीर्तना ने विरुधुनगर जिले की शिवकासी सीट से जीत हासिल की। इसे 'भारत की पटाखा राजधानी' भी कहा जाता है। उन्होंने तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के टिकट पर चुनाव जीता।

खबर संक्षेप

90 दिन बाद बदलेगा गैस उपभोक्ता का फोन नंबर

नई दिल्ली। लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की किल्लत के बीच अब उपभोक्ताओं को फोन नंबर बदलने के लिए 90 दिन इंतजार करना पड़ेगा। पेट्रोलियम कंपनियों ने पोर्टल पर तत्काल फोन नंबर बदलने की प्रक्रिया स्थगित कर दी है। बायोमीट्रिक जांच के साथ ही केवाईसी होगी। नए नियम से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ेगी।

डिवाइडर से टकराया कैंटर, तीन की मौत

हापुड़। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में ढाई साल के मासूम और 2महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।हापुड़ जिले के बहादुरगढ़ थाना इलाके में रविवार तड़के गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में 2 महिलाओं और मासूम की मौत हो गई।

एक और प्रसूता की मौत और 2 की किडनी फेल

कोटा। राजस्थान के कोटा जिले में न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद दो प्रसूताओं की मौत और चार महिलाओं की तबीयत बिगड़ने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब संभाग के सबसे बड़े जेके लोन अस्पताल से भी गंभीर मामला सामने आया है। प्रसूता की सिजेरियन के बाद मौत हो गई।

यादव को बिश्नोई की धमकी, मांगे 10 करोड़

नई दिल्ली। बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव को 10 करोड़ की फिरौती की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें एक विदेशी व्हाट्सएप नंबर से दी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को रणदीप मलिक बताया और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का दावा किया।पैसे न देने पर उन्हें दो दिन के भीतर गोली मारने की धमकी दी गई है।

एअर इंडिया में 3 साल में 1000 कर्मियों की छुट्टी

मुंबई। यहां एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि पिछले तीन वर्षों में कंपनी ने 1000 से अधिक कर्मचारियों को नैतिक उल्लंघन के मामलों में नौकरी से हटाया है। यह कार्रवाई नियमों का उल्लंघन, गलत तरीके से सुविधाओं का उपयोग और विमानन सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर की गई है।

पीएम मोदी ने तेलंगाना में 9,400 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया

जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया बड़ा हमला

कांग्रेस ने डीएमके की पीठ में छुरा घोंपा सत्ता बदलते ही कांग्रेस ने मार ली पलटी

बेंगलुरु से पीएम मोदी पहुंचे तेलंगाना और कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु से पीएम तेलंगाना पहुंचे। यहां हैदराबाद में उन्होंने 9,400 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शाम को पीएम गुजरात जाएंगे, रविवार रात को जामनगर में रुकेंगे। 11 मई को सुबह करीब 10.15 बजे सोमनाथ मंदिर में 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में शामिल होंगे। बाद में वे वडोदरा में सरदारधाम हॉस्टल' का उद्घाटन करेंगे। यहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम ने बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नव-निर्मित मंदिर में पूजा की।यहां पर पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके के बीच पिछले 25-30 साल से करीबी संबंध रहे हैं। डीएमके ने कई बार कांग्रेस को संकट से बाहर निकाला। 2014 से पहले केंद्र में 10 साल तक चली कांग्रेस सरकार भीडीएमके के समर्थन की वजह से ही टिकी रही। डीएमके ने हर समय कांग्रेस के हित में काम किया, लेकिन जैसे ही सत्ता का समीकरण बदला, कांग्रेस ने डीएमके की पीठ में छुरा घोंप दिया।

तेलंगाना में 50 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा

पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त आंध्र के समय रेलवे का बजट 1000 करोड़ से भी कम था। आज सिर्फ तेलंगाना का रेलवे बजट ही करीब 5,500 करोड़ का है। राज्य में इस समय लगभग 50 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

साइबराबाद देश के तेज विकास का बड़ा केंद्र

हैदराबाद में पीएम मोदी ने कहा कि साइबराबाद का सामर्थ्य राष्ट्रीय भी है और ग्लोबल भी है। यह तेलंगाना और देश के तेज विकास का बड़ा केंद्र है। इसलिए यहां तेलंगाना को बड़ा मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस बनाने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए जा रहे हैं। आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

तेलंगाना के विकास के लिए तेज गति से काम करेगी केंद्र सरकार

पीएम मोदी ने कहा कि मैं तेलंगाना के हर परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि केंद्र उनके सपनों को पूरा करने के लिए और तेज गति से काम करती रहेगी।उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है। मलकापुर में नए इंडियन ऑयल टर्मिनल का उद्घाटन इसी दिशा में अहम कदम है, जो तेलंगाना की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा।

आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर ऐतिहासिक क्षण आया सामने

आर्ट ऑफ लिविंग में ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया

आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के साथ आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक के 70वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सहभागिता की। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने पर ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया। मध्यप्रदेश से हजारों साधक ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनने बेंगलुरु पहुंचे।

कर्नाटक में हाई अलर्ट

बेंगलूरू में पीएम मोदी की यात्रा से पहले संदिग्ध सामग्री बरामद

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पहले बेंगलूरू में सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सतर्कता बरतनी पड़ी। रविवार सुबह सुरक्षा जांच के दौरान कार्यक्रम स्थल से करीब 3 किलोमीटर दूर फुटपाथ के किनारे दो जिलेटिन स्टिक बरामद की गईं। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरे रूट और आसपास के क्षेत्रों की गहन जांच कर रही थीं। इसी दौरान संदिग्ध वस्तु दिखाई दी।

हैदराबाद में बड़ा संदेश

विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और आधारशिला रखी

पीएम मोदी ने हैदराबाद में लगभग 9,400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में कार्यक्रम हुआ।

पीएम ने मेगा टेक्सटाइल पार्क का भी उद्घाटन किया: हैदराबाद-पणजी आर्थिक गलियारे के अंतर्गत गुडेबेल्लूर से महबूबनगर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-167 को 4 लेन में विकसित करना प्रमुख है। मेगा टेक्सटाइल पार्क का उद्घाटन किया।

केरल में सीएम की नियुक्ति

टेंशन में कांग्रेस... गुटबाजी को लेकर राहुल गांधी नाराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के सीएम पद के उम्मीदवार को लेकर कांग्रेस के अंदर शनिवार को खींचतान तेज हो गई। पार्टी हाईकमान के आवास पर तीन दावेदारों वी डी सतीशन, के सी वेणुगोपाल और पूर्व राज्य कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चेन्निथला के साथ 3 घंटे तक गहन चर्चा हुई। किसी भी दावेदार पर सहमत नहीं बन सकी। तीनों को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष सनी जोसेफ के साथ मिलकर सड़क पर विरोध प्रदर्शन न करने की संयुक्त अपील जारी की। सतीशन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे तीनों नेताओं के समर्थकों द्वारा राज्य भर में लगाए गए सभी फ्लेक्स बोर्ड और बैनर शनिवार रात तक हटा दें।

सड़कों पर समर्थन न दिखाएं

राहुल ने केरल की सड़कों पर कांग्रेस के अभूतपूर्व गुटबाजी प्रदर्शन पर कड़ा रुख अपनाया है और कहा दिया है कि इसने विधानसभा चुनावों में यूडीएफ की शानदार जीत की चमक को धूमिल कर दिया है। राहुल इस पर बेहद नाराज थे। उन्होंने उम्मीदवारों से कहा कि भारी जनादेश को देखते हुए दबाव बनाने के हथकंडे न अपनाएं।

रंगासामी 13 को पुडुचेरी के सीएम की लेंगे शपथ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एन. रंगासामी को पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। उप-राज्यपाल कैलाश नाथन ने रंगासामी को केंद्रशासित प्रदेश में नए सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। वे 13 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वे पांचवी बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री होंगे। ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस-के नेतृत्व में एनडीए ने 9 अप्रैल को हुए चुनाव में बहुमत हासिल किया है।

बंगाल में बड़ा फेरबदल

सुवेंदु ने शांतनु समेत कई अधिकारियों को किया इधर-

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में नवगठित सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में आने वाले महीनों में पुलिस और प्रशासनिक ढांचे में बड़े स्तर पर फेरबदल किया है। शपथ के 24 घंटे के अंदर राज्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय की नौकरशाही संरचना में व्यापक बदलाव किए हैं। पूर्व सीएम ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले पूर्व केंद्रीय कार्यालय से जुड़े 16 नौकरशाहों को बदल दिया गया है। पूर्व अधिकारियों में सबसे प्रमुख नाम 2014 बैच के आईएएस शांतनु मुखोपाध्याय का है। टीएमसी से संबद्ध सरकारी कर्मचारी संघ के शीर्ष नेता व केंद्रीय कार्यालय में तैनात प्रताप नायक का तबादला दार्जिलिंग में किया है।

राजस्थान में खुलासे से हड़कंप

60 लाख में बिका कृषि विज्ञान का पेपर, गिरोह के 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में वर्ष 2022 की प्राध्यापक/स्कूल व्याख्याता (कृषि विज्ञान) भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने बड़ा खुलासा करते हुए तत्कालीन आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा समेत 3आरोपियों को गिरफ्तार किया है। संगठित गिरोह ने फर्जी डिग्री, बैकडेट मार्कशीट और लीक प्रश्नपत्रों के जरिए अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी दिलाने का खेल रचा था। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि ओपीजेएस विवि से बैकडेट में बीएड और एमएससी एग्रीकल्चर की फर्जी मार्कशीट तैयार कर अभ्यर्थियों को भर्ती कराया गया।

निलंबित टीएमसी नेता दत्ता ने लगाए गंभीर आरोप

शीर्ष नेतृत्व को लेनी होगी हार की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार के साथ आईपैक को बताया कारण

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। टीएमसी के निलंबित नेता रिजु दत्ता ने पार्टी की कार्यप्रणाली, चुनावी रणनीतिकार संस्था आई पैक और संगठन के भीतर बढ़ते भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में हलचल बढ़ी

कंपनी ने ममता को अंधेरे में रखा

दत्ता ने कहा कि आज प्रातिक जैन कहां हैं? उन्होंने टीएमसी से पैसा कमाया और बाजार से भी फंड जुटाया। उन्होंने आरोप लगाया कि आईपैक केवल पार्टी को चला रही थी और पार्टी सुप्रीमो ममता को स्थिति से अंधेरे में रखा गया।

निचले स्तर के भ्रष्टाचार ने भी छवि खराब की

दत्ता ने जमीनी कार्यकर्ताओं पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि निचले स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनता के खिलाफ अत्याचार और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया, जिससे आम लोगों में पार्टी की छवि खराब हुई।

मातृ दिवस पर केंद्र सरकार ने शुरू किया विशेष अभियान

उत्तर मुंबई में गर्भवती पोषण किट का वितरण किया

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री गोयल ने जरूरतों पर रखा ध्यान

एजेंसी ▶▶ उत्तर मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को मातृ दिवस पर उत्तर मुंबई में गर्भवती पोषण किट का वितरण किया।इस दौरान गोयल ने कहा कि इस किट में हर उस जरूरत की चीज का ध्यान रखा गया है जो गर्भावस्था के आखिरी के दिनों में एक माता और बच्चा के लिए आवश्यक होती है। इसमें बच्चे के शुरुआती दिनों की जरूरी का ध्यान रखा गया है। इससे बच्चा और मां दोनों सेहतमंद रहेंगे। उन्होंनेकहा कि इस कल्पना को आगे बढ़ाते हुए हम पूरे उत्तर मुंबई के अलग-अलग इलाकों में इस किट को बांटेंगे, ताकि किसी भी निम्न-मध्यम परिवारों की मां और बहनों को कोई समस्या न हो।

किसानों की खुशहाली पर भी की बात

गोयल ने इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर के अध्यक्ष डॉ. एमजे खान के साथ बैठक की और देश के किसानों के जीवन स्तर को और बेहतर बनाने की पहलों पर चर्चा की, दक्षिण के विकास को बढ़ावा देने के तहत अफ्रीकी देशों के साथ भारत का कृषि विशेषज्ञता को साझा करने पर बात की।

खान एक जाना पहचाना नाम

खान जाने माने भारतीय कृषि विशेषज्ञ और नीति विश्लेषक हैं। वे कृषि व्यवसाय, कृषि नीतियों और सतत विकास के क्षेत्र में एक अग्रणी आवाज हैं, जिन्होंने जैविक खेती पर राष्ट्रीय नीति और वैश्विक कृषि नेतृत्व शिखर सम्मेलन जैसी पहलों का नेतृत्व किया है।

मैं सभी माताओं की वंदना करता हूं

गोयल ने कहा कि हम निम्न-मध्यम परिवारों की मां और बहनों को पोषण के आधार पर तैयार की हुई किट दे रहे हैं। हर महीने यह किट दी जाएगी, जिससे मां और बच्चा दोनों तंदुरुस्त रहे। इस कार्यक्रम को पूरे उत्तर मुंबई में चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि हमारी माताएं और बहनें हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और लक्ष्मी और मां दुर्गा का स्वरूप हैं इसलिए कोई गलत काम कर तो उसे हमारी माताएं-बहनें छोड़ेंगी नहीं। आप हर स्वरूप में देश के निर्माण में जो योगदान दे रही हैं, मैं उसका वंदन करता हूं।

योगी कैबिनेट में 6 नए चेहरे

भूपेंद्र व मनोज बने कैबिनेट मंत्री व बाकी सब राज्यमंत्री

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्रिपरिषद का रविवार को विस्तार हुआ है। भूपेंद्र चौधरी और मनोज पांडे कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। सोमेंद्र तोमर और अजीत पाल सिंह को स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री बनाया गया। कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री बनाया गया। नए चेहरों में 2 राज्य मंत्रियों को प्रमोशन देकर स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की एक नेक पहल है। सबका साथ सबका विकास की झलक है।

इन नेताओं ने भी ली शपथ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। यूपी कैबिनेट में छह मंत्री बने, दो का प्रमोशन हुआ है।

जबलपुर
सोमवार 11 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -11
वर्ष : 21, अंक : 11
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 29
न्यून. 18

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्रीय राज्यमंत्री पेम्मासानी ने कहा

देश में 2500 किलोमीटर की नई सड़कें और बनेंगी

प्रोजेक्ट का रिमोट से शुभारंभ करते हुए

सीएम भैरुंदा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जन-मन) के कार्यों के शुभारंभ समारोह में बोले

पीएमजीएसवाय में प्रदर्शन की तीन कैटेगरी में मप्र देश में पहले एवं दूसरे स्थान पर

ग्रामीण कनेक्टिविटी के मामले में मप्र देश में पहले स्थान पर पहुंचा

- छोटे-बड़े कस्बों, गांव देहात, टोले-मजरे और अंतिम छोर तक पहुंचीं पक्की सड़कें
- प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए मध्यप्रदेश को 2055 करोड़ रु. की मदद मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक योजना ही पूरे देश के ग्रामीण इलाकों की तकदीर बदल सकती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने यह संभव कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश ग्रामीण कनेक्टिविटी के मामले में देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

सीएम ने पुष्प वर्षा कर जनता का स्वागत किया

गांव देहात की सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की आधार रेखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गांव-देहात की सड़क एक रास्ता भर नहीं होती, यह विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मानजनक जीवन की आधार रेखा होती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने देश के गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। पीएमजीएसवाय-फोर ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

शिवराज ने पीएम-जन-मन योजनाओं के स्वीकृति आदेश मुख्यमंत्री को सौंपे

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने पीएमजीएसवाय-फोर एवं पीएम-जन-मन योजनाओं के स्वीकृति आदेश मुख्यमंत्री को सौंपे। इसके तहत उन्होंने मप्र को वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित निधि का 830 करोड़ रुपए सांकेतिक आवंटन मुख्यमंत्री को सौंपा। इस दौरान देश के अन्य राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को डिजिटल माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए पीएमजीएसवाय से संबंधित निधि 18 हजार 907 करोड़ रुपए का सांकेतिक वित्तीय आवंटन जारी किया गया।

देशभर में 1 लाख 7 हजार से अधिक ग्रामीण बस्तियों को मुख्य सड़क से जोड़ा जा चुका

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से गांव और शहर की दूरी कम हुई है। आज किसान अपना अनाज शहर की मंडियों में बेच रहा है। गर्भवती महिलाएं समय पर अस्पताल और बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल जा रहे हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय फील्ड में जाकर बेहतर कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री ने देश में तीन करोड़ दीदियों को लखपति बनाने का संकल्प लिया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-4 में हम देश में 2500 किलोमीटर की नई सड़कें बनाएंगे।

हैदराबाद में विकास और राजनीति का एक दिलचस्प नजारा

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री मोदी के पुराने कामों की तारीफ की

तो, पीएम मोदी ने दिया रेवंत को ऑफर .....उनसे बेहतर है कि आप मुझसे जुड़ें

पीएम ने कहा कि आपको उतना सब कुछ देने के लिए तैयार हूं, जितना भारत सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में गुजरात को दिया है

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बीच रविवार को दिलचस्प संवाद देखने को मिला। दरअसल, एक कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी ने गुजरात मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी की मदद की थी, वैसे ही पीएम मोदी भी तेलंगाना को आशीर्वाद दें और विकास में साथ दें। इस पर पीएम मोदी ने मजाकिया लहजे में कहा कि अगर मैं गुजरात वाला फॉर्मूला (उस समय की केंद्र सरकार द्वारा दी गई मदद) लागू कर दूं, तो तेलंगाना को आज जो मिल रहा है, वह आधा हो जाएगा। कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अब, रेवंत ने कहा था कि हम राजनीति के बारे में बात नहीं करेंगे।

नरेंद्र मोदी

सुनते ही मंच पर हंस पड़े तेलंगाना के सीएम

पीएम मोदी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी

सीएम विजय को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को उनके शपथ ग्रहण पर बधाई देते हुए राज्य के विकास के लिए केंद्र के पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। हालांकि, इस बधाई के साथ ही पीएम ने विजय की पार्टी टीवीके की सहयोगी कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

पीएम बोले
- जैसे ही मैं मदद करूंगा आपको जो कुछ भी मिल रहा है, वह आधा रह जाएगा
- आप जहां भी पहुंचना चाहते हैं, वहां पहुंच नहीं पाएंगे

तेलंगाना में 9,400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

पीएम मोदी ने रविवार को हैदराबाद के एचआईसीसी में डिजिटल माध्यम से तेलंगाना में लगभग 9,400 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया।

कांग्रेस को परजीवी और धोखेबाज बताया

पीएम मोदी ने तमिलनाडु की राजनीति में आए हालिया बदलावों के बीच कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उसे परजीवी और पीठ में छुरा घोंपने वाली पार्टी करार दिया है। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 से पहले यूपीए सरकार को चलाने में डीएमके ने बड़ी भूमिका निभाई थी, लेकिन राजनीति का रुख बदलते ही कांग्रेस ने अपने पुराने साथी को धोखा दे दिया। कांग्रेस अब प्रासंगिक बने रहने के लिए नई बैसाखियों की तलाश में है। डीएमके ने भी कांग्रेस की इस अवसरवादी राजनीति की आलोचना करते हुए उसे विश्वासघाती बताया है।

फिल्मी अंदाज में थलापति विजय शपथ लेते हुए

थलापति का 'विजय' तिलक

'बाहुबली' स्टाइल में ली शपथ थलापति-थलापति के नारे गूंजे

- मुख्यमंत्री बनते ही एक्शन में विजय, पहला ऑर्डर 200 यूनिट बिजली फ्री
- बोले विजय- मैं कोई फरिश्ता या चमत्कारिक पुरुष नहीं, साधारण आदमी हूं

विजय और राहुल गांधी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने रील और रियल लाइफ के अंतर को पूरी तरह मिटा दिया। सुपरस्टार थलापति विजय के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के दौरान स्टेडियम का माहौल किसी विशाल फिल्म सेट में तब्दील हो गया था। प्रशंसकों का जोश और नारों की गूंज वैसी ही थी, जैसी कभी बड़े पर्दे पर 'बाहुबली' के शपथ ग्रहण के दौरान माहिष्मती की जनता में देखी गई थी।

एक्ट्रेस तृषा कृष्णन भी पहुंचीं

तृषा कृष्णन

इस समारोह में विजय का पूरा परिवार पहुंचा। साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन भी पहुंचीं। इस दौरान तृषा कृष्णन ने थलापति विजय की मां शोभा चंद्रशेखर से मुलाकात की और उन्हें गले लगाया।

खबर संक्षेप

मारपीट से दो युवकों की मौत, भीड़ ने दुकान फूंकी

सागर। जिले के शाहपुर में शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा कथित मारपीट में दो युवकों की मौत के बाद रविवार को भारी बवाल हो गया। विवाद के दौरान कर्मचारियों ने नीरज प्रजापति और उसके साथी की बेरहमी से पिटाई कर दी थी, जिससे नीरज की मौके पर और दूसरे युवक की अस्पताल में मौत हो गई। इस दोहरी मौत की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

अब जीमेल खुद लिखेगा आपके लिए ईमेल

नई दिल्ली। गूगल अपने ईमेल प्लेटफॉर्म जीमेल में एआई से जुड़े बड़े बदलाव ला रहा है। कंपनी ने अपने हेल्प मी राइट फीचर को और ज्यादा स्मार्ट बना दिया है। इसे भारत सहित 180 से अधिक देशों के लिए रोल आउट कर दिया है। अब यूजर्स को ईमेल ड्राफ्ट करने के लिए घंटों मेहनत नहीं करनी होगी। गूगल की तकनीक की मदद से आपको बस कुछ शब्द लिखकर निर्देश देना होगा और एआई चंद सेकंड में पूरा ईमेल तैयार कर देगा।

टीएमसी नेता ने आईपीएस अजय पाल से मांगी माफी

नई दिल्ली। टीएमसी के निलंबित प्रवक्ता रिजु दत्ता ने आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के खिलाफ की गई टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांग ली है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर रिजु ने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी व्यक्तिगत नहीं थी, बल्कि पार्टी लाइन के तहत दे गई थी। उन्होंने राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर वह वीडियो बनाया था।

मप्र को वाइल्डलाइफ लीडर बनाने की तैयारी

कूनो पार्क में बोत्सवाना से आईं दो मादा चीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर


आज सीएम डॉ. यादव इन्हें खुले वन में छोड़ेंगे

वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में मध्य प्रदेश एक वैश्विक मॉडल बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश अब टाइगर स्टेट की पहचान से आगे बढ़कर वाइल्डलाइफ लीडर बनने की तैयारी कर रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सोमवार को कूनो नेशनल पार्क के दौरे पर रहेंगे, जहां वे बोत्सवाना से लाई गईं दो मादा चीतों को उनके बाड़े से मुक्त कर खुले वन क्षेत्र में छोड़ेंगे।

अभी तीन दिन और बढ़ेगी गर्मी

मई की पहली लू चली रतलाम में पारा 45.5

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


भोपाल में पारा आधा डिग्री गिरकर 40.4 डिग्री

प्रदेश भर में अभी गर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। रविवार को रतलाम में दिन का पारा प्रदेश में सर्वाधिक 45.5 डिग्री रहा, जो सीजन का सबसे अधिक तापमान रहा। इस साल मई में पहली बार रतलाम में लू का असर रहा। दिन का पारा सामान्य से 5.8 डिग्री अधिक रहा है। भोपाल में पारा दशमलव 6 डिग्री गिरकर 40.4 डिग्री रहा।

3 आईपीएस अफसरों के तबादले

बुरहानपुर के नए एसपी बने आशुतोष बागरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डीआईजी राकेश सगर को पीएचक्यू भेजा

राज्य सरकार ने 3 आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आशुतोष बागरी को बुरहानपुर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया है। पिछले हफ्ते 2 मई को हुए 62 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर में बुरहानपुर एसपी देवेंद्र पाटीदार को झाबुआ का पुलिस अधीक्षक बनाया था। पिछले कुछ महीनों से सागर में पुलिस अधीक्षक की पोस्टिंग की चर्चा पुलिस मुख्यालय में चल रही थी।

शहडोल में दर्दनाक हादसा

भाजयुमो नेता सहित दो को अज्ञात वाहन ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

ब्यौहारी में शादी से लौट रहे दोनों हाईवे पर रातभर पड़े रहे शव

जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक भीषण सड़क हादसे में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नेता राहुल द्विवेदी और उनके मित्र अतुल तिवारी की दर्दनाक मौत हो गई। यह दुर्घटना शहडोल-रीवा हाईवे पर जोरा पुलिया के पास हुई, जहां किसी अज्ञात भारी वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

शेरदिल बच्चा : पिपरिया क्षेत्र में खौफनाक मंजर के बीच बालक का प्रेरणादायक साहस

घायल सत्यम का अस्पताल में इलाज हुआ और उसकी हालत अब स्थिर

मौत को मात! 13 साल का सत्यम तेंदुए से भिड़ा गर्दन पकड़कर धकेल दिया, बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के पिपरिया क्षेत्र से दिल दहला देने वाली लेकिन उतनी ही प्रेरणादायक घटना सामने आई है, जहां 13 वर्षीय बच्चे ने तेंदुए जैसे खूंखार जंगली जानवर का सामना कर न सिर्फ अपनी जान बचाई बल्कि पूरे गांव को भी बड़ी अनहोनी से बचा लिया। मामला पिपरिया फॉरेस्ट बीट के अंतर्गत आने वाले कुर्सी खापा गांव का है, जहां शनिवार शाम खेतों के पास बच्चों की सामान्य खेलकूद की आवाजें अचानक चीख-पुकार में बदल गईं। 13 साल का सत्यम ठाकुर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था, तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमला की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुछ पल के लिए वहां मौजूद लोग भी स्तब्ध रह गए। इस खौफनाक मंजर के बीच सत्यम ने ऐसा साहस दिखाया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। तेंदुए के पंजों से खुद को बचाने के लिए बच्चे ने बिना घबराए उसकी गर्दन पकड़ ली और पूरी ताकत से उसे पीछे धकेल दिया। कुछ सेकंड तक दोनों के बीच संघर्ष चलता रहा। इस दौरान तेंदुए के नाखून सत्यम के पेट और पैरों में गहरे लग गए, जिससे वह घायल हो गया, लेकिन उसने हार नहीं मानी और लगातार शोर मचाता रहा। बच्चे की चीख सुनकर आसपास मौजूद परिजन और ग्रामीण डंडे लेकर मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों के पहुंचते ही शोर और भीड़ बढ़ी, जिससे तेंदुआ घबरा गया और जंगल की ओर भाग निकला।

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल सत्यम ठाकुर को तत्काल पिपरिया अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसका इलाज किया और बताया कि उसकी हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। फिलहाल वन विभाग ने इलाके में अलर्ट जारी कर दिया है और गश्त बढ़ा दी गई है।

सत्यम ठाकुर

फाइल फोटो

क्षेत्र में बढ़ी तेंदुओं की संख्या

पिपरिया से लगे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के जंगलों में तेंदुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले तीन महीने के दौरान पिपरिया सर्कल में 20 से अधिक तेंदुए देखे गए हैं। रिजर्व के अधिकारियों ने बताया कि जो तेंदुए दिख रहे हैं वह ग्रामीण क्षेत्र के आसपास ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। जंगल के घने क्षेत्र में इनकी संख्या और ज्यादा हो सकती है।

लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित कहानी पर बनेगी फिल्म

मुंबई। कुछ फिल्में सिर्फ फिल्में नहीं होतीं, वो लोगों की यादों का हिस्सा बन जाती हैं। लगान भी ऐसी ही एक फिल्म है। आज भी जब क्रिकेट मैच में 'बार-बार हां'जैसा गाना सुनाई देता है, तो लोगों को लगान की याद आ जाती है। अब आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर एक बार फिर ऐसी फिल्म के साथ वापसी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों एक नई क्रिकेट बेस्ड फिल्म पर काम कर रहे हैं, जो भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर तेजी से काम चल रहा है और इसकी शूटिंग सितंबर 2026 से शुरू हो सकती है। इस बार कहानी पूरी तरह अलग होगी। जहां लगान एक काल्पनिक कहानी थी।

लाइफ Style

दिशा

द पोर्टल ऑफ फोर्स में आएंगी नजर

दिशा पाटनी अब हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें उनका किरदार शानदार है। उन्होंने फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को भी बताया है। भारत की कई अभिनेत्रियों ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस कड़ी में नया नाम दिशा पाटनी का जुड़ने वाला है। अभिनेत्री हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। वह फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आने वाली हैं। इसमें वह जेसिका का रोल करेंगी। उनका कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उन्हें अपनी एक्टिंग स्किल्स को बड़े पैमाने पर एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। बताया जाता है कि यह फिल्म 'स्टैटीगॉड्र्स होलीगॉड्र्स सागा' की पहली फिल्म है। यह सुपरनैचुरल एक्शन-थ्रिलर है। इस फिल्म का निर्देशन केविन स्पेसी ने किया है। 20 साल से ज्यादा समय बाद वे इस फिल्म से निर्देशन में वापसी कर रहे हैं। दिशा पाटनी ने बताया कि एक इंटरनेशनल फिल्म में काम करने का अनुभव उनके लिए रोमांचक और डरावना रहा। उन्होंने कहा 'मैं इस बेहद खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। अपने पहले इंटरनेशनल प्रोजेक्ट में कदम रखना मेरे लिए रोमांचक और डरावना दोनों था। अपनी एक्टिंग स्किल्स को एक्सप्लोर करने का बड़ा मौका था। अनुभवी और अलग-अलग तरह के कलाकारों के साथ काम करना अपने आप में एक सीखने का अनुभव था।'उन्होंने आगे कहा, 'स्क्रीन पर ईमानदारी हर जगह एक जैसी होती है।

हॉलीवुड मसाला

यौन उत्पीड़न केस हुआ खारिज

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर विल स्मिथ को बड़ी राहत मिली है। 57 साल के सुपरस्टार से जुड़े यौन उत्पीड़न केस को कैलिफोर्निया की एक अदालत ने खारिज कर दिया है। यह मामला विल स्मिथ की 2025 की टूर टीम से जुड़ा था, जिसमें उन पर सेक्सुअल हैरसमेंट और गलत तरीके से नौकरी से निकालने का आरोप लगा था। मेन इन ब्लैक' और द परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस के एक्टर पर एक वायलिन बजाने वाले म्यूजिशियन ने ये संगीन आरोप लगाए थे। बीते साल इस केस को लेकर विल स्मिथ की सोशल मीडिया पर खूब खींचतान हुई थी।

द डेविल वियर्स प्राडा का बनेगा तीसरा पार्ट

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। भारत में भी यह फिल्म करोड़ों रुपये में कमाई कर रही है। इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों को लगभग 20 साल का इंतजार करना पड़ा। वहीं, डायरेक्टर डेविड फ्रैंकल 'द डेविल वियर्स प्राडा 3' बनने की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। हाल ही में डेविड फ्रैंकल ने कहा, 'देखिए, हमें यह फिल्म बनाने में 20 साल लग गए। जबकि मैंने कहा था कि अब कभी नहीं। फिर भी हम यहां पर हैं। इसलिए मैं दोबारा यह नहीं कहूंगा कि 'अब कभी नहीं'। देखते हैं कि आगे क्या होता है। अगर किरदारों के साथ दोबारा जुड़ने और इन शानदार एक्टर्स के साथ कुछ महीने बिताने का मौका मिला तो मुझे बहुत खुशी होगी।' इस तरह से कहीं ना कहीं फिल्ममेकर डेविड ने फिल्म के पार्ट 3 को लेकर हिंट दिया है।

सारा ने श्रेया के साथ शेयर किया फनी वीडियो

मुंबई। सारा अली खान ने रविवार इंस्टाग्राम पर गायिका श्रेया घोषाल के साथ एक फनी वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के साथ सारा ने एक शायरी भी लिखी है। सारा ने लिखा- 'सारा ने गाना गाया, श्रेया मैम के रूह को सताया, फिर उन्हें हमने थोड़ा साइड हटाया और अनमोल कला का मतलब बताया'। सारा के इस मजेदार वीडियो पर श्रेया घोषाल ने कमेंट किया है। श्रेया ने लिखा, 'तुम बहुत प्यारी हो सारा अली खान। तुम्हारे साथ कितना मजा आया।' सारा की इस पोस्ट पर रकुल प्रीत ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। वहीं सारा के फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आया। एक फैन ने लिखा, वाह सारा तुमने कमाल कर दिया। दूसरे ने लिखा, 'बहुत ही शानदार, दोनों महिलाएं बेहद खूबसूरत लग रही हैं'।



सोनम ने दूसरे बेटे की दिखाई झलक...

नई दिल्ली। अभिनेत्री सोनम कपूर और उनके पति आनंद आहूजा ने अपने दूसरे बेटे के नाम की घोषणा रविवार को कर दी है। सोनम ने 29 अप्रैल को अपने दूसरे बेटे को जन्म दिया था। जन्म के लगभग 11 दिन बाद कपल ने सोशल मीडिया पर अपने नवजात के नाम के बारे में जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने नाम के पीछे छिपे आध्यात्मिक अर्थ के बारे में भी बताया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर दो फैमिली पिक्चर शेयर की हैं। इनमें सोनम और आनंद के साथ उनके दोनों बेटे नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही कपल ने अपने नवजात बेटे की झलक भी दिखाई है। हालांकि, दोनों ही बेटों के चेहरे को तस्वीरों में नहीं दिखाया है। इन तस्वीरों के साथ ही सोनम ने कैप्शन में एक लंबा सा नोट लिखा है। इसमें उन्होंने बताया कि कपल ने अपने दूसरे बेटे का नाम रुद्रलोक रखा है।

टीवी मसाला

शिल्पा करेंगी कॉमेडी कुकिंग शो 'मां है ना' को होस्ट...

मुंबई। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बतौर होस्ट एक शो की कमान संभालने वाली हैं। वे कॉमेडी कुकिंग शो होस्ट करेंगी, जिसमें जेन-जी सेलेब्स अपनी मां के साथ हिस्सा लेंगे। इस शो का नाम है- 'मां है ना'। 10 एपिसोड की यह नॉन-फिक्शन सीरीज छह जेन जेड सेलेब्रिटीज और उनकी मांओं को एक साथ लाएगी। यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगा। जी-5 ने रविवार को शो की घोषणा की है। इसमें जेन-जी सेलेब्स और उनकी मांओं के बीच कुकिंग चैलेंज, दिल को छू लेने वाली बातचीत और परिवार के बीच प्यार भरे पल देखने को मिलेंगे। शो' मां है ना' के जरिए रसोई के परिवेश के जरिए आधुनिक जेनेरेशन-Z के लाइफस्टाइल और पारंपरिक मैटरनल सूझबूझ के बीच टकराव देखने को मिलेगा, वह भी मजेदार अंदाज में। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करके इस शो को लेकर अपडेट भी दिया है। उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'मैं एक नए शो के साथ वापस आ गई हूं! स्वाद, ड्रामा और मां का जजमेंट परोसते हुए... थोड़ा-सा मेसी, ढेर सारी मस्ती और एकदम जादू! मां है ना। जल्द आ रहा है, सिर्फ जी5 पर'। इस शो के प्रोड्यूसर्स निर्माताओं के अनुसार, यह शो इस बात पर फोकस करता है कि जब दो पीढ़ियों को एक-एक रेसिपी के जरिए सच में एक-दूसरे की बात सुननी पड़ती है, तो क्या होता है'? इस सीरीज में मां और बच्चों की जोड़ियां एक साथ खाना बनाते हुए गलतफहमी, दबाव, प्यार और फिर से मिले सुकून का सामना करती नजर आएंगी।

मेरी जड़ें भारत में ही हैं : अविका

नई दिल्ली। टीवी शो 'बालिका वधू' से लोकप्रिय होने वाली अभिनेत्री अविका गौर शादी के बाद अपने पति मिलिंद चंदवानी के साथ बैंकॉक में शिफ्ट हो गई हैं। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने टेलीविजन या

फिल्मों से ब्रेक नहीं लिया है। वो अपना काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि ये कदम मिलिंद के लिए बेहतर अवसरों को देखते हुए उठाया गया है, जबकि उनके खुद के काम के सिलसिले में मुंबई से बाहर लंबे शेड्यूल तय किए गए हैं। अविका ने इस कदम के कारण प्रोजेक्ट छूटने की चिंताओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि काम आमतौर पर उनके शेड्यूल के अनुसार ही होता है और सहयोग आपसी प्रयासों पर निर्भर करता है। जब कोई मेरे साथ काम करना चाहता है, तो उसे यह प्रयास करना चाहिए। इंडस्ट्री के मेरे साथियों ने भी मेरे इस फैसले का समर्थन किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि भले ही मेरा ठिकाना अब विदेश में है, लेकिन मेरी जड़ें भारत में ही मजबूती से टिकी हैं। यहां मेरा परिवार रहता है।

महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे अर्जुन-प्रीति ने की श्री हरमंदिर साहिब में सेवा

बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल रविवार को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर की सुबह की भस्म आरती में हिस्सा लिया और पूजा-अर्चना की। इसी तरह से प्रीति जिंटा श्री हरमंदिर साहिब गईं, जहां उन्होंने सेवा की और आईपीएल 2026 के मौजूदा सीजन में पंजाब किंग्स की सफलता के लिए प्रार्थना की। एक बातचीत में एक्टर ने कहा, 'यह एक दैवीय बुलावा है, जो मुझे यहां खींच लाया है। मैंने सभी की शांति और तरक्की के लिए प्रार्थना की।'

मुंबई। सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए एक्टर ने 'मदर्स डे' के मौके पर सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'धन्य महसूस कर रहा हूं, हैप्पी संडे, हैप्पी मदर्स डे, दुनिया भर की सभी मांओं के लिए प्रार्थना की है।' रामपाल ने अपनी इस यात्रा के कुछ पल सोशल मीडिया पर भी शेयर किए। उन्होंने एक सेल्फी पोस्ट की जिसमें वह पारंपरिक केसरिया और गहरे लाल रंग का कपड़ा पहना है। इस पर वैदिक मंत्र लिखे हुए थे। इस बीच प्रीति जिंटा रविवार को श्री हरमंदिर साहिब गईं। बॉलीवुड अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन अमृतसर में मौजूद इस तीर्थस्थल पर पीले रंग का सूट पहनकर और सिर ढककर पहुंचीं। यहां प्रीति ने मीडिया से कहा 'बस बाबा जी ने बुलाया तो मैं आ गई। पंजाबी टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मुझे उम्मीद है कि वे सभी मैच जीतेंगे। हमें बहुत प्यार मिल रहा है।'

पांच साल बाद लौटेगी मनी हाइस्ट की प्रोफेसर एंड कंपनी

नई दिल्ली। स्पेनिश वेब सीरीज मनी हाइस्ट सिनेमा जगत की सबसे लोकप्रिय सीरीज फ्रेंचाइज में से एक है। अपने पांच सीजन तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली मनी हाइस्ट का आखिरी सीजन 5 साल पहले फेमस ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। प्रोफेसर एंड कंपनी की आखिरी झलक सिनेप्रेमियों को उसी दौरान देखने को मिली थी। लेकिन, अब लग रहा है कि मेकर्स ने मनी हाइस्ट के छठे सीजन की भी तैयारी कर ली है और रविवार को इसको लेकर एक बड़ा पोस्ट भी शेयर किया है। संडे को नेटफ्लिक्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक लेटेस्ट ट्वीट शेयर किया है। इस ट्वीट में मनी हाइस्ट का एक टीजर शामिल है, जिसमें पिछले पांच सीजनों का एक मोनटाज वीडियो मौजूद है। ट्वीट के कैप्शन में लिखा है- क्रांति अभी खत्म नहीं हुई है। 'ला कासा दे पापेल की दुनिया जारी है...इस ट्वीट ये साफ लग रहा है कि आने वाले समय में नेटफ्लिक्स पर मनी हाइस्ट का छठा सीजन स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, ट्वीट में सीजन 6 का जिक्र नहीं किया गया है, लेकिन इसका इशारा साफतौर पर फ्रेंचाइज की

अगली किस्त की तरफ ही जाता हुआ नजर आ रहा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो मनी हाइस्ट सीरीज से जुड़ी इस अनाउंसमेंट के बाद सिनेप्रेमियों की एक्साइटमेंड सातवें आसमान पर पहुंच गई है और हर कोई इसके लिए बेताब नजर आ रहा है। आपको बता दें कि मनी हाइस्ट एक स्पेनिश भाषा की क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एक प्रोफेसर अपनी टीम बनाता है और चेहरे पर जोकर का मास्क लगाकार बैंक और अन्य जगहों से डकैती को अंजाम दिलवाता है। स्पैनिश के अलावा इस सीरीज को हिंदी सहित अन्य कई भाषाओं में भी काफी पसंद किया गया है।

राजा शिवाजी' ने दिखाया दम, भूत बंगला की कमाई में भी उछाल

सिनेमाघरों में वीकएंड पर चमकी कृष्णावतारम और दादी की शादी

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में लगी लगभग सभी फिल्मों ने वीकएंड पर अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि नई रिलीज हुई फिल्मों पर पुरानी फिल्में भारी पड़ी है। सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में रिलीज हुई है। इनमें नई फिल्में कृष्णावतारम पार्ट 1: हृदयम, दादी की शादी शामिल है। वीकएंड पर इन फिल्मों की कमाई बढ़ी है। वहीं, सिनेमाघरों में पहले से चल रही फिल्में जैसे राजा शिवाजी, एक दिन और भूत बंगला की कमाई में बढ़ोतरी देखी गई है।

राजा शिवाजी की कमाई



रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' की कमाई में वीकएंड पर उछाल आया है। शनिवार को इसने 5.60 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। शुक्रवार को इसने 3.20 करोड़ रुपए कमाए थे। इसका टोटल कलेक्शन 61.50 करोड़ रुपए हो गया है। इसमें जेनेलिया डिसूजा, सलमान खान, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और विद्या बालन हैं।

कृष्णावतारम पार्ट 1 : हृदयम

भगवान कृष्ण पर आधारित फिल्म कृष्णावतारम पार्ट 1: हृदयम को रिलीज हुए तीन दिन हो चुके हैं। पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास नहीं कर सकी। दूसरे दिन भी इसका कलेक्शन कम रहा। तीसरे दिन इसे वीकएंड का फायदा मिला। पहले दिन इसने 42 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। दूसरे दिन इसकी कमाई 1.15 करोड़ रुपए हुई। तीसरे दिन इसने 2.25 करोड़ रुपए कमाए थे।

दादी की शादी

कॉमेडियन कपिल शर्मा की अदाकारी वाली फिल्म दादी की शादी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। वीकएंड पर इसके कलेक्शन में बढ़ोतरी हुई है। पहले दिन इसने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की। ओपनिंग डे पर इसका कलेक्शन 60 लाख रुपए रहा। दूसरे दिन इसकी कमाई 1.15 करोड़ रुपए हो गया। इसका कुल कलेक्शन 1.75 करोड़ रुपए हो गया है।

एक दिन का कलेक्शन

साई पल्लवी और जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' ने शुक्रवार को सिर्फ पांच लाख रुपये का कलेक्शन किया है। रिलीज के बाद से ही इस फिल्म की कमाई कम हो रही है। यह बॉक्स ऑफिस की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। शनिवार को इसने सिर्फ 9 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। नौ दिनों में फिल्म का कुल कलेक्शन 4.14 करोड़ रुपए हो गया है।

भूत बंगला और धुरंधर 2

अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' की कमाई में वीकएंड पर एक बार फिर उछाल आया है। शनिवार को इसने तीन करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। शुक्रवार को इसने 1.75 करोड़ रुपए कमाए थे। इसका कुल कलेक्शन 154.57 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म 'धुरंधर 2' ने शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर 90 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसका कुल कलेक्शन 1141.99 करोड़ रुपए हो गया है।

फारस की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं ने दुनिया भर की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में कतर के तट के पास एक मालवाहक जहाज को अज्ञात हथियार से निशाना बनाया गया, जिससे उसमें आग लग गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

सुरक्षित माने जाने वाले समुद्री रास्तों पर भी खतरा बढ़ गया

फारस की खाड़ी में दोहा से करीब 43 किमी दूर ब्रिटिश के मालवाहक जहाज पर हुआ मिसाइल से बड़ा हमला

एजेंसी ▶▶ दोहा

अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बावजूद इस क्षेत्र में शांति बहाल नहीं हो पा रही है। लगातार होते ये हमले वैश्विक व्यापार और समुद्री सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए हैं। रविवार को कतर की राजधानी दोहा से करीब 43 किमी दूर एक मालवाहक जहाज पर हमला हुआ। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, जहाज पर किसी प्रोजेक्टाइल से वार किया गया था। हमले के तुरंत बाद आग लग गई, जिसे क्रू मेंबर्स ने समय रहते बुझा लिया। सुरक्षित माने जाने वाले समुद्री रास्तों पर भी खतरा बढ़ गया है। फिलहाल किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, जिससे रहस्य और गहरा गया है।

हमले के तुरंत बाद आग लग गई, जिसे क्रू मेंबर्स ने समय रहते बुझा लिया

एआई इमेज

भारतीय और चीनी जहाजों पर आंच

इस विवाद की लपटों से दूसरे देश भी नहीं बच पा रहे हैं। 8 अप्रैल को एक भारतीय लकड़ी के जहाज में आग लगने से एक नाविक की जान चली गई थी। वहीं, मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले एक चीनी तेल टैंकर जेवी इनोवेशनल पर भी हमला हुआ था। इन घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय क्रू मेंबर्स के बीच डर पैदा कर दिया है। भारत और चीन जैसे देशों के लिए यह चिंता का विषय है क्योंकि उनके आर्थिक हित इस समुद्री रास्ते से गहराई से जुड़े हैं।

अमेरिका-ईरान के बीच खींचतान जारी

इलाके में तनाव का मुख्य कारण अमेरिका और ईरान के बीच की पुरानी दुश्मनी है। हाल ही में अमेरिका ने ईरान के दो तेल टैंकरों पर यह कहकर हमला किया था कि वे अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन कर रहे हैं। इसके जवाब में ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कड़ी चेतावनी दी है। ईरान का कहना है कि यदि उसके जहाजों को रोका गया, तो वह अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से पीछे नहीं हटेगा। यह जुबानी जंग अब समुद्र में हमलों में बदल रही है।

वैश्विक व्यापार पर असर

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति रास्तों में से एक है। यहाँ होने वाली जरा सी हलचल भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों को बढ़ा सकती है। बार-बार होते हमलों के कारण बीमा कंपनियों ने जहाजों का प्रीमियम बढ़ा दिया है, जिससे माल ढुलाई महंगी हो रही है। अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो आने वाले दिनों में आम जनता पर महंगाई की मार पड़ सकती है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट पर हैं।

खबर संक्षेप

अब डेटा और कोड से चल रहा आतंकः सिन्हा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सुरक्षा चुनौतियों पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि आज के दौर में हथियारों से ज्यादा खतरनाक वे आतंकी हैं, जो सीमाओं के पार बैठकर डेटा, कोड और एनक्रिप्टेड नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह डिजिटल खतरा अब भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की कड़वी सच्चाई है। श्रीनगर में करीब 4,000 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए एलजी ने बल को तकनीकी रूप से आधुनिक बनाने पर जोर दिया।



हरिद्वार जा रही तीर्थयात्रियों की पलटी बस, 7 घायल

ऋषिकेश। बदरीनाथ हाईवे पर रविवार शाम शिवपुरी के पास एक बड़ा हादसा टल गया। चारधाम यात्रा से लौट रही एक बस (यूके 14पीA0605) कलथरी डंपिंग प्वाइंट के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बस में ड्राइवर-कंडक्टर समेत कुल 25 यात्री सवार थे। पुलिस के अनुसार, चलती बस में ड्राइवर की ओर की खिड़की अचानक खुल गई थी, जिसे बंद करने के प्रयास में संतुलन बिगड़ गया। हादसे में 7 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश भेजा गया है। शेष यात्री सुरक्षित हैं, जिन्हें अन्य वाहन से गंतव्य को रवाना किया गया।



भारत-त्रिनिदाद एवं टौबैगो के बीच समझौता

पूर्वजों की जड़ों को खोजने और भारत में अपने परिवारों से जुड़ने में मिलेगी मददः जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो ने एक अहम समझौता किया है, जिससे प्रवासी भारतीय अपने पूर्वजों की जड़ों को आसानी से खोज सकेंगे। विदेशी मंत्री एस जयशंकर ने गिरमिटिया समुदाय की विरासत और संघर्ष को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच एक अभिलेखीय सहयोग समझौता हुआ है। उन्होंने बताया कि यह समझौता प्रवासी भारतीयों को अपने पूर्वजों की जड़ों को खोजने और अपने परिवारों से दोबार जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार गिरमिटिया समुदाय की विरासत को संरक्षित करने के प्रयास कर रही है। गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था। जयशंकर ने ऐतिहासिक नेल्शन द्वीप पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया।

भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच हुए समझौते का जिक्र करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि यह समझौता कैरिबियाई देश के कई लोगों को अपने पूर्वजों की जड़ों को खोजने और भारत में अपने परिवारों से जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय उच्चायोग को ओसीआई के लिए बड़ी संख्या में आवेदन मिल रहे हैं, क्योंकि पीएम मोदी की यात्रा के दौरान ओसीआई पात्रता को छठी पीढ़ी तक बढ़ाया गया था। उन्होंने कहा, उच्चायोग को मिलने वाले ओसीआई आवेदनों की संख्या बढ़ रही है और हमारा प्रयास रहेगा कि उन लोगों की भी मदद की जाए जिनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं हैं।

गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था। जयशंकर ने ऐतिहासिक नेल्शन द्वीप पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि त्रिनिदाद और टोबैगो में पहले भारतीय गिरमिटिया मजदूरों को आए हुए 180 साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने गिरमिटिया श्रमिकों के साहस और संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि कि उनकी मेहनत को हमेशा याद रखना चाहिए।

गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था

भारतीयों से मिले विदेश मंत्री

तेल कंपनियों को 10 हफ्तों में 1 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान

पश्चिम एशिया में जारी तनाव की स्थिति के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का भारत की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी पब्लिक सेक्टर की पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनियां पिछले 10 हफ्ते से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें रोजाना 1600-1700 करोड़ रुपए का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 10 हफ्तों में इन कंपनियों की कुल अंडर-रिकवरी 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुकी है। अंडर-रिकवरी का मतलब लागत से कम कीमत पर बिक्री से है।

अध्ययन केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही भारत सरकार

उन्होंने कहा कि ये प्रवासी अपने साथ अपनी परंपराएं, आस्था और जीवन शैली लेकर आए थे और यह जरूरी है कि इस इतिहास को एक धरोहर के रूप में संरक्षित किया जाए। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गिरमिटिया समुदाय का एक विस्तृत डाटाबेस बनाने और उसकी विरासत पर शोध को बहुत अहमियत देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार पीएम मोदी के निर्देश पर एक विशेष गिरमिटिया अध्ययन केंद्र स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है।

पश्चिमी नौसैनिक कमान की जिम्मेदारी वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की पश्चिमी नौसैनिक कमान में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन किया गया है। इसके अंतर्गत वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को पश्चिमी नौसैनिक कमान का नया फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ नियुक्त किया गया है। वाइस एडमिरल वात्स्यायन वर्तमान में उप नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। अब देश की सबसे रणनीतिक नौसैनिक कमानों में से एक की जिम्मेदारी संभालेंगे। गौरतलब है कि पश्चिमी नौसैनिक कमान का मुख्यालय मुंबई में स्थित है। इस नौसैनिक कमान को भारतीय नौसेना की 'स्ट्राइक फोर्स' माना जाता है। यह कमान अरब सागर क्षेत्र में भारत की समुद्री सुरक्षा, युद्धक तैयारी और रणनीतिक अभियानों की जिम्मेदारी निभाती है। पश्चिमी समुद्री सीमाओं की निगरानी और समुद्री हितों की रक्षा में इसकी भूमिका बेहद अहम मानी जाती है। वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन जनवरी 1988 में भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। वे गनरी और मिसाइल प्रणाली के विशेषज्ञ अधिकारी हैं। अपने लंबे सैन्य करियर में उन्होंने कई प्रमुख युद्धपोतों और नौसैनिक इकाइयों का नेतृत्व किया है।

युद्ध प्रणाली में महारथ भी है

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 31 मई को सेवा से सेवानिवृत्त होंगे। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने के उपरांत कृष्णा स्वामीनाथन यह पद संभालेंगे। वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने 31 जुलाई 2025 को पश्चिमी नौसेना कमान के 34वें फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का कार्यभार ग्रहण किया था। फ्लैग ऑफिसर कृष्णा स्वामीनाथन को 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन हुआ था। वह संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली के विशेषज्ञ हैं। यूके स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, श्रिवेनहम करंजा स्थित कॉलेज ऑफ नेवल वॉरफेयर तथा संयुक्त राज्य यूएस के रोड आइलैंड स्थित न्यूपोर्ट नेवल वॉर कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।

कई पदकों से हुए सम्मानित

वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन पूर्वी बेड़े के कमांडर, पूर्वी नौसैनिक कमान के चीफ ऑफ स्टाफ तथा एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय में नीति, योजना और बल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया। बीते वर्ष अगस्त 2025 में उन्होंने भारतीय नौसेना के 47वें उप नौसेना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उत्कृष्ट सेवाओं और नेतृत्व के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और नौसेना पदक से सम्मानित किया जा चुका है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि उनके व्यापक संचालन अनुभव, सामरिक समझ और नेतृत्व क्षमता से पश्चिमी नौसैनिक कमान की युद्धक तैयारी और समुद्री सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

समूचे क्षेत्र में फैली दहशत, अफवाह भी चलीं

पाकिस्तानः खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमला, 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना बन्नू में देर रात हुई, जहां विस्फोटक से भरी एक गाड़ी पुलिस चौकी की ओर आ रही थी, तभी सुरक्षाकर्मियों ने उस पर गोलीबारी की, जिसके बाद उसमें विस्फोट हो गया।

विस्फोट के प्रभाव से आसपास के कई घरों की छतें गिर गईं। पुलिस चौकी की इमारत भी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और कई सुरक्षाकर्मी

मलबे के नीचे दब गए। विस्फोट के बाद समूह ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप भारी गोलीबारी हुई। बन्नू पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई घायल हो गए।

सीएम ने की निंदा

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने हमले की निंदा करते हुए जानमाल के नुकसान पर दुःख व्यक्त किया। उनके कार्यालय ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है उन्होंने पुलिस चौकी पर हुए हमले को दुःखद और कायरतापूर्ण कृत्य बताया और कहा कि ऐसे हमले पुलिस और जनता के मनोबल को कमजोर नहीं कर सकते।

संविधान में नया प्रावधान जोड़ा

किम की हत्या हुई तो नॉर्थ-कोरिया परमाणु बम से मचा देगा तबाही

एजेंसी ▶▶ प्योंगयांग

उत्तर कोरिया ने अपने संविधान और परमाणु नीति में बड़ा बदलाव करते हुए नया प्रावधान जोड़ा है। अब अगर देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन की हत्या हो जाती है या किसी विदेशी हमले के दौरान वे लीडरशिप करने की हालात में नहीं रहते, तो उत्तर कोरिया तुरंत परमाणु हमला करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, यह बदलाव मार्च में तेहरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद किया गया। उन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई

की मौत हो गई थी। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों ने प्योंगयांग को सोचने पर मजबूर कर दिया और उत्तर कोरिया को डर सताने लगा कि भविष्य में ऐसा डिकैपिटेशन स्ट्राइक यानी टॉप लीडरशिप को खत्म करने वाला हमला उसके खिलाफ हो सकता है।

45 वर्ग किमी तक फैला तेल का धब्बा

होर्मुज स्ट्रेट के आसपास की गई नाकेबंदी का असर

शकः समुद्र में तेल बहा रहा है ईरान, तस्वीरों से मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान इस समय क्रूड ऑयल को स्टोर करने को लेकर गंभीर संकट का सामना कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका की ओर से होर्मुज स्ट्रेट के आसपास की गई नाकेबंदी के चलते ईरानी तेल टैंकरों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है।

ऐसे में ईरान का कच्चा तेल उसके मुख्य निर्यात केंद्र खर्ग द्वीप पर तेजी से जमा हो रहा है। सैटेलाइट तस्वीरों में इस इलाके के समुद्र में बड़े पैमाने पर तेल फैला हुआ नजर आया है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि स्टोरेज

क्षमता खत्म होने के बाद तेल समुद्र में छोड़ा जा रहा है या फिर पुराने ढांचे से रिसाव हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान प्रतिदिन 30 लाख बैरल से अधिक कच्चे तेल का उत्पादन करता है और इसका बड़ा हिस्सा खार्ग द्वीप से निर्यात होता है।

तेल संभालने की चुनौती

सैटेलाइट इमेजरी में खार्ग द्वीप के आसपास समुद्र में लगभग 20 से 45 वर्ग किमी तक फैला तेल का धब्बा देखा गया है। अनुमान लगाया गया कि हजारों बैरल तेल समुद्र में रिस चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह रिसाव पुरानी पाइपलाइन, टैंकरों पर बढ़ते दबाव या युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण हो सकता है। पर्यावरणविदों ने चेतावनी दी कि अगर स्थिति नियंत्रित नहीं हुई तो फारस की खाड़ी के समुद्री जीवन, तटीय क्षेत्रों और मछली उद्योग पर गंभीर असर हो सकता है।

चटग्राम हत्या मामले में चल रहा ट्रायल

बांग्लादेश हाईकोर्ट ने चिन्मय दास की जमानत खारिज की

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में हिंदू संत ब्रह्मचारी चिन्मय कृष्ण दास को बड़ा झटका लगा है। देश के हाईकोर्ट ने रविवार को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।



अदालत ने कहा कि चटग्राम की निचली अदालत में 2024 के एक वकील की हत्या से जुड़े मामले की सुनवाई जारी है, इसलिए फिलहाल जमानत नहीं दी जा सकती। चिन्मय कृष्ण दास पर 2024 में देशद्रोह के आरोप भी लगे थे और उन्हें 25 नवंबर 2024 को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट की दो सदस्यीय पीठ न्यायमूर्ति केएम जाहिद सरवर और न्यायमूर्ति शेख अबू ताहेर ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि मामले में गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, इसलिए हस्तक्षेप उचित नहीं है। संत के वकील अपूर्वा कुमार भट्टाचार्य ने बताया कि अदालत ने चार अन्य मामलों में जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख तय की है।

गूगल के 20 वर्षः दिलचस्प खुलासा, सबसे ज्यादा अनुवाद हुआ थैंक्यू शब्द

लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने जब इस सर्च इंजन पर काम शुरू किया था तब कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा

गूगल घास चरने के लिए बकरियां बुलाता है वजह- प्रदूषण नहीं होता और कर्मचारियों को उन्हे देखने से मिलता है सुकून

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल ट्रांसलेट को 20 साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर कंपनी ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। कंपनी ने बताया कि पिछले दो दशकों में प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा ट्रांसलेट किया गया शब्द कोई मुश्किल टर्म नहीं, बल्कि एक बेहद आम शब्द है। आखिर वो कौन सा शब्द है, जिसे दुनिया भर के लोगों ने सबसे ज्यादा अनुवाद किया? गूगल ट्रांसलेट ने अपनी 20वीं वर्षगांठ पर एक जबरदस्त जानकारी दी है। कंपनी ने बताया इन वर्षों में प्लेटफॉर्म पर लोगों ने कोई बहुत कठिन शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसे वाक्य को ट्रांसलेट किया, जिसका अर्थ बच्चा-बच्चा जानता होगा, उसका नाम है थैंक्यू. गूगल इंडिया ने सोशल मीडिया पर इस उपलब्धि को साझा करते हुए बताया कि कैसे एक साधारण सा शब्द भाषाओं और सीमाओं की दीवारें गिराकर लोगों को आपस में जोड़ रहा है। गूगल ट्रांसलेट की शुरुआत साल 2006 में हुई थी और आज यह दुनिया के सबसे लोकप्रिय ट्रांसलेशन प्लेटफॉर्म्स के लिस्ट में शामिल हो गया है। अब यह वेब, एंड्रॉयड और आईओएस पर सैकड़ों भाषाओं को सपोर्ट करता है। गूगल इंडिया ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पोस्ट करते हुए बताया कि पिछले 20 वर्षों में सबसे ज्यादा अनुवादित वाक्यांश थैंक्यू रहा।

कंपनी ने इसे लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव और सम्मान का प्रतीक बताया। बता दें कि शुरुआत में गूगल ट्रांसलेट स्टैटिस्टिकल मशीन ट्रांसलेशन पर काम करता था, लेकिन अब यह एआई-पावर्ड मॉडल्स का इस्तेमाल कर रहा है। माना जा रहा है कि इससे अनुवाद पहले से ज्यादा सटीक और प्राकृतिक हो गए हैं।

एआई इमेज

पहले गूगल का नाम बैकरब रखा था, बाद में बदलकर गूगल किया

सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन

गूगल की इस पोस्ट पर यूजर्स भी पीछे नहीं रहें। उन्होनें भी खूब मजेदार कमेंट्स किएं। कई यूजर्स ने अपनी मातृभाषा में थैंक्यू लिखकर शेयर किया, तो कई लोगों ने कहा कि यह शब्द दुनिया भर में इंसानी भावनाओं को जोड़ने का सबसे सरल तरीका है।

स्पेलिंग की गलती से बना गूगल

क्या आप जानते हैं कि इसका असली नाम गूगोल रखा जाना था? गूगोल एक गणितीय शब्द है जिसका अर्थ है 1 के बाद 100 शून्य। लेकिन डोमेन रजिस्टर करते समय एक टाइपिंग एरर (स्पेलिंग की गलती) की वजह से यह गूगल हो गया और आज इसी नाम से दुनिया इसे जानती है।

बकरियां लॉन में चरतीं हैं घास

गूगल के कैलिफोर्निया स्थित हेडक्वॉटर में घास काटने के लिए मशीनों का इस्तेमाल कम किया जाता है। कंपनी बकरियों को किराए पर लेती है ताकि वे लॉन की घास चर सकें। इससे प्रदूषण नहीं होता और कर्मचारियों को भी खिड़की के बाहर बकरियों को चरते देखना सुकून देता है।

भारत के जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र का योगदान अगले एक दशक में 10 फीसदी करने का है लक्ष्य: बिल्ला

बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होना सुनिश्चित

एजेंसी ▶▶ नोएडा

सुमन बिल्ला, अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय नेजावेद अशरफ, अध्यक्ष, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर रविवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में दो-दिवसीय 15वें इंडियन एग्ज़िबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन ओपन सेमिनार और एग्जिबिशन सर्विसेज एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया।

सुमन बिल्ला, अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक, पर्यटन मंत्रालय ने कहा है कि भारत का लक्ष्य अगले दशक में जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के योगदान को मौजूदा 5 फीसदी से बढ़ाकर 10 फीसदी करना है। इस वृद्धि का मुख्य कारण बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होना बताया जा रहा है, जैसे कि 2014 से अब तक हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 150 हो जाना, और घरेलू यात्राओं की भारी संख्या। बिल्ला ने कहा कि 10 फीसदी का यह लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विज़न के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य पर्यटन के आर्थिक प्रभाव को बढ़ाना है। इसमें रेल/सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए क्षमता विस्तार पर विशेष ज़ोर दिया गया है। जहां एक ओर घरेलू पर्यटन का आंकड़ा 1.5 अरब यात्राओं को पार कर चुका है, वहीं बिल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि अब केवल 'फुटफॉल' (आने वाले लोगों की संख्या) गिनने के बजाय, 'हाई-वैल्यू ट्रैवल' (उच्च-मूल्य वाली यात्राओं) और राजस्व बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

घरेलू पर्यटन का आंकड़ा 1.5 अरब यात्राओं को पार कर चुका

एग्जिबिशन सर्विसेज एक्सपो 2026 का उद्घाटन

पर्यटन अभी भी एक कम-उपयोग किया गया इंजन बना हुआ है

बिल्ला ने यह भी कहा कि पर्यटन अभी भी एक कम-उपयोग किया गया इंजन बना हुआ है, और अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए इसे अपनी मौजूदा 'कमरा क्षमता' को तीन गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। जावेद अशरफ, अध्यक्ष, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइज़ेशन ने अपने मुख्य भाषण में कहा कि भारत की एग्ज़िबिशन इंडस्ट्री (प्रदर्शनी उद्योग) एक बड़े बदलाव के दौर से गुज़र रही है। अब व्यापार मेले केवल प्रचार-प्रसार के मंच तक ही सीमित नहीं रह गए हैं बल्कि वे आर्थिक विकास, निर्यात, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के प्रमुख इंजन बनते जा रहे हैं। भारत में अपार संभावनाएं मौजूद हैं, जिसका मुख्य कारण यहाँ के विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार, स्टार्टअप इकोसिस्टम और लगातार बढ़ता हुआ घरेलू बाज़ार है।

विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों का उपयोग करने पर जोर

प्रौद्योगिकी डिजिटल पंजीकरण प्रणालियों, एआई - संचालित मैचमेकिंग, हाइब्रिड कार्यक्रम प्रारूपों, डेटा एनालिटिक्स और आगंतुक जुड़ाव के उन्नत उपकरणों के माध्यम से प्रदर्शनियों को नया रूप दे रही है। प्रदर्शनियों का भविष्य भौतिक संपर्क और डिजिटल बुद्धिमत्ता का मेल होगा। दो दिवसीय आईईआईए कार्यक्रम ने प्रदर्शनी उद्योग की सबसे प्रभावशाली हस्तियों और नवप्रवर्तकों को एक छत के नीचे इकट्ठा किया है। प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के रूप में इसकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है। इस कार्यक्रम ने पूरे भारत और दुनिया भर से सीईओ , प्रबंध निदेशक और प्रमुख निर्णय निर्माताओं को एक साथ लाया है। जिनमें प्रदर्शनी आयोजक, व्यापारिक निकायों और क्षेत्रीय संघों के प्रमुख, सरकारी अधिकारी, सेवा प्रदाता और कार्यक्रम स्थलों के प्रतिनिधि शामिल हैं ।

खबर संक्षेप

सैमसंग गैलेक्सी एम-एफ सीरीज पर स्पेशल ऑफर

गुरुग्राम । सैमसंग ने गैलेक्सी एम और एफ सीरीज के चुनिंदा 5जी स्मार्टफोन्स पर 12,000 तक की भारी कटौती की है। गैलेक्सी एम56 5जी और एम36 5जी क्रमशः 21,999 और 16,999 से शुरू हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, गैलेक्सी एफ70ई 5जी और एफ36 5जी भी रियायती दरों पर उपलब्ध हैं। ग्राहक इन डिवाइसेस को बेहतरीन कीमत पर खरीद सकते हैं हर डिवाइस में हाई-रेज़ोल्यूशन कैमरा सिस्टम, मजबूत डिज़ाइन, एआई-पावर्ड टूल्स और लंबे समय तक सॉफ्टवेयर सपोर्ट जैसी एडवांस्ड तकनीकें दी गई हैं।

रसना ग्रुप के चेयरमैन की नई किताब लांच

मुंबई। रसना ग्रुप के चेयरमैन और अरीज खंबाटा बेनेवोलेंट ट्रस्ट और रसना फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी पीरूज अरीज खंबाटा ने अपनी नई किताब अशोईः द जोरास्ट्रियन आर्ट ऑफ सक्सेस एंड इम्मोरलिटी लांच करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने एक नए एंटरप्रेन्योरशिप फंड का भी अनावरण किया, जिसका उद्देश्य पारसी समुदाय के साथ-साथ अन्य लोगों में बिजनेस, लीडरशिप और उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

इंडसइंड का 'प्लस1 इन योर मदरहुड जर्नी' कैंपेन

मुंबई। इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस ने मदर्स डे के अवसर पर अपना नया कैंपेन प्लस1 इन योर मदरहुड जर्नी लांचकिया है। यह कैंपेन एक बेहद संवेदनशील लेकिन अक्सर अनदेखे सच को सामने लाता है कि मातृत्व की शुरुआत बच्चे के जन्म से नहीं, बल्कि उस पल से होती है जब एक महिला मां बनने की इच्छा महसूस करती है। कंपनी के डिजिटल बिजनेस, मार्केटिंग और स्ट्रैटेजी तरुण खन्ना ने कहा कि इस कैंपेन का मुख्य आकर्षण एक भावनात्मक फिल्म है, जिसकी कहानी एक फर्टिलिटी क्लिनिक में आधारित है।

फेडरेशन मप्र चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का स्वर्ण जयंती समारोह कल

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी संभालेगी पदभार, कई दिग्गज हस्तियां होंगी शामिल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के स्वर्ण जयंती समारोह एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन 12 मई को भव्य रूप से किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री, उद्योग जगत की हस्तियां और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मंत्री चेतन्यकुमार काश्यप, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवगीय, श्रम, पंचायत एवं ग्रामीय विकास विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल प्रमुख रूप से मौजूद होगें।

इसके अलावा समारोह में फेडरेशन के फेडरेशन के संरक्षण गिरीश अग्रवाल, अध्यक्ष हिमांशु खरे, पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा, संयुक्त अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पोरवाल, अखिलेश राठी सहित समस्त प्रबंध समिति सदस्या मौजूद होंगे। । कार्यक्रम में संस्था के 50 वर्षों की उपलब्धियों, व्यापार और उद्योग क्षेत्र में योगदान तथा आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। नई कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण के साथ संगठन व्यापारियों और उद्योगों के हितों को लेकर नई रणनीति और कार्ययोजना प्रस्तुत कर सकता है। समारोह में व्यापार, उद्योग और प्रदेश के आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है। फेडरेशन सचिव के अनुसार समारोह में संस्था की उपलब्धियों, व्यापारिक गतिविधियों और उद्योग क्षेत्र में योगदान को भी प्रस्तुत किया जाएगा।

FEDERATION of MP CHAMBERS OF COMMERCE AND INDUSTRY

समारोह की प्रमुख बातें

- 12 मई को आयोजित होगा स्वर्ण जयंती समारोह
- नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं नई कार्यकारिणी संभालेगी जिम्मेदारी
- प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री होंगे शामिल
- व्यापार और उद्योग जगत की बड़ी हस्तियां रहेंगी मौजूद
- संस्था की 50 वर्षों की उपलब्धियों पर होगा विशेष प्रस्तुतीकरण

कई साल तक ऊंची रहेंगी तेल की कीमतें, दिग्गज अर्थशास्त्री की चेतावनी, भारत पर होगा डबल अटैक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशियाई विकास बैंक के चीफ इकोनॉमिस्ट अल्बर्ट पार्क ने बड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि कच्चे तेल (क्रूड) की कीमतें आने वाले सालों में भी ऊंची रहने की आशंका है। मिडिल ईस्ट में लंबे समय तक तनाव जारी रहने से ऐसा होगा। उन्होंने आगाह किया है कि इससे एक ओर जहां भारत की ग्रोथ पर असर पड़ सकता है। वहीं दूसरी तरफ महंगाई बढ़ने का डर है। पार्क ने बताया कि तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

नए अनुमान के मुताबिक 2026 में औसत कीमत 96 डॉलर प्रति बैरल रहने के आसार हैं। 2027 में भी यह 80 डॉलर प्रति बैरल के ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती है। लिहाजा, हमारा मानना है कि तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहेंगी। एक्सपर्ट ने आगे बताया कि कैसे फ्यूचर मार्केट अब अगले साल भी कीमतों पर लगातार दबाव बने रहने का संकेत दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमने हमेशा स्पॉट मार्केट की कीमतों और नजदीकी वायदा बाजार की कीमतों के बीच एक तरह का प्रीमियम देखा है। कारण है कि अभी तेल की भारी कमी है।'

भारत पर डबल अटैक

पार्क ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट से 2026-27 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.6 फीसदी तक कम हो सकती है। इससे भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ घटकर 6.3 फीसदी रह जाएगी। यही नहीं, इसके चलते महंगाई का दबाव तेजी से बढ़ सकता है। इससे पहले अप्रैल में एशियाई विकास बैंक ने अनुमान लगाया था कि भारत की अर्थव्यवस्था इस वित्त वर्ष में 6.9 फीसदी और अगले वित्त वर्ष में 7.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। इसे मजबूत घरेलू मांग का सहारा मिलेगा। महंगाई का अनुमान 4.5 फीसदी लगाया गया था।

अमेजन ग्रेट समर सेल में बंपर ऑफर

मुंबई। अमेजन इंडिया की इस साल की ग्रेट समर सेल 8 मई से शुरू हुई। इस सेल में स्मार्टफोन, फैशन, ब्यूटी, घर, किचन, बड़े अप लायंस, किराना और रोजमर्रा की जरूरी चीजों सहित एआई से चुने गए कई प्रोडक्ट्स मिल रहे है। ग्राहकों को सैमसंग, ऐप्पल, वनप्लस, डेल, हायर, नाइके, मोकोबारा, टोक्यो टॉकीज, सीओएसआरएक्स, लेगो, स्लीपवेल और पैंपर्स जैसे बड़े ब्रांड्स के नए प्रोडक्ट्स और डील्स देखने को मिल रहीं है। प्राइम मेंबर्स के लिए खास ऑफर के साथ ज्यादा बचत व 2,500 रुपए की खरीदारी पर 250 रुपए का कैशबैक और 2 लाख से ज्यादा के प्रोडक्ट्स पर 3 फीसदी एक्स्ट्रा छूट पाने का मौका है। हर खरीदारी पर ज्यादा बचत के लिए अभी प्राइम जॉइन करें।

स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने सानोफी इंडिया और एनएचएम के बीच एमओयू

मप्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर आधारित

समझौते पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश (एनएचएम)ने राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए सानोफी इंडिया लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य मधुमेह जैसे गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शीघ्र पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करना तथा दुर्लभ रोगों से पीढ़ित मरीजों को सहयोग प्रदान करना है। इस एमओयू पर डॉ. सलोनी सिडाना (मिशन निदेशक एनएचएम मप्र) और दीपक अरोड़ा (प्रबंध निदेशक, सनोफी इंडिया लिमिटेड) द्वारा हस्ताक्षर किए गए। यह पहल मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर आधारित है। समझौते के तहत निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों में कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. सलोनी सिडाना (मिशन निदेशक एनएचएम मप्र) ने कहा कि यह पहल राज्य में विशेष रूप से दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करेगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के माध्यम से लोगों को उनके क्षेत्र में ही निःशुल्क जांच, उपचार और डॉक्टरों से टेली-परामर्श की सुविधा मिलेगी। दीपक अरोड़ा ने कहा कि सनोफी स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त बनाने और मरीजों के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की साझेदारियों के प्रति प्रतिबद्ध है। यह साझेदारी समाज के सभी वर्गों को किफायती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

पाटिल ऑटोमेशन का राजस्व 28 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 और दूसरी छमाही के ऑडिटेड वित्तीय नतीजों का ऐलान किया। वेल्डिंग, असेंबली और रोबोटिक्स-इंटीग्रेटेड ऑटोमेशन सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी ने मजबूत प्रदर्शन के साथ इंडस्ट्री में अपनी पकड़ और मजबूत की। कंपनी ने वित्त 2026 कीदूसरी छमाही में कुल आय 83.27 करोड़, एबिटडा 13.73 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 8.32 करोड़ रुपए अर्जित की। जबकि वित्तवर्ष 2026 में कंपनी की कुल आय 156.82 करोड़ रुपए , एबिटडा 26.69 करोड़ रुपए एवं 15.85 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ प्राप्त किया। कंपनी ने वित्त वर्ष दूसरी छमाही में 99.04 करोड़ की आय प्राप्त की और 17.66 करोड़ रुपए एबिटडा शुद्ध लाभ 10.25 करोड़ रुपए दर्ज हुआ।

बिरला कॉर्पोरेशन का शुद्ध लाभ 15 फीसदी बढ़ा

कोलकाता। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्तवर्ष 25-26 को रिकॉर्ड सीमेंट बिक्री और पूरे साल के शुद्ध लाभ में मजबूत वृद्धि के साथ समाप्त किया, और बाजार की सुस्त स्थितियों पर काबू पाया। कंपनी का इस वर्ष का शुद्ध लाभ 558 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 89 रुपये की वृद्धि दर्शाता है। ब्लेंडेड और प्रीमियम सीमेंट दोनों की बिक्री में भारी मात्रात्मक वृद्धि के दम पर, कंपनी की पूरे साल की समेकित सीमेंट बिक्री 18.72 मिलियन टन के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंची। कंपनी ने पूरे साल के लिए 95 प्रतिशत क्षमता उपयोग हासिल किया, जबकि इंडस्ट्री का अनुमानित औसत लगभग 70 प्रतिशत था। सीमेंट उत्पादन भी इस वर्ष के दौरान एक मील के पत्थर तक पहुंचा, और पहली बार 19 एमटी के स्तर पर पहुंचा। संदीप घोष, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ने कहा कि परिचालन दक्षता में लगातार सुधार के साथ, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बाजार हिस्सेदारी के प्रीमियमकरण और मूल्य निर्धारण के अपने रास्ते पर चलना जारी रखा है।
उन्होंने आगे कहा किइसके साथ ही, कंपनी ने लगातार परिणाम देने के लिए लाभदायक बाजारों में अपनी स्थिति और मजबूत की है।

आईसीईएमए की घोषणा सीई ने दिखाई मजबूती

नई दिल्ली। इंडियन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईसीईएमए) ने घोषणा की कि भारतीय कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (सीई) इंडस्ट्री में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल इक्विपमेंट बिक्री में करीब 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। कुल बिक्री वित्त वर्ष 2025 के 1,40,191 यूनिट से घटकर 1,36,995 यूनिट रह गई। इंफ्रास्ट्रक्चर एग्जीक्यूशन की धीमी रफ्तार और प्रोजेक्ट्स में देरी से जुड़ी घरेलू बाजार की अस्थायी चुनौतियों के बावजूद, निर्यात में 32त्न के मजबूत उछाल ने इंडस्ट्री को संभाले रखा। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट बाजार बना हुआ है। वित्त वर्ष 25 में इस सेक्टर की अनुमानित वैल्यू 10 अरब डॉलर थी और 8.3 फीसदी की सीएजीआर के साथ 2030 तक यह 14.76 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

आवश्यकता

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /17/मई 26)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

शब्द पहेली - 6222



बाएँ से दाएँ
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

ऊपर से नीचे
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

शब्द पहेली- 6221 का हल

स	ज	दा	क	र	ना		म	त	वा	ला
ह	य		त		का	म	ना		दा	वा
न		बे	र	ह	म		ना	य		रि
शी	ल	वा	न		या	द		नी	र	स
ल		प		ख	ब	र	ची		न	
ता	र	न	हा	र		का	न	भ	र	ना
	म		र	ह	ब	र		यं		प
प्र	ण	य		रा	हु		ब	क	वा	स
ति		दा	स		बे	क	रा	र		न्द
का	न		चि	रा	ग		म		क	हो
र	म	जा	न		म	द	द	क	र	ना

सूडोकु नवताल - 6232

★★★ मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6231 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

आईपीएल : रोमांचक हुई प्लेऑफ की जंग

चेन्नई ने लखनऊ को हराया, बने 400 से ज्यादा रन

एजेंसी ⏭ चेन्नई

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 5 विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपरजायंट्स को 8 विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की। टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपरजायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

सुपरकिंग्स ने पहली बार हासिल किया 200 से अधिक का लक्ष्य

उर्विल के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 81 रन जोड़े। गायकवाड़ ने इससे पहले संजू सैमसन (14 गेंद में 28 रन) के साथ 22 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। शिवम दुबे (नाबाद 15) ने एडेन मारक्रम के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार दो छक्के जड़े, जिससे सुपरकिंग्स ने पहली बार 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल किया। प्रशांत वीर 17 रन पर नाबाद रहे। इंग्लिस ने अपनी पारी में छह छक्के और 10 चौके जड़कर सुपरजायंट्स का स्कोर नौवें ओवर के बाद 112 रन तक पहुंचा दिया था। ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच 35 रन के अंदर चार विकेट झटककर रनगति पर अंकुश लगा दिया। ओवरटन ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें इंग्लिस का विकेट भी शामिल था। नूर अहमद ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने 47 रन खर्च किए।

आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक (गेंदों के आधार पर)

- 13 - यशस्वी जायसवाल (आरआर) बनाम केकेआर, कोलकाता, 2023
- 13 - उर्विल पटेल (सीएसके) बनाम एलएसजी, लखनऊ, 2026
- 14 - केएल राहुल (पीबीकेएस) बनाम डीसी, मोहाली, 2018
- 14 - पैट कमिंस (केकेआर) बनाम एमआई, पुणे, 2022
- 14 - रोमारियो शेफर्ड (आरसीबी) बनाम सीएसके, बेंगलुरु, 2025

उर्विल ने एबीडिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ा

इतना ही नहीं उर्विल पटेल के नाम टी20 क्रिकेट के इतिहास में पहली 10 गेंद पर भी सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड अब हो चुका है। उन्होंने पहली 10 बॉल पर 42 रन बनाकर एबीडिविलियर्स के रिकॉर्ड को तोड़ा।

उर्विल ने 13 गेंदों में ठोकी फिफ्टी

चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार युवा बल्लेबाज उर्विल पटेल ने इस लीग के इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी लगा दी है। उन्होंने 13 गेंद पर 7 छक्कों की मदद से लखनऊ के खिलाफ हाफ सेंचुरी ठोक दी। इसी के साथ आईपीएल में सबसे तेज फिफ्टी के मामले में उर्विल ने यशस्वी जायसवाल की बराबरी कर ली है।उर्विल पटेल ने लखनऊ के गेंदबाजों के ऊपर शुरू से ही हमला कर दिया। उन्होंने अपनी पहली 8 गेंद पर 6 छक्के लगाकर अपने इरादे साफ कर दिए। वहीं उन्होंने पहली 8 गेंद पर 41 रन बनाए, जो आईपीएल इतिहास में इतनी गेंदों पर किसी भी बल्लेबाज के सबसे ज्यादा रन हैं।

खराब फार्म में दिल्ली पंजाब को जीत की चाह

एजेंसी ⏭ धर्मशाला

- आज शाम 7 .30 बजे से अय्यर और लोकेश राहुल की टीमें होगी आमने-सामने

पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में जब खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी चरण में अपने प्रदर्शन में आई चौंकाने वाली गिरावट को रोकने की कोशिश करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में 17 मई तक 3 मैच के साथ पंजाब की टीम अपने घरेलू चरण को समाप्त करेगी। अपने पिछले 3 लीग मैच में मिली हार के बाद टीम खेल के सभी विभागों में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उस टीम के लिए हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है, जो कुछ समय पहले तक इस टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी लेकिन लीग चरण के बाकी मुकाबलों के लिए उसे अपनी बुनियादी चीजों को ठीक करने की जरूरत है।

पंजाब को दो जीत की जरूरत

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है और ऐसे में टीम चाहती है कि उनके खिलाड़ी उन्हीं तरीकों पर कायम रहें, जिनसे उन्हें टूर्नामेंट के पहले हाफ में सफलता मिली थी।

घरेलू मैदान पर दिल्ली का प्रदर्शन खराब

दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले से ही अगले सत्र पर टिकी हैं क्योंकि वे अपने पिछले छह में से पांच मैच हारने के बाद अंक तालिका के निचले हिस्से में हैं। घरेलू मैदान पर दिल्ली का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है इसलिए वे पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए स्थल में बदलाव का स्वागत करेंगे। उसके बल्लेबाज धीमी और टर्न लेने वाली पिचों पर खुद को ढालने में नाकाम रहे हैं, जिससे उनकी कमजोरियां उजागर हुई हैं। प्रमुख स्पिनर कुलदीप यादव के साधारण प्रदर्शन ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं जबकि मिचेल स्टार्क शायद बहुत देर से टीम से जुड़े। पंजाब किंग्स की तरह दिल्ली के क्षेत्ररक्षण ने भी उसे निराश किया है।

मैच का समयः शाम 7.30 बजे

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
हैदराबाद	11	7	4	14
पंजाब	10	6	3	13
बेंगलुरु	10	6	4	12
राजस्थान	10	6	4	12
चेन्नई	11	6	5	12
गुजरात	10	6	4	12
कोलकाता	10	4	5	9
दिल्ली	11	4	7	8
मुंबई	10	3	7	6
लखनऊ	11	3	8	6

ऑरेंज कैप

हेनरिक क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

खबर संक्षेप

शिविर में हिस्सा लेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया राष्ट्रीय महिला टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले सोमवार से बेंगलुरु में एक संक्षिप्त शिविर आयोजित करेगा। यह तैयारी शिविर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि टीम एफआईएच नेशंस कप से पहले एक अनुभव दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। एफआईएच नेशंस कप 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होगा। इस साल के आखिर में बेल्जियम में महिला विश्व कप 2026 और एशियाई खेल भी होने वाले हैं। शिविर में वही 31 खिलाड़ी शामिल होंगी, जो अप्रैल में मुख्य कोच शोर्ड मारिन के मार्गदर्शन में हुए पिछले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा थीं।

72 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष 40 से बाहर हुए संधू

बार्सिलोना। युवराज संधू एस्ट्रेला डैम कैटालुन्या चैंपियनशिप के तीसरे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 46वें स्थान पर खिसक गए।तीसरे दिन अच्छी शुरुआत के बाद आखिरी 9 होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के कारण उनका स्कोर 72 रहा। उनका कुल स्कोर चार-अंडर (68-72-72) है। इससे पहले शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत कट हासिल करने में असफल रहे थे। संधू ने टूर्नामेंट की शुरुआत शानदार अंदाज में चार-अंडर 68 के साथ की थी, लेकिन दूसरे दिन उन्हें संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने ईवन पार 72 का स्कोर बनाया।

नीमैन ने जीता खिताब, गुकेश को छठे स्थान पर करना पड़ा संतोष

गुकेश ने रेपिड में 9 और ब्लिट्ज में 8 अंक जुटाए

एजेंसी ⏭ वारसॉ

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए 'सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज' का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 'ग्रैंड चेस टूर' का हिस्सा है। गुकेश ने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया।

खिलाड़ियों ने 9 रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर 2 अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था। गुकेश ने रेपिड में 9 और ब्लिट्ज में 8 अंक जुटाए। हालात और भी खराब हो सकते थे लेकिन गुकेश ने आखिरी दौर में पोलैंड के डूडा यान-क्रिस्टोफ को हराकर वापसी की। गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था और इस साल वे केवल रेपिड और ब्लिट्ज प्रारुपों में ही खेलेंगे। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश इस साल के अंत में नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के अलावा अमेरिका के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला भी खेलने वाले हैं।

सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज

गुकेश को आखिरी दिन तीन मिलीं जीत

गुकेश को आखिरी दिन तीन जीत मिलीं। उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो, नीमैन और डूडा को हराया। उन्हें चार हार का सामना करना पड़ा, जिसमें सिंदारोव के खिलाफ शिकस्त भी शामिल है। सिंदारोव ने गुकेश के साथ खेले गए तीन मैच की व्यक्तिगत भिड़ंत में 2-1 के अंतर से जीत हासिल की। नीमैन ने आखिरी दो दौर जीते और टूर्नामेंट का समापन कुल 22.5 अंक के साथ किया।

22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर करुआना

अमेरिका के फाबियानो करुआना 22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो वेस्ली से एक अंक अधिक है। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव 18 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा ने पांचवां स्थान हासिल किया। ग्रैंड चेस टूर का कारवां अब 'सुपर क्लासिक' टूर्नामेंट के लिए रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट की ओर बढ़ेगा और इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से एकमात्र खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा हिस्सा लेंगे।

सिटी ने आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव

- मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराया
- डोकू, एर्लिंग हेलेंड और ओमार मारमोश ने गोल दागे

एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया। सिटी की ओर से जेरेमी डोकू, एर्लिंग हेलेंड और ओमार मारमोश ने गोल दागे, जिससे आर्सेनल और दूसरे स्थान पर चल रही इस टीम के बीच अब सिर्फ दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76 जबकि सिटी के इतने ही मैच में 74 अंक हैं।

तुमकुरु ओपन : जस्टिना ने जीता एकल का खिताब

एजेंसी ⏭ तुमकुरु

शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुल्सकाइट ने रविवार को आईटीएफ डब्ल्यू35 तुमकुरु ओपन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग का खिताब जीता, जब दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का को चोट के कारण मैच से हटना पड़ा।

कंधे की चोट के कारण जुजाना ने तकलीफ में होने के बावजूद खिताबी मुकाबले के लिए तुमकुरु जिला टेनिस संघ स्टेडियम के कोर्ट पर उतरकर जबरदस्त हिम्मत दिखाई। हालांकि पहले गेम के बाद पोलैंड की खिलाड़ी मैच जारी नहीं रख सकीं, जिससे जस्टिना ने जीत दर्ज की।

दर्शकों को हाथ लगी निराशा

इससे दर्शकों को निराशा हाथ लगी, जो शीर्ष दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के बीच रोमांचक फाइनल की उम्मीद में आए थे। यह जस्टिना का आठवां आईटीएफ एकल खिताब था है। ट्रॉफी के साथ लिथुआनिया की इस खिलाड़ी को विजेता के तौर पर 4,860 डॉलर और 35 डब्ल्यूटीए रैंकिंग अंक भी मिले। जुजाना को उपविजेता रहने के लिए 2,637 डॉलर और 23 डब्ल्यूटीए अंक मिले।

इटैलियन ओपनः सिनर की धमाकेदार शुरुआत, तीसरे राउंड में एंट्री

एजेंसी ⏭ रोम

- सिनर ने दूसरे राउंड में ऑफनर को सीधे सेटों में हराया

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जैनिक सिनर ने इटैलियन ओपन की धमाकेदार शुरुआत की है। सिनर ने दूसरे राउंड में सेबेस्टियन ऑफनर को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया।

घरेलू दर्शकों के बीच सिनर ने हमेशा की तरह बेहतरीन खेल की बदौलत मैच पर दबदबा कायम किया। सिनर ने पहले सेट में सिर्फ पांच अनफोर्स्ड एरर किए और विपक्षी को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सिनर ने मैच की शुरुआत में एक नाजुक ड्रॉप शॉट मारकर सर्व ब्रेक किया और मैच पर पूरा नियंत्रण कर लिया। मैच एक घंटा 31 मिनट तक चला।

फेडरर के बराबरी पर आए सिनर

सिनर की एटीपी मास्टर्स 1000 जीतने की स्ट्रीक 29 मैचों तक पहुंच गई, जिससे वह सीरीज में तीसरी सबसे लंबी स्ट्रीक के लिए रोजर फेडरर के साथ बराबरी पर आ गए। जीत के बाद जैनिक सिनर ने कहा, मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। पहले दिन से ही, यह मेरे लिए एक बहुत ही खास टूर्नामेंट रहा है। इटैलियन होने के नाते आप हर साल इस टूर्नामेंट के बारे में थोड़ा सोचते हैं। सिनर का तीसरे राउंड का मुकाबला एलेक्सी पोपिरिन है।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए बांग्लादेश स्क्वॉड का ऐलान

- लगातार तीसरी बार कप्तान होंगी निगार सुल्ताना

ढाका। 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेले जाने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। निगार सुल्ताना की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। निगार सुल्ताना लगातार तीसरे टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की कप्तानी करेंगी। बांग्लादेश की स्क्वॉड में टॉप-ऑर्डर की बल्लेबाज ताज नेहर की वापसी हुई है, जबकि हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में खेलने वाली सरमिन सुल्ताना को ड्रॉप कर दिया गया है। 2023 और 2024 एडिशन में टीम की कप्तानी कर चुकीं निगार सुल्ताना की टीम में इस बार युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का भी मिश्रण है। अनुभवी खिलाड़ी के रूप में फहीमा खातून शामिल हैं, जो अपना सातवां टी20 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हैं। फहीमा के अलावा नाहिदा अख्तर, रितु मोनी और कप्तान निगार 2016 से टीम का हिस्सा हैं।

चार सेट के बाद स्कोर बराबर, शूट ऑफ में निकला नतीजा

तीरंदाजी विश्व कपः भारत ने चीन को हराकर जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ शंघाई

दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम 9 अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया।

- दीपिका ने दबाव में जुटाए अहम 9 अंक
- भारत को मिला 2021 के बाद पहला विश्व कप गोल्ड

दीपिका ने अपनी टीम का बढ़ाया हौसला

नियुक्तियों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच बिना किसी पूर्णकालिक राष्ट्रीय कोच के यात्रा करते हुए बेहद अनुभवी दीपिका ही थीं, जिन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और लगातार अपनी टीम की साथियों का हौसला बढ़ाया।

तीन साल में पहला विश्व कप पदक

दीपिका के नाम 2010 से अब तक सात विश्व कप टीम स्वर्ण पदक हो गए हैं। यह भारतीय महिला रिकर्व टीम का तीन साल में पहला विश्व कप पदक भी है। इससे पहले टीम 2023 में पेरिस में चरण चार में पोडियम पर पहुंची थी, जिसमें अंकिता पदक जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। शंघाई में भारत अब तक दो पदक जीत चुका है। इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शनिवार को कांस्य पदक जीतकर देश के पदक का खाता खोला था। भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत है।

सेमीफाइनल में कांग चेयांग से हारी सिमरनजीत

सिमरनजीत कौर के लिए यह दिल तोड़ने वाला अनुभव रहा जब उन्हें सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की कांग चेयांग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक के लिए हुए प्लेऑफ में उन्हें एक और कोरियाई खिलाड़ी जांग मिनही से हार मिली। इस तरह भारत ने अपने अभियान का समापन दो पदक (एक स्वर्ण, एक कांस्य) के साथ किया।

गेहूं उपार्जन में लापरवाही पर तुरंत एक्शन ले : कलेक्टर

अब तक किसानों को 114 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिला उपार्जन समिति की बैठक में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गये गेहूं के परिवहन और भंडारण में गति लाने के निर्देश दिये हैं। श्री सिंह ने बैठक में उपार्जन केन्द्रवार गेहूं की खरीदी, परिहवन और भंडारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को अभी तक गोदामों में भंडारित गेहूं के स्वीकृति पत्रक जारी करने की हिदायत भी दी, ताकि किसानों को समय पर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि खरीदी केन्द्र परिसर में खुले में रखे उपार्जित गेहूं के परिवहन और भंडारण को प्राथमिकता दें। उन्होंने खरीदी केन्द्रों का नियमित भ्रमण करने निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि जहां भी उपार्जन में अनियमितता या लापरवाही पाये जाये उस पर तुरंत कार्यवाही करें। श्री सिंह ने कहा कि खरीदी व्यवस्था का बिचौलियों या व्यापारियों द्वारा अनुचित लाभ उठाने की कोशिशों पर सख्ती से लगाम लगाई जाये और जहां कहीं से भी ऐसी शिकायतें मिले तत्काल एक्शन लें। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी में उपार्जन नीति का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाये, केवल वास्तविक किसानों से और एफएक्यू गुणवत्ता के ही गेहूं की खरीदी हो। कलेक्टर ने उपार्जन व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारियों से कहा कि वे रात में भी खरीदी केन्द्रों पर निगरानी रखें, ताकि व्यापारियों या बिचौलियों द्वारा बाहर का गेहूं खरीदी केन्द्रों पर किसानों की आड़ में विक्रय हेतु न लाया जा सके। तौल पर्ची जारी हुई लेकिन पोर्टल पर नहीं चढ़ा गेहूं, ऐसे किसानों के लैप्स हुए स्लॉट की अवधि बढ़ेगी।

बैठक में बताया गया कि जिन किसानों को तौल पर्ची मिल चुकी है लेकिन सर्वर की समस्या के कारण उनसे खरीदा गया गेहूं अभी तक

पोर्टल पर नहीं चढ़ाया जा सका है और स्लॉट की अवधि भी समाप्त हो गई है, ऐसे किसानों की स्लॉट की अवधि डीएसओ लॉगइन के माध्यम से बढ़ाई जा रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि किसानों को आस-पास के खरीदी केन्द्रों पर भी स्लॉट ट्रांसफर करने की सुविधा भी डीएसओ लॉगइन पर उपलब्ध कराई गई है। यदि किसी खरीदी केन्द्र पर गेहूं का विक्रय करने वाले किसानों की संख्या बहुत अधिक हो रही है तब ऐसी स्थिति में अन्य किसान अपने स्लॉट दूसरे खरीदी केन्द्रों पर ट्रांसफर करा सकते हैं। ऐसे किसानों की सूची कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों द्वारा किसानों की सहमति से बनाई जा रही है। किसान स्वयं भी स्लॉट ट्रांसफर करने के लिए अपने आवेदन सहायक आपूर्ति अधिकारी को दे सकते हैं।

अभी तक 12 लाख क्विंटल गेहूं का उपार्जन

बैठक में बताया गया कि शनिवार तक जिले में 20 हजार 680 किसानों से लगभग 12 लाख क्विंटल गेहूँ का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को करीब 114 करोड़ रूपये का भुगतान भी कर दिया गया है। समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करने जिले में पंजीयन कराने वाले 50 हजार 788 किसानों में से शनिवार तक 36 हजार 946 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराये जा चुके हैं। बैठक में नोडल अधिकारी उपार्जन संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सीमा बोरसिया तथा उपार्जन समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

गेहूं उपार्जन पर फेसबुक लाइव कल

गेहूं उपार्जन व्यवस्था से जुड़े विषयों पर जिले के किसानों से फेसबुक लाइव के माध्यम से संवाद का कार्यक्रम मंगलवार 12मई को शाम 4बजे से होगा। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार फेसबुक लाइव का यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के आधिकारिक फेसबुक पेज 'कलेक्टर जबलपुर 'पर होगा। किसान इस कार्यक्रम से जुडकर उपार्जन से जुड़े विषयों पर अपनी जिज्ञासा का समाधान प्राप्त कर सकेंगे, अपनी कठिनाइयों को बता सकेंगे तथा उपयोगी सुझाव भी दे सकेंगे। गेहूं उपार्जन पर फेसबुक लाइव के कार्यक्रम में किसानों के सवालों का जबाब उपार्जन व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी देंगे।

ग्रामीणों और किसानों को मिलेगी मानक वोल्टेज पर बिजली

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने नर्मदापुरम जिले की विद्युत पारेषण व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाते हुए 132 केवी सबस्टेशन सेमरी हरचंद में तीसरे पावर ट्रांसफार्मर को सफलतापूर्वक स्थापित कर ऊर्जीकृत कर दिया है। इस पावर ट्रांसफार्मर के चालू होने से विश्व प्रसिद्ध मड़ई वाइल्डलाइफ अभयारण्य सहित सेमरी हरचंद सबस्टेशन से जुड़े अनेक ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और मानक वोल्टेज पर अधिक विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो सकेगी। एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजेश शांडिल्य ने बताया कि इस क्षमता वृद्धि के बाद सेमरी हरचंद सबस्टेशन की कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 100 एमवीए हो गई है। साथ ही नर्मदापुरम जिले की कुल स्थापित ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढकर 2015 एम वी ए हो गई है।

जहर सेवन के बाद मची अफरा-तफरी

सूदखोरी के जाल में फंसे कॉलोनाइजर ने खाया जहर, परिजनों ने लगाए प्रताड़ना और जान से खतरे के आरोप

जबलपुर। शहर के छोटा फुहारा क्षेत्र निवासी और रियल एस्टेट कारोबारी/कॉलोनाइजर शरद मोर द्वारा कथित रूप से जहरीला पदार्थ सेवन किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। परिजन उन्हें तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी लगते ही परिचितों और व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े लोग भी अस्पताल पहुंचने लगे। **परिजनों का गंभीर आरोप-** सूदखोरों ने किया मानसिक उत्पीड़न और दबाव बनाकर एग्रीमेंट पर साइन कराना। परिजनों का आरोप है कि शरद मोर पिछले काफी समय से कुछ कथित सूदखोरों के दबाव में थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने निजी लेन-देन के तहत रकम ली थी, जिसके एवज में उनसे अत्यधिक ब्याज की मांग की जा रही थी। परिवार का कहना है कि लगातार फोन कॉल, दबाव और कथित धमकियों के कारण वह मानसिक तनाव में थे। परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार अपनी जान को खतरा होने की बात भी कही थी। 10 से 20 प्रतिशत तक वसूला जाता है ब्याज- सूत्रों के मुताबिक शहर में अवैध सूदखोरी का समानांतर नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। आर्थिक संकट में फंसे लोगों को तुरंत नकद रकम उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन बदले में 10 से 20 प्रतिशत तक भारी ब्याज वसूला जाता है। रकम समय पर नहीं चुकाने पर दबाव, धमकी और सार्वजनिक बेइज्जती तक के आरोप सामने आते रहे हैं।

कई कॉलोनियों का विकास कर चुके हैं शरद

बताया जा रहा है कि शरद मोर्य लंबे समय से रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े रहे हैं और शहर व आसपास के क्षेत्रों में कई कॉलोनियों का विकास कर चुके हैं। कारोबारी पहचान रखने वाले व्यक्ति के इस कदम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर ऐसा कौन सा दबाव था जिसने उन्हें यह कठोर कदम उठाने पर मजबूर कर दिया।

विजयनगर में पहले भी हो चुकी है हिंसक घटना

यह पहला मामला नहीं है जब सूदखोरी को लेकर गंभीर घटनाएं सामने आई हों। इससे पहले विजयनगर क्षेत्र में भी सूदखोरी के विवाद में चाकूबाजी की घटना सामने आई थी। उस घटना ने भी शहर में सक्रिय अवैध ब्याजखोरी नेटवर्क पर सवाल खड़े किए थे, लेकिन उसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी।

पुलिस जांच पर टिकी निगाहें

घटना की जानकारी पुलिस तक पहुंच गई है। परिजन कथित सूदखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला शहर में चल रहे अवैध सूद कारोबार की बड़ी परतें खोल सकता है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

बड़ा सवाल-कब रुकेगा अवैध सूदखोरी का नेटवर्क?

लगातार सामने आ रही घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि शहर में सूदखोरी का अवैध कारोबार केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि अब लोगों की जान पर भी बन रहा है। जरूरत इस बात की है कि प्रशासन ऐसे नेटवर्क की पहचान कर कठोर कार्रवाई करे, ताकि कोई और व्यक्ति इस तरह के दबाव में आकर आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर न हो।

290 वारंटी पकड़ कर कोर्ट में पेश किये गये

कॉम्बिंग गश्त : रात में मैदान में रही पुलिस

जबलपुर। शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शुक्रवार रात जिलेभर में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। रात 9 बजे से शनिवार तड़के 2 बजे तक चली इस कार्रवाई में पुलिस ने कई वर्षों से फरार आरोपियों समेत कुल 290 वारंट तामील किए। अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा और सभी नगर पुलिस अधीक्षकों, एसडीओपी व थाना प्रभारियों की निगरानी में चलाया गया। शहर और देहात के सभी थानों की टीमों ने अलग-अलग इलाकों में दबिश देकर कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार कॉम्बिंग गश्त के दौरान 134 गैर म्यादी वारंट, 66

गिरफ्तारी वारंट और 90 जमानती वारंट तामील किए गए। इनमें कई आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस अभियान के लिए थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष टीमें बनाई गई थीं। कई टीमों की जिम्मेदारी उप निरीक्षक और सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को सौंपी गई थी। पुलिस ने जिलेभर में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी और सक्रिय बदमाशों की भी जांच की। कॉम्बिंग गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की गई। देर रात घूमने वालों से पूछताछ भी की गई। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उनका कहना है कि जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना और कानून का पालन सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है।

पमरे महाप्रबंधक ने जबलपुर–कटनी रेलखंड का निरीक्षण किया

संरक्षा और गुणवत्ता को ध्यान में रख कार्य करें

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने जबलपुर से कटनी रेलखंड का रियर विंडो निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य रेल परिचालन की सुरक्षा, ट्रैक संरक्षा, सिग्नलिंग व्यवस्था तथा यात्री एवं मालगाड़ी संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करना था। महाप्रबंधक ने जबलपुर से कटनी तक यात्रा के दौरान रेल पथ, सिग्नल प्रणाली, संरक्षा उपकरणों तथा ट्रैक अनुरक्षण कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण किया। कटनी पहुंचने पर उन्होंने डिपार्चर यार्ड, आरओएच डिपो, व्हील केयर यूनिट, टीआरएस शेड एवं डीजल शेड का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की।इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा रेलवे कर्मचारियों के लिए निर्मित टाइप-4 रेलवे क्वार्टर का उद्घाटन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को संरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।महाप्रबंधक ने कटंगी से न्यू मझगामा फाटक तक ग्रेड सेपरेटर कार्य का भी औचक निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।वापसी यात्रा के दौरान महाप्रबंधक ने न्यू मझगमा फाटक से जबलपुर तक पुनः रियर विंडो निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रैक की स्थिति, सिग्नल एवं दूरसंचार व्यवस्था, संरक्षा मानकों तथा रेल संचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा सहित मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अवमानना मामले में आदिवासी कल्याण आयुक्त को भी पेश होने के निर्देश

वारंट तामील न कराने पर भोपाल एसपी तलब

जबलपुर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अवमानना के एक मामले में पूर्व में जारी किए गए जमानती वारंट को तामील नहीं कराने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए भोपाल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को तलब किया है। एकलपीठ ने कहा कि सरकारी छुट्टियों का हवाला देकर वारंट तामील नहीं कराना स्वीकार्य नहीं है। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले में आदिवासी कल्याण विभाग के आयुक्त संजीव सिंह को भी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश देकर याचिका पर अगली सुनवाई 12 मई को नियत कर दी। रीवा जिले के जड़मनिया गांव निवासी शकुन्तला शर्मा की ओर से दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता के पति रमाकांत शर्मा आदिवासी कल्याण विभाग के तहत शासकीय हाईस्कूल पिपरही में भृत्य पद पर कार्यरत थे। उनके निधन के बाद भी परिवार को फैमिली पेंशन का लाभ नहीं दिया गया। इस मामले को लेकर में पूर्व में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने 12 अक्टूबर 2022 को आदेश देते हुए 90 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता के दावे का निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आरोपित है कि उक्त आदेश के बावजूद संबंधित अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद अवमानना याचिका दाखिल की गई। उच्च न्यायालय ने अवमानना मामले में नोटिस जारी कर अनावेदकों से जवाब तलब किया था । इस नोटिस के तामील होने के बावजूद संबंधित अधिकारी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए जिसे गंभीर मानते हुए उच्च न्यायालय ने 27 अप्रैल 2026 को आदिवासी कल्याण आयुक्त के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था और उक्त वारंट तामील कराने की जिम्मेदारी भोपाल एसपी को सौंपी गई थी। मामले में आगे हुई सुनवाई के दौरान अरेरा हिल्स थाना के थाना प्रभारी द्वारा न्यायालय में पेश रिपोर्ट में कहा गया कि 1 मई और उसके बाद सरकारी छुट्टियां होने के कारण आयुक्त के खिलाफ जारी जमानती वारंट तामील नहीं कराया जा सका। इस दलील को एकलपीठ ने खारिज करते हुए नाराजगी जताई।एकलपीठ ने कहा कि अधिकारी न केवल न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं करते, बल्कि नोटिस मिलने के बाद भी उपस्थित नहीं होते।एकलपीठ ने मामले को गंभीर मानते हुए भोपाल एसपी और आदिवासी कल्याण आयुक्त को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

इस रविवार को भी हुआ जैविक हाट का सफल आयोजन

जैविक हाट : खेत से थाली तक पहुंच रहा शुद्ध आहार

हरिभूमि जबलपुर।

जैविक उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और नागरिकों को रसायन मुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश से प्रत्येक रविवार को कृषि उपज मंडी में आयोजित किया जा रहा ₹जैविक हाट₹ हर सप्ताह सफलता की नई ऊंचाई हासिल कर रहा है। जैविक हाट में जहां प्राकृतिक खेती कर रहे जिले के किसानों की भागीदारी बढ़ रही है, वहीं उनके उत्पादों के खरीदारों की संख्या में भी सप्ताह दर सप्ताह वृद्धि दिखाई दे रही है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप किसानों की आय बढ़ाने और प्राकृतिक खेती अपना रहे कृषकों को विपणन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा आज रविवार को भी कृषि उपज मंडी में जैविक हाट का आयोजन किया गया। जैविक हाट में कृषि विभाग के अधिकारियों ने शिरकत कर जहाँ किसानों का उत्साहवर्धन किया, वहीं उपभोक्ताओं को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया।

किसानों को गुणवत्ता और प्रमाणन का भरोसा

जैविक हाट में संयुक्त संचालक कृषि के एस नेताम ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए किसानों से उनके उत्पादों की प्रमाणिकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की मंशा के अनुरूप जबलपुर को जैविक जिले के रूप में स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। संयुक्त संचालक ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से किसानों के खेतों का भ्रमण कर निरीक्षण करें, ताकि जैविक उत्पादों की शुद्धता बनी रहे। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि विभाग किसानों को बेहतर प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए जैविक प्रमाणन में पूरी मदद करेगा।

ई-विकास प्रणाली से सशक्त होंगे किसान

उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने किसानों को 'ई-विकास प्रणाली' की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से किसान आवश्यकतानुसार अपनी पसंद की दुकान से उर्वरकों की पूरी मात्रा प्राप्त कर सकते हैं। अब हाट बाजार में भी एक विशेष टीम तैनात रहेगी, जो किसानों को इस डिजिटल प्रणाली और उन्नत कृषि तकनीक के बारे में सलाह देगी।

जैविक उत्पाद, स्वास्थ्य में निवेश

कृषि अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि जैविक उत्पादों की खरीद को 'खर्च' के बजाय परिवार के बेहतर भविष्य के लिए 'निवेश' के रूप में देखें। जैविक हाट में किसानों से सीधे खरीदारी करने से न केवल रसायन मुक्त और शुद्ध उत्पाद मिलते हैं, बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होती है। रविवार को कृषि उपज मंडी में लगे हाट बाजार की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती रश्मि परसाई सहित विभाग के बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

सांसद कुलस्ते ने दिखाई हरी झंडी

मंडला फोर्ट से जबलपुर-छिंदवाड़ा के लिए सीधी रेल सेवाएं शुरू

जबलपुर। मंडला फोर्ट से जबलपुर और छिंदवाड़ा के लिए सीधी रेल सेवाएं शुरू हो गई हैं. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए मौजूदा पैसेंजर ट्रेनों का विलय कर नई एकीकृत सेवाएं शुरू की हैं. मंडला फोर्ट स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने इन सेवाओं का शुभारंभ किया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, डीआरएम दीपक गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे. सांसद ने ट्रेन के गार्ड और ड्राइवर को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं. सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने इस अवसर पर कहा कि मंडला फोर्ट से जबलपुर और छिंदवाड़ा के लिए अब सीधी और बेहतर ट्रेन सुविधा उपलब्ध होगी. उन्होंने भविष्य में इस मार्ग पर लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन की उम्मीद भी व्यक्त की. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के डीआरएम दीपक गुप्ता ने बताया मंडला-नैनपुर-जबलपुर और मंडला-नैनपुर-छिंदवाड़ा के बीच चल रही कुल छह ट्रेनों को मिलाकर तीन नई सेवाएं एक नई समय सारणी के साथ शुरू की गई हैं. इससे यात्रियों को ट्रेन बदलने की असुविधा से मुक्ति मिलेगी और उनकी यात्रा अधिक सुविधाजनक बनेगी।



ट्रेन की समय सारणी

जबलपुर–मंडला फोर्ट पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 51703) जबलपुर से 18:55 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 23:00 बजे आगमन/23:15 बजे प्रस्थान करेगी और मंडला फोर्ट 00:30 बजे पहुंचेगी.
मंडला फोर्ट–जबलपुर पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 51704) मंडला फोर्ट से 05:10 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 06:10 बजे आगमन/06:40 बजे प्रस्थान करेगी और जबलपुर 10:05 बजे पहुंचेगी.
जबलपुर–मंडला फोर्ट पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 51705) जबलपुर से 09:55 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 13:50 बजे आगमन/14:00 बजे प्रस्थान करेगी और मंडला फोर्ट 15:00 बजे पहुंचेगी.
मंडला फोर्ट–जबलपुर पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 51706) मंडला फोर्ट से 15:30 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 16:30 बजे आगमन/17:40 बजे प्रस्थान करेगी और जबलपुर 21:25 बजे पहुंचेगी.
छिंदवाड़ा–मंडला फोर्ट पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 58823) छिंदवाड़ा से 07:15 बजे प्रस्थान कर सिवनी 08:45 बजे आगमन/08:50 बजे प्रस्थान करेगी, नैनपुर 11:05 बजे आगमन/11:15 बजे प्रस्थान करेगी और मंडला फोर्ट 12:15 बजे पहुंचेगी. मंडला फोर्ट–छिंदवाड़ा पैसेंजर (ट्रेन क्रमांक 58824) मंडला फोर्ट से 15:00 बजे प्रस्थान कर नैनपुर 17:10 बजे आगमन/17:20 बजे प्रस्थान करेगी, सिवनी 18:39 बजे आगमन/18:41 बजे प्रस्थान करेगी और छिंदवाड़ा 21:00 बजे पहुंचेगी।

सादगीपूर्ण विवाह बना समाज सुधार की अनोखी मिसाल

जबलपुर। भारत एक ऐसा देश है जहाँ बेटियों को घर की लक्ष्मी कहा जाता है, लेकिन दूसरी ओर आज भी कई परिवार बेटियों के जन्म के साथ ही उनके विवाह और दहेज की चिंता में डूब जाते हैं। ऐसे समय में समाज को नई दिशा देने वाला एक प्रेरणादायी उदाहरण जबलपुर जिले की तहसील सिहोरा स्थित रुक्मणी पैलेस में देखने को मिला, जहाँ एक दिवसीय सत्संग समारोह के दौरान दहेज मुक्त एवं सादगीपूर्ण विवाह संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर वर सुदामा दास एवं वधु मोना (भारती) ने बिना किसी दिखावे, तामझाम, डीजे, बैंड-बाजे, हल्दी एवं अन्य फिजूल रस्मों के अत्यंत सादगी और आध्यात्मिक वातावरण में विवाह किया। विवाह समारोह ने उपस्थित लोगों के मन में गहरा प्रभाव छोड़ा और समाज को यह संदेश दिया कि विवाह कोई व्यापार नहीं, बल्कि पवित्र संस्कार है। विवाह के पश्चात वर-वधु ने बताया कि उन्हें यह प्रेरणा जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज से मिली है। संत जी अपने सत्संगों में बताते हैं कि जब रिश्ते ऊपर से तय होकर आते हैं और सादगीपूर्ण तरीके से विवाह संभव है, तो फिर दिखावे और कर्ज के बोझ में क्यों डूबा जाए।

श्रद्धालुगणों को अब सड़क से ही माँ नर्मदा जी का हो रहा है दर्शन

भिक्षावृत्ति, अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ निर्मल हुआ मां नर्मदा का तट

निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ गौरीघाट के तटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सराहा, इसी तरह नियमित रूप से व्यवस्थित रखने दिये निर्देश

स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यो को भी निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्वयं परखा और गति को बढ़ाने टीम के सदस्यों को दी समझाइश

जबलपुर। शहर के सभी गणमान्यजनों और जनप्रतिनिधियों के साकारात्मक सोच और सहयोग से संस्कारधानी की जीवनदायिनी माँ नर्मदा के तट अब अपनी बदली हुई सूरत और भव्यता के लिए पहचाने जाने लगे हैं। शासन की स्माईल प्रोजेक्ट के अंतर्गत नगर निगम के विशेष प्रयासों से गौरीघाट और आस-पास के तट अब पूरी तरह भिक्षावृत्ति और अतिक्रमण से मुक्त हो गए हैं। तटों पर दुकानें व्यवस्थित हो गई हैं और स्वच्छता की सुन्दर झलक दिखाई देने लगी है। इस बदलाव का सबसे अच्छा परिणाम यह है कि अब श्रद्धालुओं को मुख्य सड़क से ही माँ नर्मदा की अविरल धारा के दर्शन सुलभ हो रहे हैं।

निगमायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

निगमायुक्त ने अधिकारियों की टीम के साथ गौरीघाट के विभिन्न तटों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तटों पर व्याप्त सुव्यवस्थित वातावरण और स्वच्छता को देखकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और टीम की प्रशंसा की। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि इन व्यवस्थाओं को नियमित और स्थाई रूप से इसी तरह व्यवस्थित रखा जाए ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। तटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम के साथ-साथ थ्री आर सेन्टर की सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। यहाँ पर श्रद्धालू आकर सुकून के साथ बैठकर थ्री आर सेन्टर में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए शहर तैयार

भ्रमण के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि जबलपुर शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए तैयार है। शहर के नागरिकों में साकारात्मक ऊर्जा का भाव और माहौल दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आम जनभागीदारी से हम जबलपुर को स्वच्छता में अच्छी रैंकिंग दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्वच्छता अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का भी सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने स्वच्छता के मानकों को स्वयं परखा और फील्ड पर तैनात टीम के सदस्यों को समझाइश दी कि कार्यों की गति को और बढ़ाया जाए। उनका जोर इस बात पर रहा कि जबलपुर को स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष पर लाने के लिए हर स्तर पर गुणवत्तापूर्ण कार्य होना अनिवार्य है। उन्होंने एम.एल.बी. स्कूल परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और अधिक बढ़िया बनाने निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, सहायक आयुक्त अंकिता बर्मन, संभागीय अधिकारी पंकज अवस्थी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, उपयंत्री अरूण पटैल, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक वैभव तिवारी, श्रीमती अगस्ते, स्वास्थ्य निरीक्षक अमन चैरसिया, अभिषेक गोसवारी आदि उपस्थित रहे।

भाई से रंजिश : बहन पर किया हमला

जबलपुर। गढ़ा थानान्तर्गत महेशपुर राजीव गांधी स्कूल के समीप कल देर रात दो बदमाश मोटर साइकिल पर सवार होकर आये और पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक और मोहल्ले के लोगों को गालियां देने लगे। इस दौरान युवक की बहन आरोपियों से अपने भाई को बचाने दौड़ी तो आरोपियों ने बहन पर किसी नुकीली चीज से हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर मचने पर मोहल्ले के अन्य युवक भी आ गये तो हमलावर अपनी मोटर साइकिल से भागने लगे। तभी आरोपियों के मोटर साइकिल से गिर जाने के कारण वे मोटर साइकिल वहीं छोड़कर भाग गये। गढ़ा पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि महेशपुर राजीव गांधी स्कूल गढ़ा निवासी आकांक्षा दुबे के भाई आनंद दुबे का मोहल्ले के कृष्णा पंडित से पुराना विवाद चल रहा है कल देर रात कृष्णाा पंडित अपने काले रंग की मोटर साइकिल से आया मोटर साइकिल विक्रम पटेल चला रहा था और वह पीछे बैठा था दोनों आनंद दुबे और मोहल्ले के लोगों को गालियां दे रहे थे। आनंद दुबे पास में खड़ा था जिसे उसकी बहन आकांक्षा दुबे बचाने दौड़ी तो कृष्णा पंडित ने किसी नुकीली चीज से आकांक्षा दुबे की कलाई में हमलाकर उसे गंभीर चोटें पहुंचायी वहीं हमलावरों के बचने के प्रयास में आनंद दुबे दौड़कर घर के अंदर घुस गया। आवाज सुनकर मोहल्ले के गोलू कोरी, हर्ष महौर आये तो आरोपी अपनी मोटर साइकिल में बैठकर मौके से भागने लगे इस बीच उनकी गाड़ी अनियंत्रित होने से दोनों गाड़ी से नीचे गिर गये। इसके बाद हमलावर मोहल्ले वालों को धमकाते हुए अपनी मोटर साइकिल वहीं छोड़कर भाग गये।

संज्ञानः आयोग ने कलेक्टर से मांगा जवाब

98 हजार हितग्राहियों को तीन महीने से नहीं मिली पेंशन

जबलपुर। शहर में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े 98 हजार से अधिक हितग्राहियों को विगत तीन महीने से पेंशन नहीं मिलने का मामला सामने आया है। तीन श्रेणियों में हितग्राहियों को मिलने वाली पेंशन विगत तीन महीने से नहीं मिल पा रही है, इस कारण उन्हें जीवन यापन करने में कई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मप्र मानव अधिकार आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर जनहित में मप्र मानव अधिकार आयोग ने मामले में संज्ञान लिया है। प्रकरण पर आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकल पीठ ने मानव अधिकारो के उल्लंघन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

पानी एवं शौचालय को मोहताज स्कूल के बच्चे

जिले के ग्राम पंचायत छीतापाल, सिमरिया खुर्द की शासकीय प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होने का मामला सामने आया है। स्कूल में करीब 26 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं, लेकिन पीने के पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है और न ही शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। मप्र मानव अधिकार आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर जनहित में मप्र मानव अधिकार आयोग ने मामले में संज्ञान लिया है। प्रकरण पर आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकल पीठ ने मानव अधिकारो के उल्लंघन का मामला मानकर, जबलपुर के जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

ननि के विशेष अभियान में एक दिन में 36 श्वानों का बंधियाकरण

जबलपुर। शहर में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या और उनके काटने की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने अभियान को तेज कर दिया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार श्वानों के बधियाकरण और एंटी-रेबीज टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा ने बताया कि शनिवार को 09 मई 2026 शनिवार को शहर के उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया जहाँ से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। नगर निगम की टीम और माँ बगुलामुखी सेवा समिति के डॉग कैचर्स बजरंग नगर, विलैहरी, मंग्लेश्ररी कालोनी, ग्वारीघाट, बिलहरी, बिकनैर स्वीट्स, तिलहरी, तिलहरी, कचनार सिंटी, विजय नगर, यादव कालोनी, चंदन कालोनी गंगा नगर, वीर सावरकर वार्ड, स्वामी विवेकानंद वार्ड, हनुमानताल कुत्तों को पकड़ने की कार्यवाही की गयी।

कठौंदा केंद्र भेजे गए श्वान

उन्होंने ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 36 आवारा श्वानों को पकड़ा गया। इन सभी श्वानों को सुरक्षित रूप से जबलपुर के कठौंदा स्थित श्वान बधियाकरण केंद्र ले जाया गया है। यहाँ विशेषज्ञों की निगरानी में इनका बधियाकरण किया जाएगा और रेबीज से बचाव हेतु टीके लगाए जाएंगे।

हाईकोर्ट मुख्य पीठ जबलपुर में आयोजित हुआ उल्लास सांस्कृतिक कार्यक्रम

जबलपुर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जबलपुर में रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम "उल्लास" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीपति संजीव सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया, माननीय न्यायमूर्ति आनंद पाठक एवं माननीय न्यायमूर्ति विशाल धगट विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। जानकारी के अनुसार, ग्वालियर खंडपीठ में वर्ष 2024 और 2025 में सफल आयोजन के बाद पहली बार मुख्य पीठ जबलपुर में इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान फैंसी ड्रेस, ड्रॉइंग, निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं को तीन आयु वर्गों – 8 वर्ष तक, 9 से 14 वर्ष तथा 15 से 18 वर्ष – में बांटा गया था। इसके अलावा अभिभावकों एवं अधिकारियों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय प्रशासनिक न्यायाधीपति ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि यह आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें आगे बढ़ाने का सार्थक प्रयास है। इससे बच्चों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति विशाल धगट, माननीय न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह, न्यायमूर्ति विनय सराफ, न्यायमूर्ति दीपक खोते, न्यायमूर्ति रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन, न्यायमूर्ति बी.पी. शर्मा, रजिस्ट्रार जनरल धर्मेंद्र सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर कृष्णमूर्ति मिश्रा, मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के संचालक श्री उमेश पांडे, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की सदस्य सचिव सुश्री सुमन श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रोफेसर नियुक्ति विवादः चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय सहित अन्य से जवाब-तलब

जबलपुर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ववेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोद्योग विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी विभाग में प्रोफेसर के पद पर डॉ. अंजनेय कुमार पांडे की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले में सभी अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। चित्रकूट निवासी समाजसेवी बलराम सिंह की ओर से दायर याचिका में आरोपित है कि डॉ. अंजनेय कुमार पांडे के पास केवल बीई (बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग) की डिग्री है, जबकि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति के लिए संबंधित विषय में एमटेक और पीएचडी जैसी उच्च तकनीकी योग्यता आवश्यक है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि डॉ. पांडे के पास एमबीए और मैनेजमेंट विषय में पीएचडी की डिग्री है, लेकिन इसके बावजूद वे सिविल इंजीनियरिंग,इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन तथा ग्रामीण इंजीनियरिंग जैसे तकनीकी विषयों में एमटेक और पीएचडी छात्रों को पढ़ा रहे हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि निर्धारित योग्यता नहीं होने के बावजूद डॉ. पांडे को प्रोफेसर नियुक्त किया गया और बाद में विभागाध्यक्ष (एचओ डी) जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी भी दी गई। आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए याचिका में दावा किया गया है कि डॉ. पांडे को लेक्चरर पद पर 6 सितंबर 1993 और 9 मार्च 1994, दो अलग-अलग तिथियों से नियमित दिखाया गया है। याचिका में इसे गंभीर प्रशासनिक अनियमितता बताते हुए कहा गया है कि एक ही व्यक्ति की एक ही पद पर दो अलग-अलग तारीखों से नियमित नियुक्ति रिकॉर्ड में हेराफेरी और मिलीभगत की ओर संकेत करती है। दायर याचिका में डॉ. अंजनेय कुमार पांडे की नियुक्ति निरस्त कर नियुक्ति से जुड़े सभी मूल दस्तावेज सुरक्षित रखने एवं जब्त करने के निर्देश दिए जाने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रवीण कुमार वर्मा ने पक्ष रखा।एकलपीठ ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में नोटिस जारी कर अगली प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जिले में बादल छाएंगे बूंदाबांदी की संभावना

तड़ित झंझावात के बीच वज्रपात की चेतावनी

जबलपुर। पश्चिमी विक्षोप की वजह से मौसम के मिजाज कभी गरम कभी नरम बन रहे हैं. सुबह से तेज धूप खिल जाती है, दोपहर में कड़ी गर्मी का अहसास होता है. शाम ढलते ही बादलों की आवाजाही के बीच बूंदाबांदीहोने लगती है. मई के महीने में मौसम के मिजाज पटरी पर नहीं आ पा रहे हैं।

बादलों और बूंदाबांदी की वजह से पारा औसत से नीचे चल रहा है. लेकिन गर्मी की सेहत पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है. तेज तपन और उमस बनी रहती है. अगले 24 घंटों के दौरान जिले के कुछ स्थानों पर हलकी वर्षा के साथ साथ तेज हवाएं चलने की संभावनाएं हैं. मौसम विभाग के मुताबिक हवाओं की रफ्तार 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटे की हो सकती है. इस दौरान तड़ित झंझावात और वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है. स्थानीय मौसम केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान के ऊपर लो प्रेशर की वजह से बादलों की आवाजाही बनी हुई है, लेकिन 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली पश्चिमी हवाओं के बावजूद तापमान ऊपर पहुंच गया। जिससे गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाये। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कई स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.09 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 44 प्रतिशत और सायंकाल 26 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 37.8 और न्यूनतम तापमान 25.5 दर्ज किया गया था। सूर्योदय सुबह 5.31 और सूर्यास्त 6.42 बजे होगा. प्रदेश में सबसे अधिक 44 डिग्री तापमान रतलाम जिले में दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिमी हवाएं 4-5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर तड़ति झंझावत के साथ तेज हवाएं चलने और हल्की वर्षा की संभावना है।

फार्म लैंड बन रहा था रेसिडेंशियल कॉलोनी!

- न रेरा का पता और न ही टीएंडसीपी परमिशन
- पनागर बड़ेरा डेम के पास अनमोल फार्म हाउस में खुद के जुबानी दावे

पनागर। फार्म हाउस और फार्म लैंड के नाम पर प्लॉट काटिंग करने जिले में बिल्डर्स इन सफेदपोश ने फार्म हाउस के नाम पर सैकड़ों भूखंड का विक्रय किया जा रहा है। यहां पर सारे नियम-कायदों ताक पर रखकर बिल्डर्स खेल रहे हैं। अधिकांश बिल्डर्स ने तो फार्म हाउस के नाम पर केवल गांव पंचायत से अनुमति लेकर भूखंड का विक्रय कर दिया है। यहां पर डायवर्सन, टीएंडसीपी, एसडीएम और रेरा जैसे महत्वपूर्ण नियमों का लगातार अनदेखी की जा रही है। पनागर तहसील अंतर्गत बड़ेरा डेम के समीप अनमोल फार्म हाउस में सारे नियमों को ताक पर रखकर शासन के राजस्व को लाखों रुपयों का चूना लगाया जा रहा है। फार्म हाउस के नाम पर केवल 2 एकड़ की भूमि में 16 खंड अलग-अलग आकार में काटकर विक्रय किए जा रहे हैं। महगवां ग्राम पंचायत की अनुमति लेकर तक भूखंडों को 300 रुपये प्रति वर्ग फीट पर बेचा जा रहा है। विक्रय करने के लिए सोशल मीडिया और टीवी चैनलों का सहारा लिया जा रहा है। यहां टीएंडसीपी और रेरा की कोई अनुमति लिए बिना हाईवे में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इतना ही नहीं यहां की बड़ेरा डेम में एरिया में फार्म हाउस बनाकर प्राकृतिक सौंदर्य को भी प्रभावित किया जा रहा है।

3 साइज में तैयार किए फार्म लैंड

अनमोल फार्म के नाम पर महज 2 एकड़ की भूमि में 16 फार्म लैंड विक्रय करने का दावा कर रहे हैं। संचालक अनमोल श्रीवास्तव 5000, 8000 और 10,000 वर्ग फीट के आकार के 3 साइज में फार्म लैंड बेचने के लिए तैयार किए हैं। यहां तक पहुंचने के लिए कच्चाकृत 26 फीट की रोड प्रस्तावित है। इतना ही नहीं फार्म लैंड के नाम पर प्रवेश द्वार, गार्ड रूम, कैंपस वॉल जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

एक एकड़ से कम में नहीं बन सकते फार्महाउस

1. कृषि भूमि पर फार्महाउस बनाने के लिए डायवर्सन अनिवार्य है। 2. टीएंडसीपी एक एकड़ भूमि पर बनाए जाने का नियम है, लेकिन यहां 5-10 हजार वर्गफीट और उससे भी छोटे फार्महाउस बेचे जा रहे हैं। 3. फार्महाउस के लिए मप्र भूमि विकास नियम 2012 के तहत टीएंडसीपी की अनुमति और नक्शा अनिवार्य है, लेकिन अनुमति नहीं ली है। 4. कुल जमीन के अधिकतम 15 प्रतिशत हिस्से में ही निर्माण की अनुमति होती है, लेकिन यहां छोटे प्लॉट भी बेचे जा रहे हैं।

बिना रेरा के हो रहा प्रचार-प्रसार

रेरा और टीएंडसीपी मंजूरी के बिना भूखंड या रियल एस्टेट प्रोजेक्ट का विज्ञापन, मार्केटिंग, बुकिंग अथवा बिक्री अवैध है। रेरा कानून के तहत प्रमोटर को प्रोजेक्ट के विज्ञापनों में अनिवार्य रूप से रेरा रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख करना होता है। इसके तहत किसी भी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट का प्रचार करने से पहले उसका रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। नगर एवं ग्राम निवेश की अनुमति के बिना भूमि का व्यावसायिक उपयोग या प्लॉटिंग करना भी अवैध है। बिना पंजीकरण के विज्ञापन करने पर रेरा प्रमोटर पर भारी जुर्माना लगा सकता है।

इसलिए जरूरी है रेरा रजिस्ट्रेशन

1. 500 वर्ग मीटर से ज्यादा जमीन के प्रोजेक्ट पर रेरा के नियम लागू होते हैं। 2. इस प्रोजेक्ट में कुल 16 फार्महाउस बेचे जा रहे हैं। 3. सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधियां होने पर यहां सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था की गई है। 4. प्रोजेक्ट में आरसीसी कैंपस और प्रवेश द्वार जैसी सुविधाएं हैं या कैंपस बनाया जा रहा है। 5. अगर प्रोजेक्ट किसी बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा है या फिर कई साझेदार मिलकर प्रोजेक्ट बना रहे हैं।

यह कहती है नियमावली

जानकारी के अनुसार जिले के ग्रामीण इलाकों में 5000 वर्ग फीट के फार्म लैंड के विक्रय के लिए टीएंडसीपी की अनुमति अनिवार्य है। नियम स्पष्ट करते हैं कि कृषि भूमि में रेरा कॉलोनी विकास के अंतर्गत नहीं आती। यदि कृषि भूमि के बड़े छोटे-छोटे टुकड़ों (5000 वर्ग फीट या अन्य आकार) में विभाजित कर उसे फार्म हाउस, रेजिडेंशियल प्लॉट या गार्डन प्लॉट के रूप में बेचा जा रहा हो, तो इसे कॉलोनी विकास माना जाता है। इसके लिए कलेक्टर और टीएंडसीपी से कॉलोनाइजर लाइसेंस और लेआउट प्लान की मंजूरी अनिवार्य है।

टीएंडसीपी अनिवार्य नहीं

हम जबलपुर शहर से 30 किमी. दूरी पर फार्म लैंड विक्रय कर रहे हैं। यहां की जमीन के अनुमोदन हेतु ही 5 हजार से 10 हजार वर्गफीट अलग-अलग फार्म लैंड बनाए गए हैं। ग्राम पंचायत की सभी आवश्यक अनुमति हमारे पास है।

अनमोल श्रीवास्तव, संचालक, अनमोल फार्म

केन्ट के नेहरू नगर में देर रात बमबाजी

जबलपुर। केन्ट थाना अंतर्गत नेहरू नगर स्थित बस्ती में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते एक घर पर बम फेंककर हमला कर दिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन विस्फोट से घर की पीछे की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है. केन्ट पुलिस के मुताबिक नेहरू नगर निवासी 36 वर्षीय मारिमा स्वामी बंगले में खाना बनाने का काम करती हैं। बीती रात करीब 2:45 बजे वह अपने बेटे देव स्वामी के साथ घर में सो रही थीं। इसी दौरान मोहल्ले के आशीष फ्रांसिस, गणेश गौड़ और प्रवीण उर्फ सानू कौष्टा वहां पहुंचे और घर की ओर बम फेंकना शुरू कर दिया। तेज धमाकों की आवाज सुनकर मारिमा और उनका बेटा बाहर निकले तो इलाके में धुआं फैला हुआ था। उन्होंने तीनों आरोपियों को गली से भागते हुए भी देखा। हमले के बाद परिवार ने देखा कि घर के पीछे की दीवार पर विस्फोट के निशान हैं और एक बम बिना फटे पड़ा हुआ मिला। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी अपने घरों से बाहर निकल आए थे। पूछताछ में मारिमा स्वामी और उनके बेटे ने पुलिस को बताया कि आरोपियों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। इसी विवाद के चलते आरोपियों ने हमला किया। परिवार का कहना है कि इससे पहले भी आरोपी उन्हें परेशान करने की कोशिश कर चुके हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खरीदी केंद्र बंद होने से फूटा किसानों का गुस्सा

65 हजार क्विंटल स्लॉट बुकिंग के बाद अचानक तौल बंद, 20 किलोमीटर दूर भेजे जा रहे किसान

पनागर। समिति कुशनेर अंतर्गत संचालित MPWLC शाखा बड़खेरा पनागर खरीदी केंद्र में गेहूं उपार्जन कार्य अचानक बंद किए जाने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि प्रशासनिक अव्यवस्था और लापरवाही का खामियाजा अब सीधे अन्नदाता किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार खरीदी केंद्र में लगभग 65 हजार क्विंटल गेहूं की स्लॉट बुकिंग पहले ही हो चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद अचानक तौल कार्य रोक दिया गया। इससे सैकड़ों किसान परेशान होकर दर-दर भटकने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि अभी भी करीब 389 किसानों की तौल शेष है, लेकिन खरीदी केंद्र बंद कर दिए जाने से उनकी उपज खुले में पड़ी हुई है। किसानों ने आरोप लगाया कि दिनांक 08 मई 2026 को खरीदी स्थल पर मौजूद खाद्य विभाग के अधिकारी एवं JSO द्वारा यह कहकर किसानों को वापस लौटा दिया गया कि वेयरहाउस में स्टॉक रखने की जगह नहीं बची है। इसके बाद किसानों को महिला संगठन द्वारा संचालित शुभी एग्रो लॉजिस्टिक, सिमरिया रोड स्थित खरीदी केंद्र भेजने के निर्देश दे दिए गए। सबसे बड़ी समस्या यह है कि नया खरीदी केंद्र लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है। ऐसे में छोटे एवं गरीब किसानों के सामने भारी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों का कहना है कि वे पहले ही ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं मजदूरी का किराया लगाकर अपनी उपज बड़खेरा केंद्र तक ला चुके हैं, लेकिन अब दोबारा दूसरी जगह ले जाने के लिए अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि वेयरहाउस में जगह नहीं थी तो पहले स्लॉट बुकिंग क्यों की गई? किसानों का आरोप है कि अधिकारियों की लापरवाही के

कारण उन्हें मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। आक्रोशित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि MPWLC शाखा बड़खेरा पनागर केंद्र में तत्काल पुनः खरीदी कार्य शुरू कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और उनकी उपज समय पर तौली जा सके। इस संबंध में किसानों द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। प्रमुख रूप से मनोज पटेल, अशोक पटेल, सौरभ पटेल, विपिन पटेल, सौरभ मिश्रा, सुशील केवट, कल्लू नेता काछी, नरेश लोधी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

सुशील पटारिया (मुन्नू पंडा) उपाध्यक्ष नियुक्त

जबलपुर। लखन घनघोरिया पूर्व कैबिनेट मंत्री, मध्य प्रदेश शासन एवं वर्तमान विधायक, अभिषेक चंदेल, ब्लॉक अध्यक्ष की अनुशंसा पर सुशील पटारिया (मुन्नू पंडा) को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर मुन्नू पंडा ने बताया कि जिला अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने रितेश गुप्ता, जिला महासचिव के साथ मिलकर मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है। मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में पूर्ण विश्वास के साथ ब्लॉक स्तर पर अपनी जिम्मेदारी निभाऊंगा और अपने ब्लॉक में पार्टी को हर चुनाव में विजय दिलाने के लिए काम करूंगा। राधा कृष्ण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष पद पर मेरी नियुक्ति के लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

पाटन में लगातार हो रही चोरी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। आवेदक विवेक बवेले पिता पं. श्रीकांत बवेले निवासी सिद्धेश्वरी छाया वार्ड नम्बर 5 ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पाटन स्थित घर तथा नगर एवं ग्रामीण अंचलों में लगातार हो रही चोरियों पर कार्यवाही की मांग की है। आवेदन में बताया गया कि मेरे घर में 25 अप्रेल 2026 की रात्रि अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर सोना, चांदी तथा नगद कुल 14,30,000 रुपये की चोरी कर ली। यह चोरी सिर्फ मेरे घर की नहीं, बल्कि पाटन नगर एवं ग्रामीण अंचलों में सैकड़ों चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, यहां चोरी का सिलसिला लगातार जारी है। पाटन पुलिस की लचर कार्यप्रणाली के कारण चोरों के मन से पुलिस का खौफ जा चुका है। इन घटनाओं से न केवल नागरिकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि पुलिस प्रशासन पर लोगों का विश्वास भी कम हो रहा है। इन वारदातों से आहत नगर एवं ग्रामीण अंचलों का जनमानस 13 मई को बड़ा प्रदर्शन कर पाटन थाना को घेराव करेगा। आंदोलन के बाद नगर एवं ग्रामवासियों द्वारा पाटन बंद का शंखनाद भी किया जाएगा। अतः आपसे निवेदन है कि मेरे एवं ग्रामीण अंचलों में निवासरत उन पीड़ित परिवारों जिनके घरों में चोरियां हुई हैं, उनके पक्ष में न्यायोचित कार्यवाही की जाए। जबलपुर क्राइम ब्रांच द्वारा एक विशेष दल का गठन कर इन चोरों को पकड़वाने तथा इन पर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

सशक्त हस्ताक्षर का चतुर्थ वार्षिक उत्सव संपन्न

कवि सम्मेलन, कृति विमोचन एवं अलंकार समारोह आयोजित

जबलपुर। "साहित्यकार का दायित्व है कि वो अतीत के ज्ञान, वर्तमान की तकनीकी और भविष्य की स्थितियों का आकलन करते हुए समाज को सार्थक दिशा प्रदान करे। साहित्यकार युग दृष्टा होता है।" तदाशय के उद्गार साहित्य, समाज, संस्कृति के पथ पर गतिशील, राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था सशक्त हस्ताक्षर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव, विराट कवि सम्मेलन, विमोचन एवं अलंकरण समारोह में अतिथियों ने व्यक्त किये। समारोह का संयोजन संस्थापक गणेश प्यासा ने किया। मुख्य अतिथि मुंबई की रजनी साहू सुधा थीं। अध्यक्षता आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. अन्नपूर्णा तिवारी अनु मंडला, आनंद ज्योति

पाठक, डॉ. कुमकुम शुक्ला, रत्ना श्रीवास्तव, डॉ. सुरेन्द्रलाल साहू निर्विकार थे। कवि संगम त्रिपाठी ने सशक्त हस्ताक्षर की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कृतियों का विमोचन

इस अवसर पर रजनी साहू की कृति 'समवेत स्वर', डॉ. अन्नपूर्णा तिवारी की कृति 'सृजन मेरे भाव मेरे' का विमोचन हुआ।

कवि सम्मेलन

समारोह में विविध शहरों से आये कवियों ने काव्य रस वर्षा की जिसमें मदन श्रीवास्तव, अरुण शुक्ल, लखन रजक, सिद्धेश्वरी सराफ शीलू, तरुणा खरे, प्रीति नामदेव भूमिजा, डॉ. निवेदिता वर्मा मेघा, डॉ. ललिता यादव बिलासपुर, सुरेश सचान पटेल कानपुर, अमरसिंह वर्मा प्रमुख थे।

सपा ने निजी अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। बरगी हादसे के बाद सामने आई स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि हादसे में घायल लोगों को बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के एम्बुलेंस में बैठाकर निजी अस्पताल भेज दिया गया, जहां उनसे इलाज के नाम पर जबरन 4,700 रुपये वसूले गए, जबकि टिटनेस के इंजेक्शन और सामान्य उपचार की वास्तविक लागत बेहद कम थी। पीड़ितों के पास न पैसे थे, न मोबाइल, फिर भी उन पर भुगतान का दबाव बनाया गया, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था में व्याप्त लूट-खसोट उजागर होती है। मिश्रा ने प्रशासन पर सिर्फ औपचारिक कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया कि ऐसे मामलों में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की जाती और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

नुनसर चौकी का घेराव कर किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

जबलपुर। जिले के नुनसर चौकी क्षेत्र में उस समय तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जब समस्त जबलपुर कुर्मी क्षत्रिय समाज, ओबीसी महासभा, एससी एसटी समुदाय ने एकजुट होकर चौकी का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कथित रूप से धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज पर की गई टिप्पणियों का ग्राम लुहारी (सूखा) निवासी अविनाश पटेल ने भी वीडियो के माध्यम अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर विरोध जताया था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उक्त प्रतिक्रिया पर अविनाश पर कुछ सामंतवादी मानसिकता के लोगों द्वारा झूठी शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर नुनसर चौकी प्रभारी विपिन तिवारी ने बिना निष्पक्ष जांच के कार्रवाई करते हुए अविनाश को घर से उठा लिया। इस घटनाक्रम से समाज में गहरा

आक्रोश व्याप्त है। कुर्मी समाज के लोगों ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति के खिलाफ अन्याय नहीं, बल्कि पूरे समाज की गरिमा पर आघात है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच कर न्याय नहीं दिया गया, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग चौकी परिसर पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि अब वे संगठित होकर हर प्रकार के अन्याय का विरोध करेंगे और अपनी आवाज को दबने नहीं देंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एड. इंद्र कुमार पटेल, कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष कुर्मी विवेक चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, राजकिशोर पटेल, अविनाश पटेल, निशांत पटेल, मनोज पटेल, आशीष पटेल, मिथलेश ठाकुर, धीरज ठाकुर, गोविंद पटेल, आयुष पटेल, राम पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी के विखंडन के विरोध में मानव अधिकार संगठन ने सौंपा ज्ञापन

मुख्यमंत्री से प्रस्ताव तत्काल निरस्त करने की मांग

जबलपुर। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी के विखंडन के प्रस्ताव के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने इस प्रस्ताव को जबलपुर एवं महाकौशल क्षेत्र के हितों के विरुद्ध बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जबलपुर ऐतिहासिक, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से मध्यप्रदेश का प्रमुख केंद्र रहा है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के बाद मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना ने जबलपुर को स्वास्थ्य शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में नई पहचान दी है। ऐसे में मेडिकल यूनिवर्सिटी के विखंडन का प्रस्ताव क्षेत्र की जनता, विद्यार्थियों, चिकित्सकों एवं आमजन की भावनाओं के विपरीत है।ज्ञापन में कहा गया कि मेडिकल यूनिवर्सिटी का जबलपुर में स्थापित रहना न केवल क्षेत्रीय संतुलन, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा के विकास के लिए भी आवश्यक है। यदि इसका विखंडन किया जाता है तो इससे जबलपुर की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गरिमा प्रभावित होगी।मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि-जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी के विखंडन के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।

"कार्टूनिस्ट झुकेगा नहीं..."

मई दिवस कार्टून प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुए प्रतिभागी

जबलपुर। "कार्टूनिस्ट की कलम एक सर्जन की छुरी जैसे चलती है, इसके प्रहार से समाज के रोगग्रस्त हिस्से पर प्रहार होता। एक सर्जन और कार्टूनिस्ट की कलम भय या दबाव से कांपनी नहीं चाहिए।" उक्त आशय के उदगार व्हीकल फैक्टरी मज़दूर यूनियन द्वारा मई दिवस और विश्व कार्टून दिवस के अवसर पर पिछले 33 वर्षों से अनवरत जारी कार्टून प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एक भव्य समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पीके जुएल द्वारा व्यक्त किए गए। सामुदायिक भवन वीएफजे में कार्टून स्पर्धा आयोजित की गई थी जिसमें पांच वर्गों में कक्षा 01 से कक्षा 12 तक तथा मुक्त वर्ग के लगभग 800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। 09 मई को इस स्पर्धा का पुरस्कार वितरण सम्पन्न

हुआ।

इस अवसर पर आयोजित कार्टून प्रदर्शनी में मुक्त वर्ग के विषय "युद्ध मानवता का भक्षक" पर बेहद तीखे और समसामयिक कार्टून देखते बनते थे। यूनियन द्वारा इस वर्ष के सभी पुरस्कारों को हाल ही में दिवंगत हुए युवा श्रमिक नेता असीम दुबे को समर्पित करते हुए, असीम दुबे स्मृति पुरस्कार के रूप में प्रदान किए गए। इस अवसर पर 'रंगवेद' ग्रुप द्वारा 'उत्तर कामायनी (परमाणु की अंतिम ध्वनि)' नाट्य का मंचन संस्कारधानी के ख्यातिलब्ध रंगकर्मी वेद प्रकाश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विजित प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ. पीके जुएल तथा डॉ. अनुपम राय द्वारा ट्रॉफी और उपहार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कॉम. बी.बी. गुहाठाकुरता तथा विख्यात रंगकर्मी द्वय वीएम इग्नेशियस व दलीप वैरागी की गरिमामय उपस्थिति ने प्रतिभागियों और यूनियन कार्यकर्ताओं के मनोबल और उत्साह को दोगुना कर दिया। राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कार्टूनिस्ट राजेश दुबे द्वारा प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम का संचालन कॉम. नवीन सिंह द्वारा किया गया।

महिला ने एसपी कार्यालय में खाईं गोलियां

मोहल्ले वालों की प्रताड़ना से मासूम बच्ची के साथ न्याय मांगने पहुंची महिला

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उस वक्त सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो गए, जब एक पीड़ित महिला ने कार्यालय परिसर के भीतर ही गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। महिला अपनी 3-4 साल की मासूम बच्ची को गोद में लेकर न्याय की गुहार लगाने पहुंची थी। घटना के बाद कार्यालय में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस कर्मियों ने महिला को उपचार हेतु जिला अस्पताल विक्टोरिया पहुंचाया।जानकारी के अनुसार अधारताल थाना क्षेत्र के धनी कुटिया की रहने वाली अंजू पांडे (उम्र लगभग 35 वर्ष) पिछले काफी समय से मानसिक तनाव में थी। अस्पताल में उपचार के दौरान अंजू ने बताया कि उसके मोहल्ले के कुछ लोग उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। इस संबंध में उसने कई बार आधारताल थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। थक-हारकर वह आज जिला मुख्यालय स्थित एसपी ऑफिस पहुंची थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिला अपनी छोटी बच्ची के साथ कार्यालय परिसर में खड़ी थी, तभी अचानक उसने अपनी जेब से कुछ गोलियां निकाली और उन्हें निगल लिया। यह देखकर वहां मौजूद अधिकारी और कर्मचारी सकते में आ गए। पुलिस ने तत्काल वाहन की व्यवस्था की और उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

श्री श्याम सुंदर यादव- मौलाना गली कोतवाली निवासी श्री श्याम सुंदर यादव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कु. रंजना सोनकर- भरतीपुर मोतीमहल धर्मकांटा के पास निवासी श्री ज्ञानचंद सोनकर की पुत्री कु. रंजना सोनकर (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सावित्री दुबे- अनमोल वाटिका पाटन रोड निवासी श्री शिव कुमार दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री दुबे (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री महंत सिंह ठाकुर- बेलबाग टोरिया निवासी श्री महंत सिंह ठाकुर (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

कु. रूचि पासी- बिलहरी जनता स्कूल के पास निवासी श्री नारायण पासी की पुत्री कु. रूचि पासी (07) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संदीप सोंधिया- कांचघर नई बस्ती निवासी श्री शेषमन सोंधिया के पुत्र श्री संदीप सोंधिया (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राजेश मोरे- रामपुर आजाद चौक शनि मंदिर के पास निवासी श्री राजेश मोरे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री नरेंद्र कुमार- पेंटीनाका सदर निवासी श्री नरेंद्र कुमार (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री पंजीलाल बर्मन- पुरानी बस्ती सुहागी निवासी श्री मोती लाल बर्मन के पुत्र श्री पंजीलाल बर्मन (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री श्याम लाल जायसवाल- शीतलामाई निवासी श्री श्याम लाल जायसवाल (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

कु. फाल्गुनी पीपरे- कटरा अधारताल निवासी श्री राजेंद्र पीपरे की पुत्री कु. फाल्गुनी पीपरे (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री एमजी रावल- अंधेरदेव निवासी श्री एमजी रावल (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

शासकीय कालेज में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन

सिहोरा। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन इतिहास विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यार्थियों के मध्य प्रधानमंत्री का स्वाभिमान पर्व पर दिया गया संबोधन प्रसारित किया गया। प्रधानमंत्री ने सोमनाथ को केवल एक मंदिर नहीं,बल्कि भारत की अस्मिता और आत्मविश्वास का प्रतीक बताया। उनके संबोधन के मुख्य स्तंभ ये थेः आतंक और निर्माण की जंगः उन्होंने कहा कि जो शक्तियाँ तोड़ने वाली हैं जो आतंक के बल पर साम्राज्य खड़ा करना चाहती हैं वे कुछ समय के लिए हावी भले हो जाएं लेकिन उनका अस्तित्व कभी स्थायी नहीं होता।अटल श्रद्धाः सोमनाथ मंदिर को कितनी ही बार तोड़ा गया इसकी मूर्तियों को खंडित किया गया लेकिन इसे उतनी ही बार फिर से खड़ा किया गया। यह इस बात का प्रमाण है कि सत्य को असत्य से हराया नहीं जा सकता।इतिहास से सीखः उन्होंने जोर दिया कि इतिहास हमें सिखाता है कि आस्था को कभी भी आतंक से कुचला नहीं जा सकता। उसके पश्चात विद्यार्थियों ने सोमनाथ के इतिहास पर प्रकाश डाला। इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ.एस.के.मेहरौलिया द्वारा भी सोमनाथ के गौरवशाली इतिहास पर व्याख्यान दिया गया। समस्त कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्य प्रो एम के श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए।

सिहोरा आबकारी विभाग ने जप्त की 29 हजार की अवैध मदिरा

सिहोरा। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार मदिरा के अवैध निर्माण,विक्रय,संग्रहण एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने के मद्देनज़र कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में एवं सहायक आबकारी आयुक्त संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के परिवहन की सूचना पर वृत सिहोरा के अंतर्गत जुझारी बायपास में नहर के पास थाना गोसलपुर के अंतर्गत एक काले रंग की पल्सर मोटर साईकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर एम.पी 20 जे के 4224 मैं रख कर 02 थैलों में अवैध मदिरा परिवहन करते हुए तलाशी के दौरान क्रमशः100 पाव 180 एम एल देसी मदिरा प्लेन एवं 200 पाव 180 एम एल देसी मदिरा मसाला कुल 300 पाव 54.0 बल्क लीटर देशी मदिरा बरामद कर,आरोपी आशीष कोल

पिता प्रकाश कोल उम्र 19 वर्ष ग्राम कुन्सरी थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधन 2000) की धारा 34(1) क एवं 34 (2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त प्रकरण में मौके से फरार आरोपी चिक्की उर्फ भूपेंद्र सिंह राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी गोसलपुर की पतासाजी जारी है। उक्त प्रकरण में मदिरा की कीमत 29000/- एवं मोटरसाईकिल 40000/-रूपये) आंकी गई है। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक आर.एस.मरावी आबकारी मुख्य आरक्षक नेक लाल बागरी आरक्षक सुरेंद्र जायसवाल,संतलाल मरावी,फूल सिंह एटिया आदि उपस्थित रहे।

पश्चिम एशिया संकट से ऊंचे बने रहेंगे कच्चे तेल के दाम : एडीबी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के लंबा खिंचने की आशंका के चलते कच्चे तेल के दाम अभी ऊंचे स्तर पर बने रहेंगे। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने यह बात कही है। पार्क ने कहा, कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रहने की आशंका के बीच हमारा अनुमान है कि नए परिदृश्य में यह 2026 में औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। 2027 में यह 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। इसलिए हमारा मानना है कि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि वायदा कीमतें भी ऊंची बनी हुई हैं। हालांकि, उन्होंने कहा, 'हमने हमेशा हाजिर बाजार की कीमतों और निकट के वायदा बाजार में एक तरह का प्रीमियम भी देखा है क्योंकि अभी कच्चे तेल की बहुत कमी है।'

एशियाई विकास बैंक ने कहा, भारत की वृद्धि दर घटेगी

वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 4.7 फीसदी किया

एडीबी ने 29 अप्रैल को अपनी विशेष अद्यतन रिपोर्ट में 2026 के लिए एशिया प्रशांत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.7 प्रतिशत कर दिया है। खाद्य उत्पादन पर एल नीनो के असर के बारे में पूछे जाने पर पार्क ने कहा, बेशक, यह बहुत अनिश्चित है।

भारत का असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है

जाहिर है जब भी भारत में फसल खराब होती है, तो हमें एक समस्या होती है, ज्यादा कीमतों के साथ। चावल के वैश्विक व्यापार में भारत का एक बड़ा हिस्सा है। इसलिए भारत में जो कुछ भी होता है, उसका अक्सर दूसरे देशों पर भी बड़ा असर पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती उर्वरक कीमतों के अलावा यह भी चिंता का एक कारण है।

महंगाई के कारण वृद्धि दर अनुमान घटाया

एडीबी ने अप्रैल में अनुमान लगाया था कि मजबूत घरेलू मांग की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत के स्तर पर मजबूत बनी रहेगी। अगले वित्त वर्ष में यह बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो जाएगी। महंगाई के मामले में, एडीबी ने मौजूदा वित्त वर्ष में इसके 4.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था।

इस वर्ष महंगाई भी काफी बढ़ जाएगी

पश्चिम एशिया संकट का भारत पर क्या असर होगा, इस बारे में पार्क ने कहा कि इससे देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में 0.6 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे यह 6.3 प्रतिशत रह जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा इससे मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई भी काफी बढ़ जाएगी।

खबर संक्षेप

गोदरेज प्रॉपर्टीज का 39,000 करोड़ बिक्री बुकिंग का लक्ष्य

नई दिल्ली। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अपनी बिक्री बुकिंग 14 प्रतिशत बढ़ाकर 39,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य तय किया है। आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के चलते उसकी वृद्धि की रफ्तार जारी रहेगी। चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनी को अपने लक्ष्य को हासिल करने में किसी बड़ी बाधा की आशंका नहीं है।

एलटीटीएस के सीईओ चड्ढा का वेतन 17 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक अमित चड्ढा को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 14.96 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक या वेतन और भत्ते मिले हैं। यह राशि इससे पिछले साल की तुलना में 17.4 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चड्ढा के पारिश्रमिक में 5.77 करोड़ रुपये का मूल वेतन, 2.62 करोड़ रुपये का कमीशन और 1.68 करोड़ रुपये का परिवर्तनशील वेतन शामिल था।

एक्जिम बैंक के लाभ में 32 फीसदी का इजाफा

इंडिया एक्ज़िम बैंक India Exim Bank

नई दिल्ली। भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) का वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध लाभ 32 प्रतिशत बढ़कर 4,273 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में 3,243 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एक्जिम बैंक ने बताया कि पूरे वित्त वर्ष (2025-26) के दौरान उसका कुल कारोबार 13.31 प्रतिशत बढ़कर 4.50 लाख करोड़ पर पहुंच गया, जबकि शुद्ध ऋण पोर्टफोलियो लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.07 लाख करोड़ रुपये रहा।

सीएमएस को एचडीएफसी से एटीएम प्रबंधन का ठेका

मुंबई। सीएमएस इन्फो सिस्टम्स को एचडीएफसी बैंक से करीब 400 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। इसके तहत कंपनी अगले पांच साल तक बैंक के 6,000 एटीएम का प्रबंधन करेगी। कंपनी की ओर से रविवार को जारी बयान के अनुसार, यह एकीकृत एटीएम प्रबंधित सेवा आउटसोर्सिंग अनुबंध है, जिसके अंतर्गत सीएमएस करेंसी फोरकास्टिंग, नकदी लॉजिस्टिक और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित समाधान भी उपलब्ध कराएगी।

डाइस की परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करेगी जैगल

नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित खर्च प्रबंधन मंच 'डाइस' की परिसंपत्तियों को लगभग 68 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने कहा कि वह इस लेनदेन को 120 दिनों के भीतर पूरा करने की उम्मीद कर रही है। जैगल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल ने आठ मई को हुई बैठक में डाइस के साथ सौदे की संरचना में बदलाव को मंजूरी दी है।

अधिकारियों ने कंपनियों के तिमाही नतीजों के दौरान दिए संकेत

रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान हो सकता है महंगा, कीमतें बढ़ाने की तैयारी में कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के बीच साबुन, डिटर्जेंट, बिस्किट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और पेय उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं। देश की प्रमुख रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियां बढ़ती लागत से मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं।

एफएमसीजी कंपनियों के अधिकारियों ने हालिया तिमाही नतीजों के दौरान संकेत दिया है कि वे पहले ही तीन से पांच प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा चुकी हैं और लागत का दबाव जारी रहने पर आगे भी मूल्य वृद्धि की जा सकती है। कंपनियों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे माल, लॉजिस्टिक्स और पैकेजिंग लागत बढ़ी है। रुपये में कमजोरी ने भी दबाव बढ़ाया है। इसका असर खाद्य उत्पादों, व्यक्तिगत देखभाल, पेय पदार्थ और घरेलू उपयोग के सामान सहित कई क्षेत्रों पर दिखाई दे रहा है। कंपनियां मुनाफा बनाए रखने के लिए कीमतें बढ़ाने के साथ पैकेट बंद उत्पादों में मात्रा कम करने की रणनीति भी अपना रही हैं। हालांकि पांच, 10 और 15 रुपये वाले छोटे पैक बाजार में बनाए रखने की कोशिश की जा रही है ताकि बिक्री पर असर कम पड़े। कंपनियां लागत कम करने के लिए छूट और प्रचार खर्चों में कटौती, भंडार प्रबंधन को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक कुशल बनाने जैसे कदम उठा रही हैं। इसके बावजूद उपभोक्ताओं पर बढ़ती लागत का कुछ बोझ पड़ने की संभावना है।

साबुन, डिटर्जेंट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ पेय उत्पाद की कीमतें बढ़ सकती है

ईंधन व पैकेजिंग लागत में 20 फीसदी वृद्धिः ब्रिटानिया सीईओ

ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने भी संकेत दिया है कि ईंधन और पैकेजिंग लागत में करीब 20 प्रतिशत वृद्धि के कारण जल्द ही कीमतें बढ़ाई जा सकती हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रक्षित हरगेव ने कहा कि कंपनी सीधे दाम बढ़ाने और पैक के वजन में कमी, दोनों विकल्पों पर विचार कर रही है।

कीमतों में दबाव से बढ़ सकते हैं दामः एचयूएल

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने भी संकेत दिए हैं कि यदि जिंसों की कीमतों में दबाव बना रहा तो कंपनी आगे और कीमतें बढ़ा सकती है। एचयूएल के प्रमुख ब्रांड में सर्फ एक्सल, ब्रुक बॉन्ड, लाइफबॉय, डव, क्लिनिक प्लस, सनसिल्क, लैक्मे जैसे ब्रांड हैं।

महंगाई का आठ से दस फीसदी बोझ पड़ा है : सीएफओ

एचयूएल के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) निरंजन गुप्ता ने कहा, ''अभी तक हमारे ऊपर महंगाई का आठ से 10 प्रतिशत का बोझ पड़ा है। हमने पोर्टफोलियो दर पोर्टफोलियो आधार पर कीमतों में दो से पांच प्रतिशत तक की वृद्धि की है।''

कंपनी 10 प्रतिशत महंगाई का सामना कर रही : डाबर

डाबर इंडिया के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा कि कंपनी इस वित्त वर्ष में करीब 10 प्रतिशत महंगाई का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए कंपनी विभिन्न कारोबार खंडों में औसतन चार प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा चुकी है और लागत नियंत्रण के उपाय भी कर रही है।

बड़े पैक वाले उत्पादों की कीमतें बढ़ेगी : ब्रिटानिया

ब्रिटानिया के पास गुड डे, मेरी गोल्ड, मिल्क बिकीज और टाइगर जैसे ब्रांड हैं।उन्होंने कहा कि बड़े पैक वाले उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की जाएगी। साथ ही एलपीजी, पीएनजी और पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले लैमिनेट की बढ़ती कीमतें परिचालन लागत को प्रभावित कर रही हैं।

सेबी ने नियमों में किया संशोधन

शैक्षणिक उपयोग के लिए 30 दिन बाद ही शेयर मूल्य आंकड़ों का होगा उपयोगः सेबी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने नियमों में संशोधन करते हुए निवेशक जागरूकता और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए शेयर मूल्य आंकड़ा साझा करने पर 30 दिन की एकसमान समय-सीमा तय की। इसका मतलब है कि अब 30 दिन पुराने शेयर मूल्य आंकड़ों का उपयोग किया जा सकेगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह नयी रूपरेखा एक जुलाई से प्रभावी होगी। इसका उद्देश्य बाजार आंकड़ों के दुरुपयोग को रोकने और शैक्षणिक सामग्री को प्रासंगिक बनाए रखने के बीच संतुलन बनाना है। सेबी ने मई, 2024 में शेयर बाजारों द्वारा ''लाइव'' बाजार आंकड़ों के उपयोग को केवल कारोबार और उससे जुड़े कार्यों तक ही सीमित कर दिया था और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए एक दिन की देरी के साथ आंकड़ा उपयोग की अनुमति दी थी। जनवरी, 2025 में नियम को और भी सख्त करते हुए केवल शैक्षणिक गतिविधियों में लगे संस्थानों के लिए ही तीन महीने पुराने आंकड़ों के उपयोग की शर्त लागू की गई थी।

30 दिन की समान देरी तय की गई

इस सुझाव के आधार पर अब आंकड़ों के साझा करने और उपयोग दोनों के लिए ही 30 दिन की समान देरी तय की गई है। हालांकि, राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) को सिमुलेशन लैब में उपयोग के लिए एक दिन की देरी के साथ बाजार मूल्य आंकड़ों तक पहुंच मिलती रहेगी।

पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना हो रहा 1,700 करोड़ का नुकसान

कम दाम पर ईंधन बिक्री से पेट्रोलियम कंपनियों का बढ़ रहा घाटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों पर भारी पड़ रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां पिछले 10 सप्ताह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन 1,600-1,700 करोड़ रुपये का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 10 सप्ताह में इन कंपनियों की कुल 'अंडर-रिकवरी' एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। अंडर-रिकवरी का अर्थ लागत से कम मूल्य पर बिक्री से है। कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम दो साल पुराने स्तर पर बने हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार, पेट्रोलियम कंपनियों को अब कच्चे तेल की खरीद और परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक कार्यशील पूंजी जुटानी पड़ सकती है। यदि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें लंबे समय तक बनी रहती हैं, तो कंपनियों को कुछ पूंजीगत व्यय योजनाओं की प्राथमिकताओं में बदलाव करना पड़ सकता है। हालांकि, रिफाइनरी विस्तार, ऊर्जा सुरक्षा ढांचे, एथनॉल मिश्रण, जैव ईंधन और ऊर्जा बदलाव से जुड़ी रणनीतिक परियोजनाओं को सरकार की ओर से समर्थन से जारी रखा जाएगा।

कच्चे तेल का आयात 40 प्रतिशत तक प्रभावित हुआ

युद्ध के कारण भारत के कच्चे तेल आयात का लगभग 40 प्रतिशत, एलपीजी आयात का 90 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस आयात का 65 प्रतिशत प्रभावित हुआ है। इसके बावजूद पेट्रोलियम कंपनियों ने देश में ईंधन आपूर्ति बनाए रखी है। उपभोक्ताओं पर बोझ कम करने के लिए केंद्र सरकार ने भी उत्पाद शुल्क में कटौती की है।

बलरामपुर चीनी ने 450 करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी जुटाई

नई दिल्ली। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में लैक्टोजिप्सम प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने और पॉली लैक्टिक एसिड (पीएलए) सुविधा के लिए बढ़े हुए पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए 450 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाई है। कंपनी की उत्तर प्रदेश में 10 चीनी मिलें हैं, जिनकी कुल गन्ना पेराई क्षमता 80,000 टन प्रतिदिन है। कोलकाता स्थित बलरामपुर चीनी ने बायो-प्लास्टिक व्यवसाय में कदम रखा है और वह उत्तर प्रदेश के कुंभी में 80,000 टन की वार्षिक क्षमता वाला एक पीएलए विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रही है। बलरामपुर चीनी की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने को बताया, 'हमने कंपनी की विस्तार और वृद्धि योजनाओं को गति देने के लिए तरजीही शेयरों के जरिए 450 करोड़ रुपये जुटाए हैं।'

संशोधन के मसौदे से 'अन्य इस्पात सामग्री' प्रावधान हटा

वाहन क्षेत्र 'कबाड़' लक्ष्य से 70 प्रतिशत पीछे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की वाहन कंपनियां वित्त वर्ष 2025-26 में वाहन कबाड़ (स्क्रैप) से जुड़े इस्पात समतुल्य दायित्वों को पूरा करने में करीब 70 प्रतिशत पीछे रही हैं। उद्योग जगत के अधिकारियों ने इसके लिए पर्यावरण मंत्रालय की 'अव्यावहारिक नीति' को जिम्मेदार ठहराया है, जिसके कारण पूरा वाहन उद्योग नियमों का अनुपालन नहीं कर सका।पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने जनवरी, 2025 में 'पर्यावरण संरक्षण (वाहन को चलाने की अवधि की समाप्ति) नियम, 2025' अधिसूचित किए थे, जो एक अप्रैल, 2025 से लागू हुए। इन नियमों के तहत वाहन विनिर्माताओं को विस्तारित उत्पादक दायित्व (ईपीआर) के तहत स्क्रैप किए गए पुराने वाहन या पंजीकृत कबाड़ केंद्रों पर प्रसंस्कृज अन्य इस्पात कबाड़ से प्राप्त इस्पात के आधार पर दायित्व पूरा करना था। मंत्रालय ने 27 मार्च, 2026 को जारी संशोधन के मसौदे में 'अन्य इस्पात स्क्रैप सामग्री' के प्रावधान को हटा दिया। इसके बाद केवल पुराने वाहनों को कबाड़ करने से प्राप्त इस्पात को ही ईपीआर प्रमाणपत्र के लिए मान्य किया गया। वाहन विनिर्माताओं को 15-20 वर्ष पुराने निजी और वाणिज्यिक वाहनों को कबाड़ कराना अनिवार्य किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनियों को वर्ष 2005-06 में बेचे गए निजी वाहनों तथा 2010-11 में बेचे गए वाणिज्यिक वाहनों के इस्पात समतुल्य का कम से कम आठ प्रतिशत कबाड़ में बदलना था।

पर्याप्त संख्या में पुराने वाहन नहीं आ रहे

अधिकारी ने कहा, ज्यादातर वाहन विनिर्माताओं ने वाहन को कबाड़ करने और अन्य स्रोतों से इस्पात स्क्रैप दोनों के जरिये लक्ष्य पूरा करने की योजना बनाई थी। लेकिन यह प्रावधान हटने के बाद लक्ष्य हासिल करना लगभग असंभव हो गया। उद्योग के एक अन्य अधिकारी ने नीति को 'अव्यावहारिक' बताते हुए कहा कि कबाड़ केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुराने वाहन नहीं आ रहे हैं, जिससे उद्योग लक्ष्य से काफी पीछे रह गया।

कबाड़ केंद्रों पर केवल 2.42 लाख पुराने वाहन पहुंचे

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कबाड़ केंद्रों पर केवल 2.42 लाख पुराने वाहन ही पहुंचे। इस तरह लगभग 5.2 लाख वाहनों की कमी रह गई। उद्योग से जुड़े एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा-पूरे वाहन उद्योग में लगभग 70 प्रतिशत की कमी रही। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि मार्च, 2026 के संशोधन के बाद 'अन्य इस्पात स्क्रैप' को हटाने से स्थिति और कठिन हो गई।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ यॉत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष - 07642-252443 ई-मेल- eephedmal@mp.nic फेक्स-07642-253622

निविदा क्र. 17/2026–27/नि.शाखा/लो.स्वा.यॉ./2026 मण्डला, दिनॉक 06.05.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 18/05/2026 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 20/05/2026 सायं 12.00 बजे के पश्चात् है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई–टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

कार्य का नाम :– Providing four-wheeler Diesel vehicle, non- A.C., 7 seater (Bolero, Scorpio, TUV or equivalent etc.) with Driver on hire For promotion and activities to raise awareness about drinking water All Block of District Mandla

क्र.	निविदा क्र.	ई–टेण्डर न.	कार्यालय का नाम	वाहन की संख्या	निविदा लागत	धरोहर राशि	प्रपत्र की कीमत	अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	
1	17/ 26-27	2026_PHED_ 505515_1	जिला मण्डला	01 नग	2.88	5800	2000	12 माह वर्षाकाल सहित

नोट निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है ।

G-12652/26 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ यॉत्रिकी, खण्ड मण्डला (म.प्र.)

कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य जिला - उमरिया (म.प्र.)

क्र./E-Tender/निर्माण/2026-27/1913 **ई - निविदा विज्ञप्ति प्रथम आमंत्रण** उमरिया दिनांक: 04/05/2026

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग (भवन) म.प्र. भोपाल द्वारा भवन एवं विद्युत कार्य हेतु जारी एस. ओ. आर. दिनांक 01 जनवरी 2024 से प्रभावशील तथा सड़क निर्माण कार्य हेतु जारी एस. ओ. आर. दिनांक 11.04.2025 पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधानों सहित) निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाइन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियां http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि : 20.05.2026
2. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि : 22.05.2026

क्र.	NIT No.	Online NIT No.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेके की अनुमानित राशि लाखों में	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने अवधि	उचित पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1		TWD/ TENDER NO- 504 486-1	उमरिया जिले के विकास खण्ड पाली में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति /जनजाति/छात्रावास/विद्यालयों/विशिष्ट संस्थाओ आश्रमों एवं शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/नलकूप खनन का कार्य) विद्युती फिटिंग, कोटा स्टोन फ्लोरिंग/टाईल्स लगाने का कार्य,पुताई,पेंटिंग वार्षिक अनुरक्षण कार्य दरवाजे खिड़की,छत/फर्श सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/ जनजाति बस्ती विकास एवं अन्य मद अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध ।	10000	150.00 लाख	150000	12 माह (3 माह कार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
2	NIT No.	TWD/ TENDER NO- 504 373-1	उमरिया जिले के विकास खण्ड करकेली में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति /जनजाति/छात्रावास/विद्यालयों/विशिष्ट संस्थाओ आश्रमों एवं शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/नलकूप खनन का कार्य) विद्युती फिटिंग, कोटा स्टोन फ्लोरिंग/टाईल्स लगाने का कार्य,पुताई,पेंटिंग वार्षिक अनुरक्षण कार्य दरवाजे खिड़की,छत/फर्श सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/ जनजाति बस्ती विकास एवं अन्य मद अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध ।	10000	150.00 लाख	150000	12 माह (3 माह कार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
3	NIT No.	TWD/ TENDER NO- 504 439-1	उमरिया जिले के विकास खण्ड मानपुर में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति /जनजाति/छात्रावास/विद्यालयों/विशिष्ट संस्थाओ आश्रमों एवं शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/नलकूप खनन का कार्य) विद्युती फिटिंग, कोटा स्टोन फ्लोरिंग/टाईल्स लगाने का कार्य,पुताई,पेंटिंग वार्षिक अनुरक्षण कार्य दरवाजे खिड़की,छत/फर्श सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/ जनजाति बस्ती विकास एवं अन्य मद अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध ।	10000	150.00 लाख	150000	12 माह (3 माह कार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार

निविदा से संबंधित सभी अभिलेख / दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जायेगें। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नही किया जावेगा।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

G-12629/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य उमरिया, जिला उमरिया (म.प्र.)

चिंतन

विजय के लिए चुनावी वादे निभाना बड़ी चुनौती

तमिलनाडु की राजनीति में अभिनेता से नेता बने विजय थलापति (सी. जोसेफ विजय) का उदय केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि राज्य की पारंपरिक राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत है। उन्होंने रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। दो साल पुरानी पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीतकर यह साबित कर दिया कि जनता अब पुराने राजनीतिक समीकरणों से आगे बढ़कर नए विकल्प तलाश रही है, लेकिन अब विजय के सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता से किए गए भारी-भरकम वादों को पूरा करने की है। तमिलनाडु में पिछले कई दशकों से द्रविड़ राजनीति का दबदबा रहा है। डीएमके और एआईएडीएमके जैसी पार्टियों ने राज्य की सत्ता को लगभग अपने बीच ही सीमित रखा। ऐसे में विजय का मुख्यमंत्री बनना ऐतिहासिक माना जा रहा है। हालांकि राजनीति में लोकप्रियता जितनी तेजी से मिलती है, उतनी ही तेजी से जनता उम्मीदें भी पाल लेती है। यही उम्मीदें अब विजय सरकार की सबसे कठिन परीक्षा बनने वाली हैं। टीवीके को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। सरकार बनाने के लिए कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके और आईयूएमएल जैसे दलों का समर्थन लेना पड़ा। फिलहाल सरकार संख्या बल पर सुरक्षित दिखाई देती है, लेकिन गठबंधन सरकारों में स्थिरता हमेशा एक चुनौती होती है। इससे भी बड़ी चुनौती उनकी चुनावी घोषणाएं हैं। महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की सहायता, प्रत्येक परिवार को छह मुफ्त गैस सिलेंडर, गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में 8 ग्राम सोना और सिल्क साड़ी जैसी योजनाएं सुनने में आकर्षक जरूर लगती हैं, लेकिन इनके लिए भारी बजट की आवश्यकता होगी। तमिलनाडु पहले से ही घाटे और कर्ज के दबाव से गुजर रहा है। ऐसे में यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर अधिक ध्यान देती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है। यही कारण है कि राजनीतिक विश्लेषक विजय को केंद्र सरकार के साथ बेहतर तालमेल रखने की सलाह दे रहे हैं। उसे बुनियादी ढांचे, निवेश, सेमीकंडक्टर, रक्षा उद्योग, शिक्षा नीति और रोजगार परियोजनाओं के लिए केंद्र के सहयोग की आवश्यकता है। यदि विजय केंद्र के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखते हैं तो राज्य को आर्थिक सहायता और नई परियोजनाओं का लाभ मिल सकता है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह संबंध महत्वपूर्ण होंगे। अल्पमत जैसी स्थिति में किसी भी सरकार को स्थिर बनाए रखने के लिए दिल्ली से अच्छे रिश्ते अप्रत्यक्ष रूप से मददगार साबित होते हैं। इसलिए विजय को भावनात्मक राजनीति के बजाय व्यावहारिक और संतुलित राजनीति अपनानी होगी। दूसरी तरफ, प्रशासनिक अनुभव की कमी भी विजय के सामने बड़ी चुनौती है। फिल्मों में नायक बनना और वास्तविक शासन चलाना दो अलग-अलग बातें हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सरकार की कार्यशैली जल्द ही परखी जाएगी। यदि सरकार वादों को समय पर पूरा नहीं कर पाई तो जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। तमिलनाडु की जनता ने विजय को केवल अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि उम्मीद और बदलाव के प्रतीक के रूप में सत्ता सौंपी है, लेकिन राजनीति में असली पहचान लोकप्रियता से नहीं, बल्कि शासन क्षमता से बनती है। विजय के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती चुनावी वादों, आर्थिक संतुलन, गठबंधन की मजबूरियों और प्रशासनिक अनुभव की कमी के बीच सही रास्ता चुनने की है।

बदलाव

राज कुमार सिन्हा

द्रविड़ राजनीति में विजय का उदय

दशकों से चली आ रही द्रविड़ राजनीति की दो पार्टियों द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के वर्चस्व को पीछे छोड़ते हुए अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी जगह बनाई है। विजय की सरकार को कांग्रेस, लेफ्ट और वीसीके ने समर्थन दिया है। आईयूएमएल ने भी टीवीके को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। विजय की लोकप्रियता और उसकी दीर्घकालिक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पार्टी को मजबूत संगठन, स्पष्ट नीतियां और विश्वसनीय राजनीतिक नेतृत्व कितना विकसित कर पाते हैं।

वर्तमान तमिलनाडु की राजनीति में ऐतिहासिक बदलाव आया है। दशकों से चली आ रही द्रविड़ राजनीति की दो पार्टियों द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के वर्चस्व को पीछे छोड़ते हुए अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 107 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी जगह बनाई है। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने टीवीके पार्टी के अध्यक्ष जोसेफ विजय द्वारा सरकार बनाने के दावे को खारिज कर दिया था। जबकि टीवीके के संस्थापक जोसेफ विजय राज्यपाल अर्लेकर से दो बार मुलाकात कर सरकार बनाने का निमंत्रण देने का अनुरोध किया था। जोसेफ विजय को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने में राज्यपाल की देरी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई।

यह सर्वविदित है कि संविधान द्वारा शासित संसदीय लोकतंत्र में, किसी राजनीतिक दल या गठबंधन को बहुमत प्राप्त है या नहीं, यह प्रश्न केवल सदन के पटल पर ही निर्धारित किया जा सकता है। दूसरी ओर डीएमके और एआईएडीएमके के बीच वार्ता और एडप्पाडी पलानीस्वामी के नेतृत्व में सरकार बनाने के प्रयासों की खबरें भी आई जो जनादेश के विरुद्ध था। तमिलनाडु में अंदरखाने राष्ट्रपति शासन लगाने की चर्चा होने लगी थी। विजय की सरकार को कांग्रेस, लेफ्ट और वीसीके ने अपना समर्थन दिया है। आईयूएमएल ने भी टीवीके को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। तमिलनाडु में सरकार गठन के लिए 118 विधायकों का समर्थन चाहिए था, जो अब 121 विधायकों का समर्थन मिल गया है। इसके बाद टीवीके की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस चुनाव में विजय ने दो विधानसभा सीटों से जीत हासिल की है। हालांकि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनी, लेकिन उसके बाद भी सरकार बनाने को लेकर जोसेफ विजय को काफी दिक्कतें आई हैं। हालांकि, मुश्किलों को हल करने में राहुल गांधी की भूमिका काफी अहम रही है। तमिलनाडु में टीवीके चीफ विजय ने रविवार को राज्य के 9वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इनके साथ नौ लोगों ने मंत्री पद की शपथ ली है। जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके का उदय तमिलनाडु की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। यह केवल एक फिल्म अभिनेता के राजनीति में आने की घटना नहीं है, बल्कि राज्य की बदलती सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों, युवाओं की अपेक्षाओं और द्रविड़ राजनीति के भीतर उभरते खाली स्थान का परिणाम भी है। विजय तमिल सिनेमा के सबसे लोकप्रिय सितारों में से हैं। उनकी फिल्मों में अक्सर सामाजिक न्याय, भ्रष्टाचार विरोध और युवा शक्ति जैसे मुद्दे दिखाए जाते रहे हैं। उनका प्रशंसक नेटवर्क वर्षों से संगठित रूप में काम कर रहा था, जो अब राजनीतिक ढांचे में बदला गया है। टीवीके ने अभी तक खुद को पूरी तरह किसी एक वैचारिक ध्रुव से नहीं जोड़ा है। वे द्रविड़ पहचान, सामाजिक न्याय और तमिल अस्मिता को बनाए रखते हुए "सर्वसमावेशी" छवि बनाना चाहते हैं। वे युवाओं को रोजगार, पारदर्शी व्यवस्था और सुशासन पर जोर देकर नई पीढ़ी को द्रविड़

राजनीति में जोड़ा है। इस बार के चुनाव में एआईएडीएमके का वोट शेयर लगभग 12 प्रतिशत तक गिरा है। इस बार पार्टी तीसरे नंबर पर पहुंच गई है, बल्कि वह मुख्य विपक्षी दल का दर्जा भी गंवा बैठी है।

डीएमके और एआईएडीएमके दोनों पार्टियां पेरियार और अन्नादुरई के सिद्धांतों जैसे सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, हिंदी विरोध को मानती हैं। 1967 से तमिलनाडु में केवल इन दो पार्टियों ने ही सरकारें बनाई हैं, जो बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। दोनों ही पार्टियों का फिल्मी जगत से गहरा संबंध रहा है, जहां नेता अक्सर पटकथा लेखक या अभिनेता रहे हैं। डीएमके का उदय 1949 में हुआ था। सी.एन. अन्नादुरई ने पेरियार के कुछ विचारों से असहमति के बाद डीएमके बनाई, जो चुनावी राजनीति में उतरी। दक्षिण के बड़े अभिनेता एम.जी. रामचंद्रन ने करुणानिधि से विवाद के बाद डीएमके से अलग होकर 1972 में एआईएडीएमके बनाई। बाद में जयललिता ने इस पार्टी की कमान संभाली थी। जयललिता भी दक्षिण की मशहूर अभिनेत्री थी। तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति का इतिहास 1916 में जस्टिस पार्टी की स्थापना से शुरू होकर आज की डीएमके और एआईएडीएमके के बीच वैचारिक और सत्ता संघर्ष का 110 साल पुराना सफर है। जस्टिस पार्टी की शुरुआत गैर-ब्राह्मण आंदोलन से हुई, जो प्रशासन और शिक्षा में ब्राह्मण वर्चस्व के खिलाफ था। बाद में जस्टिस पार्टी को पेरियार ने द्रविड़ कड़गम में बदला, जिसका उद्देश्य 'स्वतंत्र द्रविड़ नाडु' और सामाजिक सुधार था। तमिलनाडु की राजनीति देश के बाकी राज्यों से काफी अलग मानी जाती है। ऐसा इसलिए कि यहां जाति, भाषा, धर्म, क्षेत्रीय पहचान और सामाजिक न्याय की राजनीति ने एक ऐसी विचारधारा को जन्म दिया जिसे 'द्रविड़ राजनीति' कहा जाता है। 1967 का विधानसभा चुनाव तमिलनाडु की राजनीति का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ, जहां डीएमके ने कांग्रेस को हराकर सत्ता हासिल कर ली और सी. एन. अन्नादुरई मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था, जब किसी क्षेत्रीय दल ने राज्य में कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया था। इसके बाद तमिलनाडु की राजनीति लगभग पूरी तरह द्रविड़ दलों के नियंत्रण में आ गई। अन्नादुरई की मृत्यु के बाद एम. करुणानिधि डीएमके के सबसे बड़े नेता बनकर उभरे। करुणानिधि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने और पांच बार इस पद पर आसीन हुए। उन्होंने 2016 तक हुए सभी 13 विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करके एक रिकॉर्ड बनाया। 2018 में, उनके बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण, डीएमके की आम सभा की बैठक हुई और एम.के. स्टालिन को डीएमके का अध्यक्ष चुना गया था। 1980 और 1990 के दशक में तमिलनाडु की राजनीति पूरी तरह करुणानिधि बनाम जयललिता में बदल गई। दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक संघर्ष बेहद तीखा था। विधानसभा से लेकर सड़कों तक टकराव दिखाई देता था। तमिलनाडु की राजनीति में फिल्मी लोकप्रियता महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल स्टारडम से सत्ता नहीं मिलती। एम.जी. रामचंद्रन और जे. जयललिता सफल हुए क्योंकि उन्होंने मजबूत संगठन और जनकल्याणकारी राजनीति भी विकसित की थी। नई पार्टियों पर अक्सर आरोप लगता है कि वे केवल एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द बनी हैं। यदि टीवीके अलग-अलग चेहरों को आगे करती है, तो वह खुद को "संगठन आधारित पार्टी" के रूप में पेश कर सकती है। तमिलनाडु की राजनीति में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बेहद महत्वपूर्ण है। विजय की लोकप्रियता और उसकी दीर्घकालिक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पार्टी को मजबूत संगठन, स्पष्ट नीतियां और विश्वसनीय राजनीतिक नेतृत्व कितना विकसित कर पाते हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी

सतीश सिंह

महंगाई की मार से धीमी पड़ती विकास की रफ्तार

वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा संकट और बाधित आपूर्ति शृंखलाएं विकास की गति पर भारी पड़ती दिखाई दे रही हैं। दुनिया भर में खाद्य पदार्थों, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि ने महंगाई को फिर वैश्विक चिंता के केंद्र में ला खड़ा किया है। इसका सीधा असर विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र से जुड़े संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार वैश्विक खाद्य कीमतें पिछले तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं। अप्रैल महीने में फूड कमोडिटी प्राइस इंडेक्स में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना मं 2.5 प्रतिशत अधिक है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष है, जिसने वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ईरान युद्ध को दस सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया है। यह वही सामरिक समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। इस मार्ग में व्यवधान आने से वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर गहरा असर पड़ा है। ईंधन, उर्वरक, खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिसके कारण उनकी कीमतों में तेज उछाल आया है। सबसे अधिक प्रभाव खाद्य तेलों पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने बायो-फ्यूल की मांग बढ़ा दी है, जिसके कारण वेजिटेबल ऑयल की कीमतें मार्च की तुलना में अप्रैल महीने में लगभग 6 प्रतिशत बढ़ गई हैं। यह जुलाई 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। अनाज की कीमतों में भी लगातार तेजी बनी हुई है। यदि यह संकट लंबा खिंचता है, तो आने वाले समय में वैश्विक खाद्य संकट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

भारत में भी महंगाई के संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। अप्रैल महीने में दैनिक उपयोग की 20 में से 16 वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। खाने के तेल, टमाटर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने खुदरा महंगाई को लगभग 4 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचा दिया है। महंगाई का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह धीरे-धीरे पूरी अर्थव्यवस्था की गति को प्रभावित करता है। पैकेजिंग सामग्री, ऊर्जा और परिवहन लागत बढ़ने से एफएमसीजी सेक्टर की कंपनियों की इनपुट लागत बढ़ गई है। आने वाले महीनों में साबुन, तेल, बिस्किट और अन्य रोजमर्रा की वस्तुएं और महंगी हो सकती हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। यूरिया, एल्युमीनियम, सोया तेल और गेहूं जैसी आवश्यक वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। इसका असर उद्योगों, निर्माण क्षेत्र और कृषि लागत पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कृषि क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हो रहा है, क्योंकि उर्वरक, डीजल और परिवहन महंगे होने से खेती की लागत बढ़ रही है। इससे खाद्य कीमतों में और वृद्धि होने की संभावना है। महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह है कि लोगों की आय का बड़ा हिस्सा भोजन, ईंधन और रोजमर्रा के खर्चों में निकल जाता है, जिससे बचत घट जाती है। बचत कम होने से बैंकों और वित्तीय संस्थानों के पास निवेश के लिए पूंजी भी कम होती है। परिणामस्वरूप उद्योगों का विस्तार धीमा पड़ने लगता है। यही कारण है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने हालिया मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा है। केंद्रीय बैंक का उद्देश्य महंगाई को नियंत्रित करना है, लेकिन ऊंची ब्याज दरों का असर निवेश और उपभोग दोनों पर पड़ता है। कर्ज महंगा होने से उद्योगों के विस्तार की गति धीमी होती है और नए निवेश प्रभावित होते हैं। इससे रोजगार के अवसरों पर भी असर पड़ता है। विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर पर इसका दबाव अधिक दिखाई दे रहा है। छोटे और मध्यम उद्योग पहले ही ऊंची लागत और सीमित पूंजी से जूझ रहे हैं। अब ऊर्जा, परिवहन और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों ने उनकी चुनौतियां और बढ़ा दी हैं। यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रही, तो उत्पादन में गिरावट और रोजगार संकट गहरा सकता है। दरअसल, महंगाई केवल कीमतों में वृद्धि नहीं है; यह आर्थिक संतुलन को प्रभावित करने वाली वह प्रक्रिया है, जो धीरे-धीरे विकास की गति को कमजोर कर देती है। जब आम आदमी की क्रय शक्ति घटती है, उद्योगों की लागत बढ़ती है, निवेश धीमा पड़ता है और रोजगार के अवसर कम होते हैं, तब आर्थिक विकास की रफ्तार स्वतः कम हो जाती है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान

संकलित

दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।

राजा हैं तो भी घमंडी न बनें

संकलित

प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गांव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोला- ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दिया- मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूं। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोला- महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहा- हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजा- मेरे पिताजी का, साधु- तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजा- मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहा- हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा और महात्मा जी से क्षमा मांगी।

सटाका

आज की पाती

सोच और कार्य व्यवहार बदलने ही चाहिए

जरूरत से ज़्यादा विनम्र होना और किसी को अधिक सम्मान देना भी आज के समय में कई बार एक बड़ी मूर्खता प्रतीत होती है। वे लोग आपको/हमें लगभग उनका दास ही समझने लगते हैं, विशेषकर बड़े प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के विषय में। मुख्यतः, यदि कुछ प्रशासनिक अधिकारी ईमानदार और पूर्णतः संवैधानिक विषयों, कार्यों में भी सहयोग नहीं करते हैं, तो ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध निर्भीक होते हुए कानूनी तरीके से निःसंकोच होकर अवश्य ही अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। हमारे पूर्ण मर्यादा में रहते हुए, उन लोगों को भी कुछ सेंक/आंच महसूस होनी चाहिए। ये हम सभी को बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि बड़े से बड़े प्रशासनिक अधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि जनता की सेवा करने के लिए ही होते हैं, जनमानस–नागरिकों पर राज करने के लिए नहीं। – *मनिषा, रोहतक*

ट्रेंड

स्वच्छ भारत अभियान

मेरा हमेशा से यही मानना रहा है कि कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है जब समाज स्वयं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग ले। स्वच्छ भारत अभियान जैसे अनेक कार्यक्रम इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

गहरी संवेदनाए

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के मंत्री डी. सुधाकर के निधन से गहरा दुख हुआ। कांग्रेस विचारधारा के पथप्रदर्शक, उन्होंने अपना पूरा जीवन चित्रदुर्ग और कर्नाटक के गरीबों की सेवा में व्यतीत किया। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



मां कामाख्या के दर्शन

असम का नया विधान भवन ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर स्थित है, जहां से दुनिया का सबसे छोटा नदी द्वीप उमानंदा दिखाई देता है। जब भी आप मां कामाख्या के दर्शन के लिए आएं, उमानंदा में बाबा के दर्शन अवश्य करें। इससे आपकी यात्रा सफल होगी

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

डिजिटल क्रांति

हमारी डिजिटल क्रांति ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी बना दिया है। आज बुनियादी ढांचा भी अभूतपूर्व गति से विकसित हो रहा है, भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत तेजी से स्टार्टअप के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बन गया है।

- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

करंट अफेयर

गड्ढे भरना नेताओं के बस की बात क्यों नहीं

ब्रिटेन में सड़कों के गड्ढे न सिर्फ सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, बल्कि ये वाहनों को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों की रोजमर्रा की परेशानी और नाराजगी की बड़ी वजह भी हैं। स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान यह मुद्दा और भी उभरकर सामने आता है क्योंकि अधिकांश सड़कों का रखरखाव स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है। अप्रैल में हुए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि सात मई के लिए निर्धारित चुनावों में पूरे ब्रिटेन में मतदाताओं के लिए सड़कों की हालत सबसे प्रमुख स्थानीय मुद्दा रही। 'द एस्फाल्ट इंडस्ट्री एलायंस' (एआईए) की 2025 की रिपोर्ट बताती है कि इंग्लैंड और वेल्स के स्थानीय सड़क नेटवर्क का 17 प्रतिशत हिस्सा खराब हालत में है। रिपोर्ट के अनुसार मरम्मत के लंबित कार्य को पूरा करने में 12 साल लगेंगे और 16 .81 अरब पाउंड खर्च होंगे। नेताओं के लिए गड्ढे भरने के आंकड़े गिनाकर वोट बटोरना आसान है, लेकिन इससे समस्या की जड़ नहीं सुलझती। गड्ढे अचानक नहीं बनते, होता यूं है कि सामान्य डामर सड़कों में बिटुमेन समय के साथ पुराना और भुरभुरा हो जाता है। वाहनों के बोझ से सड़क की सतह पर दरारें पड़ने लगती हैं। इन दरारों में पानी घुस जाता है और सर्दियों में जमने–पिघलने के चक्र तथा वाहनों के दबाव से ये दरारें चौड़ी होती जाती हैं।



ऑफ बीट

आइसक्रीम के स्वादों का अजीब इतिहास

इंग्लिश हेरिटेज अब अपनी 13 साइटों पर ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम बेच रहा है, जिसे वह 'ब्रेड के बाद सबसे अच्छी कटी हुई चीज' बताता है, जो जॉर्जियाई रेसिपी से प्रेरित है। स्वाद की घोषणा में ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम तक पहुंचने से पहले इंग्लिश हेरिटेज द्वारा परमेसन और ककड़ी जैसे कई और विचित्र जॉर्जियाई स्वादों को आजमाने का उल्लेख किया गया है। ऐतिहासिक व्यंजनों से आगंतुकों को लुभाने के अपने प्रयासों में इंग्लिश हेरिटेज अकेली नहीं है। एडिनबर्ग में, नेशनल ट्रस्ट फॉर स्कॉटलैंड के ग्लैडस्टोन्स लैंड में डेयरी से जुड़ा एक आइसक्रीम पार्लर है, जो 1904 में वहां बना था। यह संपत्ति 1770 की रेसिपी के आधार पर बिगफ्लॉवर और नींबू दही आइसक्रीम बेचती है, और आगंतुक कई अन्य तरह के स्वाद का भी मजा ले सकते हैं। ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम, जिसे अपनी कैरेमेल पौष्टिकता के लिए पसंद किया जाता है, समकालीन खाने वालों के लिए अन्य ऐतिहासिक पेशकशों की तुलना में भले ही अधिक परिचित स्वाद हो सकती है, लेकिन पिछली शताब्दियों में ब्रिटेन में खाई जाने वाली आइसक्रीम स्वाद और रूपों की एक विशाल विविधता से गुजरी है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बहाली में भी लापरवाही का आलम: जिन्होंने डिजाइन तैयार किया, वे नहीं माने जाएंगे दोषी और न होगी विभागीय जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में 90 डिग्री वाले ब्रिज को लेकर प्रभारी मुख्य अभियंता, प्रभारी ईई, सहायक यंत्री व उप यंत्री समेत 7 इंजीनियरों को निलंबित किया गया था। एक दिन पहले सभी को बहाल कर दिया गया। बहाली का आदेश सार्वजनिक नहीं किया गया। इसमें भी सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ब्रिज की डिजाइन के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार प्रभारी ईई शबाना रज्जाक, सहायक यंत्री शानुल सक्सेना के खिलाफ कोई विभागीय जांच नहीं होगी।

जबकि ब्रिज की पूरी डिजायन शबाना ने तैयार की थी। इसमें प्रभारी सीई संजय खांडे का अनुमोदन था। इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी तीनों के खिलाफ विभागीय जांच नहीं होगी। राज्य सरकार ने देश भर में सुर्खियां बन चुके इस ब्रिज को बनाने वाले इंजीनियरों को निलंबित कर दिया था। निलंबित हुए सभी 7 इंजीनियरों को पहले आरोप पत्र जारी हुआ था। इसमें डिजाइन विंग से जुड़े इंजीनियरों ने गलती नहीं मानी गई। इन इंजीनियरों के जवाब का कोई तार्किक परीक्षण नहीं किया गया। इनके जवाब पर ही बहाली का निर्णय ले लिया गया। जबकि सबसे बड़ी लापरवाही डिजायन विंग की ही मिली थी। इस पूरे मामले में लीपापोती की गई और डिजायन विंग को क्लीनचिट दे दी गई। हालांकि प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने कहा कि पूरे मामले में सभी संबंधित के खिलाफ विभागीय जांच चलेगी। इतने समय तक वैसे भी निलंबित नहीं रखा जा सकता।

बहाली आदेश में यह हुई अनुशंसा

राज्य शासन से जारी बहाली आदेश के अनुसार पीडब्ल्यूडी के ब्रिज विंग में तत्कालीन प्रभारी चीफ इंजीनियर जीपी वर्मा, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी रवि शुक्ला और तत्कालीन उपयंत्री उमाशंकर मिश्रा के बारे में साफ किया गया है कि उनकी पदस्थापना के साथ-साथ विभागीय जांच चलेगी। जबकि डिजाइन विंग से जुड़े प्रभारी चीफ इंजीनियर संजय खांडे, प्रभारी ईई शबाना रज्जाक और सहायक यंत्री शानुल सक्सेना की कोई विभागीय जांच नहीं होगी। दिलचस्प है कि पूर्व में जारी आरोप-पत्र में विभागीय जांच के आदेश सिर्फ एक इंजीनियर (तत्कालीन प्रभारी ईई जावेद शकील) के लिए जारी हुए थे। यह आदेश भी उनके सेवानिवृत्ति के दिन 31 मार्च 2026 को हुआ था।

इन आरोपों के आधार पर किया गया था निलंबित

विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रभारी ईई शबाना रज्जाक, प्रभारी कार्यपालन यंत्री और सहायक शानुल सक्सेना ने रेलवे से बगैर सहमति के जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग का अनुमोदन किया था। इस मामले में प्रभारी मुख्य अभियंता संजय खांडे ने भी गलत डिजाइन का अनुमोदन किया था। इस आधार पर मामले में कार्रवाई की गई है। जबकि उप यंत्री उमाशंकर मिश्रा ने बिना रेलवे की सहमति के ड्राइंग का अनुमोदन का काम कराया। सहायक यंत्रर रवि शुक्ला की गलती भी पाई गई। जबकि तत्कालीन प्रभारी मुख्य अभियंता जीपी वर्मा ने आरओबी के निर्माण में गलत तरीके से निर्माण की अनुमति दी। नियमानुसार तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री जावेद शकील (रिटायर) की भी बड़ी लापरवाही पाई गई। इसीतरह उस समय के प्रभारी अधीक्षण यंत्री एमपी सिंह (रिटायर) ने भी डिजाइन का अनुमोदन किया था।

विभागीय जांच में इंजीनियरों की लापरवाही को किया गया नजरअंदाज

सूत्रों ने बताया कि बहाली आदेश में विभागीय जांच तय करने में इंजीनियरों की लापरवाही को नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि जिन इंजीनियरों की गलती की वजह से करोड़ों रुपए की क्षति शासन को हुए, इस मामले में सब कुछ नजरअंदाज कर दिया गया। कमजोर जांच टीप व बहाली आदेश की खामी की वजह से अब यह इंजीनियर आने वाले कुछ समय अपने आप बरी हो जाएंगे।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ से पकड़ाया आरोपी

नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

मदुर्ग में वैशाली नगर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से पकड़ा गया है। उसने रायपुर एम्स में स्टाफ नर्स की नौकरी का झांसा दिया था।

पीड़ित मुकेश कोसरे ने 13 जनवरी 2026 को वैशाली नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसके कॉलेज मित्र अभिषेक जयसवाल ने बड़े अधिकारियों से पहचान का दावा कर रायपुर अककटर में स्टाफ नर्स की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इसके एवज में उसने रकम की मांग की थी। मुकेश ने सितंबर 2021 से अक्टूबर 2022 के बीच 14 लाख 50 हजार रुपये अभिषेक के खाते में ट्रांसफर किए। लंबे समय तक जॉइनिंग लेटर और पैसे लौटाने का आश्वासन मिलता रहा, लेकिन बाद में आरोपी फरार हो गया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। वैशाली नगर थाना पुलिस और साइबर सेल ने तकनीकी विश्लेषण किया। जांच के दौरान आरोपी की लोकेशन लखनऊ में मिली। पुलिस दल ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर भिलाई लाया।

मिसाइल परीक्षण पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च तकनीक से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण और इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए डीआरडीओ इंडिया एवं 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' को तैयार करने वाले वैज्ञानिकों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा कवच और अधिक सशक्त हो रहा है। भारत रक्षा क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से उन्नत अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिद्ध हुआ है।

टैक्सटाइल यूनिट से नहीं हटाई मशीनें आवाजाही पर रोक

भोपाल। गोविंदपुरा में नगर निगम के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन परिसर में टैक्सटाइल रिसाइकिल यूनिट में आग लगने की घटना के 14 दिन बाद भी न तो वेंडर ने मशीनें हटाईं न जगह खाली की। परिसर में अब भी टनों टैक्सटाइल वेस्ट का ढेर लगा है। परिसर के पीछे जले 150 टन टैक्सटाइल वेस्ट को भी नहीं हटाया गया है। जबकि टैक्सटाइल यूनिट तक आवाजाही पर ट्रांसफर स्टेशन प्रबंधन ने रोक लगा दी है।

इंदौर में लोक संस्कृति मंच की ओर से आयोजित मालवा उत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

मालवा उत्सव केवल एक मेला नहीं, मेल-मिलाप आत्मीयता और सांस्कृतिक एकता का उत्तम मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मालवा उत्सव केवल एक मेला नहीं, बल्कि मेल-मिलाप, आत्मीयता और सांस्कृतिक एकता का मंच है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आयोजित होने वाला यह उत्सव आज अपनी रजत जयंती मना रहा है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न राज्यों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से देश की सांस्कृतिक विविधता को एकता के सूत्र में पिरो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को इंदौर में लोक संस्कृति मंच की ओर से आयोजित मालवा उत्सव कार्यक्रम को संबोधित किए। उन्होंने मालवा उत्सव के उत्साहपूर्ण माहौल का उल्लेख करते हुए कहा कि भांगड़ा, गरबा और अन्य लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने ऐसा वातावरण बना दिया मानो स्वर्ग धरती पर उतर आया हो। रजत जयंती वर्ष में आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों से आए कलाकारों ने लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

खास बातें

- हर साल होने वाला यह मेला मना रहा अपनी रजत जयंती
- सांस्कृतिक विविधता को एकता के सूत्र में पिरो रहे कलाकार

सीएम ने इंदौर के मालवा उत्सव में लोगों को संबोधित किया।

देवगढ़-रत्नागिरी के आमों से महका इंदौर बाजार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार परिसर में मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित तीन दिवसीय "मैंगो जत्रा" में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और आम उत्पादक किसानों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने आमों की विशेषताओं के बारे में जाना।

24 आम उत्पादक किसानों को 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 24 आम उत्पादक किसानों को 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। किसानों ने बताया कि वे पिछले लगभग 15 वर्षों से मैंगो जत्रा में आम लेकर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। इससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिलता है और ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और ताजे उत्पाद उपलब्ध होते हैं।

आयोजन से छोटे दुकानदारों को मिलता है मार्केट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मालवा उत्सव जैसे आयोजन छोटे कलाकारों, हस्तशिल्पियों, दुकानदारों, ठेले एवं झूला संचालकों सहित अनेक लोगों के रोजगार और अर्थतंत्र को भी मजबूती देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों आयोजनों /"मालवा उत्सव और मैंगो जत्रा/" को सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक समन्वय का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने लोक संस्कृति मंच के रजत जयंती वर्ष के आयोजन की सराहना करते हुए संस्था को 5 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की।

लोक नर्तकों ने पारंपरिक नृत्य कर किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम स्थल पर लोक नृत्य दलों की ओर से पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गरबा, भांगड़ा, बधाई सहित विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। उत्सव में विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प, कलाकृतियों एवं मालवा सहित अन्य क्षेत्रों के लजीज व्यंजनों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र हैं।

चिरमिरी में खत्म होगी बिजली की दिक्कत

मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चिरमिरी में बिजली समस्या अब खत्म होने जा रही है। आजादी के बाद से एसईसीएल क्षेत्र के आसपास रहने वाले हजारों परिवार अब तक सरकारी बिजली सुविधा से वंचित थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत शहर के सभी वार्डों तक सरकारी बिजली पहुंचाने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य शासन ने इस परियोजना के लिए 53.08 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। पुराने बजट की शेष राशि को जोड़कर कुल 53.57 करोड़ रुपये से वर्ष 2026-27 में विद्युत अधोसंरचना विकास कार्य शुरू किया जाएगा। योजना के तहत छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का नेटवर्क चिरमिरी के सभी वार्डों तक विस्तार किया जाएगा।

चिरमिरी के लोगों के लिए एतिहासिक कदम

सीएम ने दिसंबर 2024 में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर दौरे के दौरान नगर निगम चिरमिरी में सरकारी बिजली आपूर्ति शुरू करने की घोषणा की थी। अब शासन द्वारा बजट मंजूर होने के बाद यह योजना जमीन पर उतरती दिखाई दे रही है। स्वास्थ्य मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने इसे चिरमिरी के लोगों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। यह सिर्फ बिजली परियोजना नहीं बल्कि क्षेत्र के लोगों के वर्षों पुराने अधिकार और सपने को पूरा करने की दिशा में बड़ा फैसला है। परियोजना से डोमनहिल, कोरिया कॉलरी और पोड़ी जैसे दूरस्थ इलाकों में भी सरकारी बिजली पहुंचाई जाएगी।

लसूड़िया में लगा स्वास्थ्य शिविर

'प्रोजेक्ट निरामय': हजारों बुजुर्गों की आंखों में लौटी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

देवास भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड (डीबीसीएल) ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता के तहत सीहोर बाईपास स्थित लसूडिया परिहार पंचायत में एक विशेष स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। अपोलो फाउंडेशन की टीम द्वारा संचालित "प्रोजेक्ट निरामय" के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय बुजुर्गों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की गईं।

यहां सैकड़ों बुजुर्गों की आंखों की जांच की गई और जरूरतमंदों को तत्काल निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, शुगर और अन्य वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों का गहन परीक्षण

किया गया। वहीं परीक्षण के उपरांत बुजुर्गों को विशेषज्ञों की सलाह पर आवश्यक दवाइयां मुफ्त उपलब्ध कराई गईं।

प्रशासनिक सराहना और सामुदायिक प्रभाव

लसूडिया पंचायत के सरपंच रवींद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ संस्थाओं के प्रति जन-विश्वास को भी मजबूत करते हैं।

वीडियो कांफ्रेंस के जरिए परिजनों से कर सकेंगी संवाद

महिला बंदियों को प्रिजन इनमेट वीडियो कॉलिंग सिस्टम का बहुप्रतीक्षित तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- अधिवक्ताओं से सीधे कर सकेंगी वीडियो कॉल

मदर्स डे के अवसर पर रायपुर की महिला जेल में बंदियों के लिए खुशियों की एक नई किरण जगी है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की घोषणा के अनुरूप, जेल प्रशासन ने महिला बंदियों को प्रिजन इनमेट वीडियो कॉलिंग सिस्टम का बहुप्रतीक्षित तोहफा दिया है।

वीडियो कॉलिंग की सुविधा से जेल विभाग और बीएसएनएल के बीच हुए अनुबंध के तहत इस सिस्टम को स्थापित किया गया है। अब महिला बंदी अपने परिजनों और अधिवक्ताओं से सीधे वीडियो कॉल के जरिए संवाद कर सकेंगी, जिससे उनके मानसिक संबल और



कानूनी विमर्श में मदद मिलेगी। निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत कौशल विकास का प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली 38 महिला बंदिनियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह उनके पुनर्वास और भविष्य में स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है। जेल में अपनी माताओं के साथ रह रहे 14 मासूम बच्चों को विभाग की ओर से विशेष उपहार वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई और जेल परिसर का माहौल उत्सवमय हो गया।

दुर्ग के सुपेला थाना क्षेत्र के राधिका नगर की घटना

लोको पायलट के सूने मकान से लाखों के जेवर-नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सुपेला थाना क्षेत्र के राधिका नगर में एक लोको पायलट के घर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवर और नगदी चोरी कर ली। लोको पायलट त्रिलोकी नाथ के घर यह वारदात तब हुई जब वे परिवार सहित एक शादी समारोह में गए हुए थे।

पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। देर रात घर लौटने पर लोको पायलट और उनके परिवार को चोरी का पता चला। उन्होंने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। सुपेला और एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंची और विवेचना में जुट गई। पुलिस डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक एक्सपर्ट भी जांच के लिए पहुंचे। लोको पायलट ने बताया कि उनके शादी के

समय के सोने और चांदी के जेवर के साथ एक लाख रुपये नगद चोरी हुए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि चोर घर के पीछे के रास्ते से घुसे थे। उन्होंने घर का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम तेतला के पास की घटना

तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह घटना पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम तेतला के पास हुई है।

चंद्रपुर की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 13 एलए 1157 के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाया। उसने ग्राम तेतला के पास सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की शिनाख्त महेश निषाद और सोनू माली के तौर पर की गई है। इस दुखद घटना के बाद मौके पर

लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को इस दुर्घटना की जानकारी दी। दो युवकों की मौत की खबर मिलते ही पुसौर पुलिस दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस इस मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई कर रही है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में हुआ आयोजन

हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने विधि-विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने हरिनाम संकीर्तन की परंपरा को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते

हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने के साथ-साथ समाज में भाईचारे और सद्भाव का संदेश भी देते हैं। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

'हाशिए से नेतृत्व तक' थीम पर आधारित अभियान में किया महिलाओं से संवाद

यह महिलाओं के सम्मान, नेतृत्व और राजनीतिक भागीदारी का अभियान: पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत आयोजित 'हाशिए से नेतृत्व तकः महिला नेतृत्व एवं राजनीतिक भागीदारी अभियान' कार्यक्रम में शामिल होकर अल्पसंख्यकों के सभी वर्ग की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संगठनात्मक अभियान नहीं, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में स्थापित करने का सामाजिक एवं राजनीतिक संकल्प है। कांग्रेस समाज के हर वर्ग की महिलाओं को सम्मान, अवसर और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पटवारी ने कहा कि 'हाशिए से नेतृत्व तक' थीम पर आधारित यह अभियान प्रदेशभर में महिलाओं को राजनीति, सामाजिक नेतृत्व एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। प्रदेश स्तर पर तैयार किया गया महिला नेतृत्व समूह गांव-गांव और शहर-शहर जाकर महिलाओं को कांग्रेस की विचारधारा, संवैधानिक मूल्यों और जनसरोकारों से जोड़ने का कार्य करेगा।

हर वर्ग की महिलाओं को सम्मान, अवसर में भागीदारी दिलाने के लिए प्रतिबद्ध

'मेरी भागीदारी, मेरा नेतृत्व' केवल एक नारा नहीं

पटवारी ने कहा कि लोकतंत्र तब मजबूत होता है जब महिलाओं की आवाज नीति और निर्णय प्रक्रिया तक पहुंचे। कांग्रेस पार्टी चाहती है कि अल्पसंख्यक समाज की महिलाएं केवल सहभागी न रहें, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए समाज और प्रदेश के भविष्य निर्माण में अपनी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 'मेरी भागीदारी, मेरा नेतृत्व' केवल एक नारा नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, अधिकार और राजनीतिक सशक्तिकरण का अभियान है। कांग्रेस पार्टी महिलाओं को सामाजिक न्याय, समान अवसर और नेतृत्व के हर मंच पर आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

आगामी कार्य योजना को लेकर की विस्तृत चर्चा

कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदाय की महिला शक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बौद्ध, सिख, ईसाई, जैन एवं मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व निर्माण, राजनीतिक भागीदारी एवं सामाजिक चुनौतियों पर गंभीरतापूर्वक चिंतन किया तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्पष्ट किया गया कि यह अल्पसंख्यक समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को नेतृत्व और संगठन की मुख्यधारा से जोड़ने का व्यापक अभियान है। इस पहल का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक पहुंचना है, जिनकी भागीदारी अब तक सीमित रही है, ताकि उन्हें राजनीतिक एवं सामाजिक नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

19 किलो कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि के खिलाफ आप का विरोध प्रदर्शन

जबलपुर। आम आदमी पार्टी जबलपुर द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 993 की भारी वृद्धि को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन भारत माता चौक, जबलपुर में जिला कमेटी द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी और छोटे व्यापारी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। गैस सिलेंडर की कीमतों में इतनी बड़ी वृद्धि से होटल, ढाबा, रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों पर सीधा असर पड़ेगा, जिसका बोझ अंततः आम जनता पर ही डाला जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे ने कहा कि केंद्र सरकार आम जनता की परेशानियों को नजरअंदाज कर रही है और महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है। चाय, चौपाटी वालों के व्यापार बंद होते जा रहे हैं, आम आदमी पार्टी इस अन्याय के खिलाफ सड़कों पर उतरकर जनता की आवाज उठाती रहेगी।कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे, प्रदेश सचिव पंकज पाठक, जिला अध्यक्ष रितेश सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंद्रमणि वर्मा, धर्मदास, सोनू भट्टाचार्य, बलराज सिंह, चंद्रभान विश्वकर्मा, वसीम खान, कैलाश आठनेर, पंचम झा, प्रवीण परसाई, अभिलाषा जैन, आरती ठाकुर, माया, भूपेंद्र दुबे, विनोद कैथल, आदेश दुबे, देवी सिंह, संजय पटेल, प्रफुल्ल सक्सेना, अमरेश पटेल, रत्नेश करसा, हरप्रीत सिंह, घनश्याम चक्रवर्ती, नवल सोनकर, राजेश प्रजापति, राजेश अहिरवार, मनोज सैनी, अनंत तिवारी, पंकज जैन, महेश शर्मा, मदन शर्मा, गेंदा लाल चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मांग की कि गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बढ़ोत्तरी को तत्काल वापस लिया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

म.प्र. अमेच्योर बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव डॉ. राकेश तिवारी सम्मानित

जबलपुर। विगत दिवस रत्नागिरी (महाराष्ट्र) में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय फिटनेस एवं बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा में मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के महासचिव एवं राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. राकेश तिवारी को स्पर्धा में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आमंत्रित कर महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री उदय सामंत एवं पूर्व मिस्टर यूनिवर्स सुहास खामकर के द्वारा शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. राकेश तिवारी को वर्ष 2017 में राष्ट्रपति जीवन रक्षक पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। इनकी उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के अध्यक्ष सुमित कालिया, सौरभ नाटी शर्मा, बीके पाठक, अशोक कपूर, जीएस चौहान, अरविंद डहाके, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, एड. सम्पूर्ण तिवारी, शकील अनवर, सपन रॉय, डॉ. प्रशांत मिश्रा, अवधेश यादव, इंद्रपाल सिंह गोगी, लखन नायक, मुईन सिद्दीकी, सचिन यादव, राजेश राठौर, लारेंस मार्टिन, दीनू स्वामी, आनंद तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

फर्जी एग्रीमेंट ठगी के आरोपों पर बढ़ा विवाद, एसपी को ज्ञापन सौंपा

जबलपुर। गढ़ा वार्ड के पार्षद मनीष पटेल ने एक जमीन विवाद को लेकर उठे आरोपों पर आज पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा और न्याय की गुहार लगाई। मनीष पटेल ने अपनी सफाई देते मामले को पूरी तरह झूठा और निराधार बताया। उन्होंने कहा कि संबंधित जमीन उन्होंने विधिवत तरीके से वास्तविक भूमि स्वामी से खरीदी है और भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया, साथ ही रजिस्ट्री भी कानूनी प्रक्रिया के तहत हुई है। मनीष पटेल ने संजय पटेल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा दिखाया जा रहा एग्रीमेंट फर्जी है, जिसमें न किसान के हस्ताक्षर हैं और न ही कोई वास्तविक लेन-देन हुआ है, उन्होंने यह भी दावा किया कि संजय पटेल ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए कई लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की है और अब पैसे लौटाने में असमर्थ होने पर दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने ब्लैकमेलिंग और नाटक कर मामले को भटकाने की कोशिश का भी आरोप लगाया, मनीष पटेल ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है और उनकी छवि खराब करने के लिए यह सब किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है और उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है कि सच्चाई सामने आएगी, और मुझे न्याय मिलेगा।

मातृत्व दिवस का महत्व बताकर जीवन संघर्षों को साझा किया

जबलपुर। अन्तरराष्ट्रीय मदर्स-डे मातृ दिवस पर संस्कारधानी के युवती एवं युवाओं को प्रेरणादायक संदेश दिया गया। आज के इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभावान महिलाओं को शामिल किया गया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में बेमिसाल काम किया है।आज वर्ल्ड इंटरनेशनल मदर्स डे के उपलक्ष्य में डॉक्टर अमित जयकुमार जैन (कोट वाले) सीनियर ऑर्थोपेडिक एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, डायरेक्टर बोन एंड जॉइंट वैलनेस क्लिनिक इनके माध्यम से मातृत्व-दिवस बोन एंड जॉइंट वेलनेस क्लिनिक में मनाया गया, जो कि गोलबाजार में ओमेगा चिल्ड्रन्स अस्पताल के बगल में स्थित है, जहां पर पोस्ट ज्वाइंट रिप्लेसमेंट पेशेंट जिन्होंने सर्जरी के बाद भी नए-नए कीर्तिमान हासिल किये सर्जरी के बाद भी सभी अपने कार्य को बखूबी कर रहे हैं और समाज को प्रेरणा दे रहे हैं।

डॉक्टर अमित जय कुमार जैन (कोट वाले) ने समय-समय पर अपने सभी मरीजों के उत्साह और जागरूक करने के लिए उनकी प्रेरणा के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया और हम अपने घर में माताओं की ज्वाइन्ट हेल्थ के लिए जागरूक करते हुए जानकारी दी एवं बचाव के बारे में बताया।

आज के कार्यक्रम में शामिल सुनीता भंडारी, नीरजा वाजपेई, डॉक्टर हरजीत कौर बंशल, मधु सुरजन, मधु ग्रोवर, डॉ. रजनी गुप्ता, लीना कुमार, रिचा खटवानी चोपड़ा, डॉक्टर फलक तकी रजा, डॉक्टर अपर्णा परांजपे, डॉक्टर अमित जय कुमार जैन (कोट वाले) एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने मातृत्व दिवस का महत्व बताया एवं उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों को साझा किया जिससे आज की हमारी युवा पीढ़ी प्रेरित हो सके और नए आयाम को प्राप्त कर सके, शहर को और अधिक चिकित्सा के क्षेत्र में कैसे मजबूती प्रदान की जा सकती है एवं शहर को कैसे अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ाया जा सकता है, उस पर भी विचार विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग डेढ़ सौ लोगों ने अन्तरराष्ट्रीय मदर्स डे में भाग लिया और अपने जीवन में चुनौतियों से कैसे आगे बढ़कर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है उस पर अपने विचार को साझा किये।

कचहरी वाले बाबा का उर्स शुरू

जबलपुर। हाई कोर्ट के समीप स्थित हजरत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह दरगाह (कचहरी वाले बाबा) में पाँच दिवसीय उर्स मुबारक का शानदार आगाज़ शनिवार रात महफ़िल-ए-मिलाद के साथ हुआ। उर्स के पहले दिन बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह पहुंचकर फातिहा व दुआ में शिरकत की।महफ़िल-ए-मिलाद में नातख्वां हजरात ने नात-ए-पाक पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया, जबकि मौलाना सैयद हुसैन रब्बानी ने अपने इल्मी बयान से लोगों को दीन व इंसानियत का पैगाम दिया। इस दौरान दरगाह परिसर नाराए तकबीर और नाराए रिसालत के नारों से गूंज उठा। महफ़िल के समापन पर सलातो सलाम पेश किया गया तथा मुल्क में अमन, शांति और भाईचारे के लिए खास दुआएं की गईं। उर्स के अवसर पर दरगाह को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। दूर-दराज़ से अकीदतमंदों का आना लगातार जारी है, जिससे दरगाह परिसर में रौनक बढ़ गई है।

विद्यार्थी अपनी रुचि अनुसार विषयों का चयन कर, अपने कॅरियर को दिशा प्रदान करें : प्रो. अरुण शुक्ल

'कॉलेज चलो अभियान' सत्र 2026-27 द्वितीय चरण

कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा

जबलपुर। "कॉलेज चलो अभियान" द्वितीय चरण सत्र 2026-27 के अंतर्गत जबलपुर जिले के सिविल लाईन क्षेत्र में आज 12वीं पास विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रो. अरुण शुक्ल, नोडल अधिकारी, 'कॉलेज चलो अभियान' द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर की विभिन्न शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्तियों, बस सुविधा एवं वोकेशनल कोर्स, आनलाइन ई-प्रवेश प्रकिया की जानकारी प्रदान की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय विद्यार्थी अपनी रुचि अनुसार विषयों का चयन कर, अपने कॅरियर को दिशा प्रदान करें।

प्रो. शुक्ल ने बताया कि 'कॉलेज चलो अभियान' के अंतर्गत विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है, लगातार अपने आस-पास के क्षेत्रों में पहुंचकर कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, कॅरियर अवसरों एवं प्रवेश प्रकिया संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है। महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश सहायता केन्द्र एवं काउंसलिंग समिति द्वारा लगातार प्रवेश संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्र भवदिया उपस्थित रहे।

राधावल्लभ शारदा राज्य श्रम सलाहकार परिषद के सदस्य

जबलपुर। वरिष्ठ पत्रकार राधावल्लभ शारदा को मध्य प्रदेश शासन द्वारा राज्य श्रम सलाहकार परिषद का सदस्य मनोनीत किए जाने से पत्रकार जगत में उत्साह का माहौल है, पदभार संभालते ही शारदा ने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता श्रमिकों के साथ-साथ पत्रकारों के हितों की मजबूती से पैरवी करना होगी, उन्होंने कहा कि नए श्रम कानूनों में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को शामिल किए जाने के बाद अब फोटोग्राफर्स और कैमरा ऑपरेटरों को भी नियुक्ति पत्र, पी.एफ. ई.एस.आई. वेतन और ओवरटाइम जैसी सुविधाएं दिलाना जरूरी है, जिसे वे सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे, शारदा ने इसे बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए भरोसा दिलाया कि वे परिषद के अध्यक्ष और शासन से चर्चा कर पत्रकारों की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए भी ठोस पहल करेंगे।

कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए है पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत भाजपा जबलपुर ग्रामीण का दो दिवसीय वर्ग प्रारम्भ

जबलपुर। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत भाजपा जबलपुर जिला ग्रामीण का दो दिवसीय वर्ग का प्रारम्भ कृष्णनम रिसोर्ट पाटन बायपास के समीप किया गया। वर्ग के प्रथम दिवस 7 सत्र आयोजित किये गए जिसमे विषय वक्ताओं ने ग्रामीण जिले के अपेक्षित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत हर स्तर पर वर्ग आयोजित किये जा रहे हैं। मप्र के सभी मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न होने के पश्चात जिलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किये जा रहे हैं जिसमे जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्यों के साथ ही अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्त्ता शामिल हो रहे हैं, इसी तारतम्य में भाजपा जिला ग्रामीण का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया।

वर्ग को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं की विचारशीलता, क्षमता और समर्पण से ही मजबूत होता है। एक सशक्त कार्यकर्ता ही पार्टी संगठन को सशक्त बनाने का मूल आधार है। संगठन कार्यकर्ताओं के व्यक्तिव निर्माण के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करता है। पार्टी कार्यकर्ता प्रशिक्षण से खुद को निखारने और संगठन के कार्यों के साथ सरकार के कार्यों से जनता को अवगत कराएं।

वक्ताओं ने कहा यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को न केवल पार्टी की विचारधारा से अवगत कराएगा, बल्कि उन्हें संगठन के कार्यों और नीतियों के प्रति भी और अधिक जागरूक बनाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्षम और योग्य बनाना हमारे प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्गों से कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता को भी उभारने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी के संगठनात्मक लक्ष्यों को प्रभावी तरीके से लागू कर सकें। प्रशिक्षण से कार्यकर्ता न केवल संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे, बल्कि वे जनता के बीच भाजपा के दृष्टिकोण और कार्यों को फैलाने में भी सक्षम होंगे।

ग्रामीण जिले के प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस पार्टी द्वारा तय विषयों पर सत्र आयोजित किये गए।

उद्घाटन सत्र में भारतमाता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, श्रीमती मनीषा सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, पूर्व विधायक नंदनी मरावी ने दीप प्रज्जवलन किया। वर्ग का शुभारम्भ वन्दे मातरम गायन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र के उपरांत अतिथियों ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वर्ग की प्रस्तवाना ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने रखी।

प्रथम दिवस के सत्रों को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, तीर्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, मप्र अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष कैलाश जाटव, पूर्व सांसद नीता पटेरिया, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व महापौर कटनी शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष सिवनी सुश्री मौसम बिसेन ने सम्बोधित किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर

आम इश्तहार

रा.प्र.क्र.0272/अ-6/2026-27

आवेदक सोनम विश्वकर्मा पिता स्व. रामचरण विश्वकर्मा निवासी वार्ड नं. 55 खेरमाई वार्ड जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क./ दानपत्र कमांक / वसीयत क./ फौत दि.16/12/25 के माध्यम से मौजा नजूल ब्लाक 35 स्थित भूमि खसरा नं. / प्लाट नं. / 218/2 रकवा 697 वर्गफुट पर वसीयतकर्ता /फौतकर्ता रामचरण विश्वकर्मा / पिता स्व. चोखे वाल विश्वकर्मा बैं. से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विकयपत्र / दानपत्र / एवं फार्म पी - ।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि पर वर्तमान, खसरे में भूमि स्वामी के रूप में रामचरण विश्वकर्मा पिता चोखे लाल विश्वकर्मा / निवासी 661/2 खेरमाई जबलपुर का नाम दर्ज है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 20.05.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 05/05/26 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक 5/5/26
पेषी दिनांक 20/5/26

नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर